e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 176

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
29.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
मनुष्य को हमेशा यह नही सोचना चाहिए की वो अपने जीवन में कितना खुश है, बल्कि यह सोचना चाहिये की उस मनुष्य की वजह से दूसरे कितने खुश हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### हाथी ने ली वृद्ध की जान

**लातेहार:** जिले के विभिन्न प्रखंडों में जंगली हाथियों का आतंक इन दिनों चरम पर है. बुधवार की अहले सुबह जंगली हाथियों के झुंड ने चंदवा थाना क्षेत्र के डुमारो पंचायत अंतर्गत मोची टोला में हमला कर 4 ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर दिया. वहीं एक वृद्ध की जान भी ले ली. घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है.

### चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग जुलाई के दूसरे हफ्ते में

**नयी दिल्ली:** इसरो प्रमुख ने कहा कि लॉन्चिंग 12 से 19 जुलाई की बीच की जाएगी. सारी टेस्टिंग हो चुकी है. पेलोड्स लगा दिए गए हैं. लॉन्चिंग की असली डेट कुछ दिन में घोषित होगी. इससे पहले भी इसरो प्रमुख ने इस बात की जानकारी दी थी कि पिछली बार विक्रम लैंडर के साथ जो हुआ था. वो इस बार नहीं होगा. क्योंकि इस बार चंद्रयान-3 के लैंडर की लैंडिंग तकनीक में बदलाव किया गया है. यानी चंद्रयान-2 वाली गलतियां इस बार नहीं होंगी. चंद्रयान-3 की लैंडिंग तकनीक को नए तरीके से बनाया गया है.

### ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों ओर विदेश में बसे हुए भारतीयों, विशेषकर हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-जुहा प्रेम, त्याग और बलिदान का पवित्र त्योहार है। यह त्योहार हमें त्याग के मार्ग पर चलने और निस्वार्थ सेवा भाव से मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है।राष्ट्रपति ने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस अवसर पर हम सब समाज में आपसी भाईचारे और परस्पर सौहार्द्र को बढ़ाने की दिशा में काम करने का संकल्प लें।



**आईटीआई कौशल कॉलेज-नर्सिंग व कल्याण गुरुकुल के 500 विद्यार्थियों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र**

# रांची में खुलेगा कौशल विकास कॉलेज : हेमंत

### मुख्यमंत्री ने कहा

* राज्य के युवाओं को स्किल्ड करने पर सरकार का विशेष जोर
* एक बेहतर टीम से बेहतर राज्य बनाने का पूरा कर रहे संकल्प
* युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में लगातार बढ़ रहे कदम
* जब युवा आगे बढ़ेंगे तो राज्य भी आगे बढ़ेगा
* सभी के सहयोग से सशक्त और विकसित झारखंड बनाएंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आज तकनीक का जमाना है। कल-कारखानों से लेकर आम जनजीवन में मशीनें जगह लेती जा रही है। ऐसे में आपका स्किल्ड होना हर हाल में जरूरी है। ऐसे में राज्य के युवाओं को स्किल्ड करने पर सरकार का विशेष जोर है। इसी कड़ी में राजधानी रांची में लगभग 300 करोड रुपए की लागत से कौशल विकास कॉलेज खोला जाएगा। यहां अलग-अलग युवक-युवतियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित आईटीआई कौशल विकास कॉलेज-नर्सिंग एवं कल्याण गुरुकुल के लगभग 500 विद्यार्थियों को विभिन्न संस्थाओं के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है। ऐसे में गरीबी और पिछड़ेपन से राज्य को कैसे निकालें, इस दिशा में तेजी के साथ कार्य कर रहे हैं।

### आप चलेंगे तो राज्य की अर्थव्यवस्था का पहिया घूमेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर आमदनी और बेहतर भविष्य के लिए युवाओं का पलायन होता है तो इसमें कोई बुराई नहीं है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जब युवा आगे बढ़ेंगे । अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संपादित करेंगे तो निश्चित तौर पर राज्य की अर्थव्यवस्था का पहिया भी घूमेगा। सभी के सहयोग से सशक्त और विकसित झारखंड बनाएंगे।



**सरकार ने जो योजनाएं बनाई, उसके मिल रहे हैं बेहतर परिणामः** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती विशेषकर आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा और बुजुर्गों के लिए सरकार ने जो योजनाएं बनाई है, उसके बेहतर और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं । इसमें जिन सहयोगियों को सरकार के साथ जोड़ा, उन्होंने भी पूरा सहयोग किया है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के मंत्री चम्पाई सोरेन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल,मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा, रांची जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल और प्रेझा फाउंडेशन के सीईओ कल्याण चक्रवर्ती मौजूद थे।

### मेडिकल सर्किट करेंगे तैयार,कई कड़ियाँ जुड़ेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में पंचायत स्तर पर शिक्षित ग्रामीण युवाओं को दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस दिया जा रहा है। इस व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए हम मेडिकल सर्किट बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं । इसके तहत चिकित्सकों के साथ दवा दुकान संचालक ऑनलाइन जुड़े रहेंगे ताकि इमरजेंसी में विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेकर वे दवा मरीजों को दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तो शुरुआत है। आने वाले दिनों में पंचायत स्तरीय दवा दुकानों में जाँच घर और एंबुलेंस सेवा आदि की भी कड़िया जुड़ेंगी।

**रथयात्रा के दौरान हाई टेंशन लाइन से टकराया रथ**

# करंट लगने से 6 लोगों की मौत, 15 नाजुक



एजेंसी

**अगरतला :** त्रिपुरा के कुमारघाट में जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा निकाली जा रही थी. रास्ते में रथ बिजली की हाई टेंशन तार से जा टकराया. इसके कारण उसमें करंट फैल गया. इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई.15 लोग घायल हुए हैं. घटना के कारण इलाके में अफरा-तफरी मच गई.

घायलों को कुमारघाट के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह दिल दहला देने वाली घटना उनाकोटी जिले के कुमारघाट में बुधवार की शाम हुई. यहां पर भगवान जगन्नाथ के उल्टा रथ यात्रा उत्सव मनाया जा रहा था. जिसमें भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भी निकाली जा रही थी. लोहे से बने विशाल रथ को हजारों लोग अपने हाथों से खींच रहे थे. इसी दौरान लोहे का रथ रास्ते से निकले बिजली के हाई टेंशन तारों से जा टकराया. रथ में तेज करंट फैल गया और दो दर्जन के करीब लोग करंट की चपेट में आ गए.

करंट के कारण 6 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग झुलस गए है.हादसे को लेकर सहायक महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था ज्योतिषमान दास चौधरी का कहना है कि 6 की मौत हुई है और 15 घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कई लोगों की हालत नाजुक है. इस हादसे त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा पीड़ति परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है.

साथ ही कहा है कि वे घायलों के लिए जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं.

यह भी कहा है कि राज्य सरकार इस कठिन समय में पीड़ितों के साथ खड़ी है.

## भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर हमला, भर्ती



एजेंसी

**सहारनपुर :** सहारनपुर के देवबंद पहुंचे भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर अज्ञातों ने फायरिंग की. इस जानलेवा हमले में चंद्रशेखर घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए देवबंद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. चंद्रशेखर अपनी फॉर्चूनर कार से देवबंद दौरे पर पहुंचे थे. तभी अचानकर उनकी गाड़ी पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर दी.जिससे वह घायल हो गए.सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई.बताया गया है कि हमलावर हरियाणा नंबर की कार में आए थे और चंद्रशेखर आजाद पर फायरिंग कर दी. चंद्रशेखर की पीठ को गोली छूकर निकली है. उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है. फायरिंग में उनकी कार के शीशे भी टूटे गए. फिलहाल पुलिस ने नाकेबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है. साथ ही आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके. जिस समय ये हमला हुआ तब चंद्रशेखर दिल्ली से अपने घर लौट रहे थे. तभी बीच रास्ते में देवबंद में उनके काफिले पर हमला हो गया. पीछे से आई हरियाणा नंबर की गाड़ी में सवार अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान कुल चार राउंड फायरिंग की गई.

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम प्रणाम योजना को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दे दी गई। पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी के बोझ को कम करने के साथ साथ वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाना देना है। इसके साथ केन्द्र सरकार अगले तीन साल में किसानों के कल्याण के लिए 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि जो राज्य केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग कम करेंगे, उन राज्यों को केन्द्र सरकार की तरफ से सहायता दी जाएगी यानी जो केमिकल फर्टिलाइजर में सब्सिडी में कटौती करेंगे, उसका 50 फीसदी ग्रांट के तौर पर उन्हें वापस कर दिया जाएगा। इसके साथ इस योजना के तहत जैविक खेती और वैकल्पिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि धरती को केमिकल से बचाने के उद्देश्य से बनाई गई योजना के तहत नैनो यूरिया और सल्फर कोटेड यूरिया के भी इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ जैविक खेती के उत्पाद को मार्केटिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा ताकि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके।

# बकरीद आज, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बकरीद पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बरकरार रहे, इसको देखते हुए पुलिस ने शहर के मेन रोड में फ्लैग मार्च किया। मौके पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, सिटी एसपी सुभांशु जैन,एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, डीएसपी कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंए, सिटी डीएसपी दीपक कुमार और शहर के थाना प्रभारियों के साथ फ्लैग मार्च शहिद अल्बर्ट एक्का चौक से इकरा मस्जिद होते हुए कर्बला चौक से होते हुए वापस शहिद अल्बर्ट एक्का चौक तक किया गया। बता दें कि बकरीद पर्व को लेकर उपायुक्त राहुल सिन्हा व एसएसपी किशोर कौशल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए हैं।



प्रशासन ने लोगों से बकरीद को आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील भी की है। सभी धार्मिक स्थलों एवं चौक चौराहों में भी पुलिस फोर्स तैनात किए गए हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस बल की संख्या बढ़ा दी गई है। किसी भी तरह सोशल साईट्स पर विवादित पोस्ट या आपत्तिजनक तस्वीर नहीं डालने एवं अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का मुख्य रूप से अपील की गई है।

इधर डीसी में बकरीद पर्व को लेकर अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है। ताकि जिलें में साम्प्रदायिक सद्भाव और सौहार्द बिगड़ने की संभावना पर पूरी रोक लगाई जा सके। इसके लिए गश्ती दलों की प्रतिनियुक्ति,स्टैटिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, सुरक्षित दंडाधिकारी एवं मस्जिदों की सुरक्षा हेतु बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नमाज वाले जगहों पर प्रतिनियुक्त अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। ताकि बकरीद का पर्व बिना किसी परेशानी से सुगमता से सम्पन्न हो जाए। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि बकरीद पर्व के दौरान पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई की व्यवस्था नगरनिगम द्वारा किया गया है।



# स्वास्थ्य संबंधित मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : रामानंद पाठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड मेदिनीनगर के सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री उपाध्यक्ष श्री रामानंद पाठक ने किया द्य बैठक में ग्रामीण स्तरीय प्रखंड द्वारा संचालित स्वास्थ्य संबंधित कार्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई द्य साथ ही उन्हें सही ढंग से कार्य करने और लापरवाही नहीं बरतने की सख्त चेतावनी दी गई। 20 सूत्री उपाध्यक्ष श्री रामानंद पाठक ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्तियों तक स्वास्थ्य की सुविधा मुहैया करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है और यह प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन उसी महत्वकांक्षी पहल का एक माध्यम है द्य श्री पाठक ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं जैसे- आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी और गैर संचारी रोगों के रोकथाम आदि स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की गई साथ ही इन सभी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने एवं लाभान्वित करने की बात कही द्य उपाध्यक्ष ने किशोरियों में एनीमिया व कुपोषण से बचने के लिए सहियाओं से गांव में जागरुकता फैलाने की अपील की । उन्होंने यह भी कहां कि अभी भी बीमार होने पर ग्रामीण झाड़-फूंक कराते हैं, जिससे ग्रामीणों की जान तक चली जाती है। इसलिए बीमार होने पर ओझा-गुणी के चक्कर में न पड़कर डॉक्टर से इलाज कराएं क्योंकि अब सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं बहाल किया गया है द्य उन्होंने मुख्यमंत्री जननी योजना के तहत गर्भवती महिला एवं शिशु के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षण एवं पोषण में वृधि कर मातृ-मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर कम करने की बात कही साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कारगर, वहन योग्य दायित्तवपूर्ण जन स्वास्थ्य प्रणाली लागू हो द्य अब बरसात का मौसम आरंभ हो चुकी है और वैसे परिस्थिति में सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने-अपने नियुक्त केंद्रों पर समय अनुसार उपस्थित रहकर ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार सेवा को दुरुस्त करें ताकि आने वाले दिनों में इस मौसम में बढ़ती बीमारियां पर काबू पाया जा सके। पाठक ने उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जो भी कर्मी अपने पदस्थापित जगह से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर या कार्य के प्रति लापरवाही पाए जाएंगे तो वैसे स्वास्थ्य कर्मी कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगे द्य बैठक में प्रमुख रूप से 20 सूत्री प्रकाश ठाकुर गरिमा साहनी, जतरु उरांव, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रिद्धि, डॉ0नीतू कुमारी, डॉ0 प्रतिमा कुमारी, ब्लॉक डाटा मैनेजर सुबोध कुमार, ए एन एम देवमणि कुमारी, शोभा कुमारी, रेखा रानी, आरती कुमारी, अनुपमा सिंह, रेनू लता लकड़ा, संतोष कुमार, उज्जवल कुमार, अजय कुमार पांडे, एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौके पर उपस्थित थे।

## नमाज का समय मुकर्रर



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईद उल अजहा का त्योहार गुरुवार को मनाया जायेगा. उक्त आशय की जानकारी देते हुये अंजुमन कमिटी के सदर तौहीद खान ने कहा कि ईद उल अजहा त्याग व बलिदान का त्योहार है। उन्होंने ईद उल अजहा का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील किया। इधर अनुमंडल मुख्यालय के गोसाईबाग स्थित ईदगाह व मैदान की साफ सफाई नवजवान कमिटी द्वारा कराया गया। गोसाईबाग स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे, बरडीहा मस्जिद में 7:45 बजे, कोइन्दी कधवन ईदगाह में 8 बजे, नरही ईदगाह में 7:45 बजे तथा कुशदण्ड ईदगाह में सुबह 8 बजे ईद उल अजहा का नमाज अदा किया जायेगा।

## चेम्बर अध्यक्ष को मातृ शोक

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चेम्बर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर की माँ व मुन्नीलाल कसेरा की धर्म पत्नी मुन्नी देवी (65 वर्ष)का निधन मेडिका हॉस्पिटल रांची में इलाज के दौरान हो गई। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं. बुधवार को उनका दाह संस्कार धमनी स्थित बांकी नदी श्मशान घाट पर किया गया। दाह संस्कार में बड़ी संख्या में व्यवसायी व गण्यमान्य लोग शामिल हुये। मुखाग्नि मुन्नी लाल कसेरा ने दिया। दाह संस्कार में पत्रकार धीरेन्द्र चौबे, राधे रमण चौबे, डॉ निशीथ नीरव, चेम्बर संरक्षक रवि प्रकाश, रामजी कांस्यकर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, उमेश कुमार, सह सचिव रंजन कुमार छोटू, सचिव गोपाल जायसवाल, उदय जायसवाल, मनोज कुमार, अनूप निराला, दिलु चौबे, चन्द्र प्रकाश, विनीत कुमार शरद, संजय कांस्यकर, बिरेन्द्र प्रसाद अग्रेहरी, राहुल जायसवाल, दीपक कमलापुरी, विद्या भास्कर, विनोद कांस्यकर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# पलामू में एक दिवसीय कौशल मेला सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, दी गई जानकारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में पलामू में एकदिवसीय कौशल मेला-सह-सम्मान समारोह का आयोजन मेदिनीनगर शहर के दिनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में किया गया। इस दौरान मेला में उपायुक्त, पलामू, जिला परिषद अध्यक्ष, पलामू, श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी एवं जिला नियोजन पदाधिकारी पलामू सम्मलित हुए। इस दौरान उपायुक्त, श्री आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा की जिलान्तगर्त 18 से 35 आयु वर्ग के युवक-युवतियों का हुनरमंद बनाने हेतु स्किल डवलपमेंट सेंटर संचालित है। कौशल विकास के अंतगर्त जिले के युवक युवतियों को उनकी रुची के ट्रेड में आत्म निभर्र बनाने हेतू जिला अंतर्गत वतर्मान समय में 10 कौशल विकास केन्द्र संचालित है। वतर्मान समय में कौशल प्रशिक्षण बहुत ही आवश्यक है, विभिन्न ट्रेडो में प्रशिक्षण करने पर बहुत सारे इंडस्ट्रीज संस्थानों में रोजगार पाने में प्राथमिकता मिलती है। इन 10 संचालित कौशल सेंटरों में सिलाई मशीन ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशयन, नर्सिग पलम्बर, ओटो मोबाईल, आदि का प्रशिक्षण बिल्कुल मुफ्त एवं आवासीय सुविधा दी जा रही है। उन्होने कहा कि अधिक से अधिक युवक/युवती झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत संचालित कौशल सेंटरों में प्रशिक्षण हेतू निबंधन करायें और प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पाएं। जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमति प्रतिभा कुमारी ने कहा की अधिक से अधिक पलामू जिले के युवक-युवतियां कौशल विकास से जुडे एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बने। हुनरमंद बनकर अपना स्वरोजगार भी करें। श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी श्री एतवारी महतो द्वारा बताया गया कि श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिले में 10 विकास केन्द्र संचालित हैं।

# ग्यारहवीं कक्षा में सरकार की संस्थाओं में एडमिशन नहीं होने से पलामू के छात्र है परेशान : रूचिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पठन-पाठन की चरमराई व्यवस्था के बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी एआईएसएफ के जिला संरक्षक मृत्युंजय तिवारी ने जनता शिवरात्रि महा कॉलेज का निरीक्षण किया जहां पर जिला महासचिव कौशल किशोर विक्की कुमार, एवं अन्य छात्र नेता ने मुलाकात किया और छात्रों के साथ उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें जिला सचिव श्री तिवारी ने जे एस कॉलेज के प्रचार कक्ष में जाकर मुलाकात किया। और यह पाया कि केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के कारण इंटर कॉलेज में बच्चों का एडमिशन का कार्य रुका हुआ है एक तरफ जहां डिग्री कॉलेज में एडमिशन करने से फिलहाल रोक लगा दिया गया जे एस कॉलेज में तो बच्चों को फार्म भी भरने के लिए दे दिया गया लेकिन अभी तक एडमिशन नहीं हुआ है हाई स्कूल को प्लस टू कर दिया गया और यह मौखिक रूप से अभी आदेश आया है कि उसी प्लस टू में ग्यारहवीं के छात्रों का एडमिशन होगा जबकि प्लस टू हाई स्कूल में एक भी शिक्षक की बहाली नहीं हुई है और न हीं पढ़ने के लिए पर्याप्त संसाधन वहां उपलब्ध है ऐसी परिस्थिति में मैट्रिक पास हुए छात्र भी बिना एडमिशन लिए इधर से उधर भटक रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में कुलपति अभिलंब ग्यारहवीं में एडमिशन लेने का डिग्री कॉलेजों को आदेश जारी करें ताकि बच्चों का आसानी से एडमिशन जे एस कॉलेज सहित सभी डिग्री कॉलेजों में हो सके और पठन-पाठन का कार्य सुचारु रुप से चालू हो सके।

## कर्मचारी ने मांगा रिश्वत, डीसी से की शिकायत



**उंटारी रोड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में आये दिन भ्रष्टाचार व घुसखोरी के मामले उजागर होते रहता है। ताजा मामला उंटारी रोड अंचल का का है। गत 27 जून को पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता मोहम्मद सफी एलपीसी बनवाने के लिए जब अंचल कार्यालय गए तो कर्मचारी खिरोधर कुमार द्वारा पैसे का मांग किया गया। उंटारी रोड अंचल में रिश्वतखोरी का यह खेल बिचोलियों के मध्यम से खेला जाता है। कभी कोई भुक्तभोगी खुद रिश्वत के पैसे दे तो मोबाइल बंद करवा कर रिश्वत के पैसे का लेन देन किया जाता है। इस शिकायतों को लेकर सफी ने उपयुक्त पलामू, उप विकास आयुक्त पलामू और पुलिस अधीक्षक पलामू को आवेदन दिया है। इस तरह का शिकायत क्षेत्र में आये दिन होते रहता है। ग्राम डेवडर के ऐसुन बीबी ने भी आरोप लगाया है की रशिद काटने के लिए खिरोधर कुमार द्वारा पांच हजार रुपए का मांग किया गया है। 3 हजार रुपए लेकर और पैसे का मांग किया जा रहा है, इस संबंध में क्रमचारी खिरोधर कुमार से बात करने पर उन्होंने अपना बचाओ करते हुए कहा की मेरे द्वारा पैसा नहीं लिया गया है।

## बकरीद त्योहार को लेकर किया गया शान्ति समिती का बैठक

**मेराल (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवादाता):** मेराल थाना परिसर में बुधवार को बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक क्नष्ठ.ह्र प्रवेश कुमार साह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। शांति समिति कि बैठक में दोनों समुदायों के लोग सहित मुखिया सामाजिक स्तर के लोग तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए मौके पर अंचला अधिकारी नितिका बाला, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी क्नष्ठ.ह्रप्रवेश कुमार साह ने उपस्थित लोगों से त्यौहार शांतिपूर्ण आयोजन में भागीदारी निभाने असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने तथा अप्रिय घटना का संदेह होने पर पुलिस प्रशासन को त्वरित सूचना देने को कहा! प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि प्रखंड में किसी भी त्योहार को दोनों समुदाय के लोग आपस में मिल जुलकर मनाते हैं। किसी भी त्योहार में किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं होता है। बकरीद त्योहार को भी प्रखंडवासी मिल जुलकर मनाएंगे। प्रभारी थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि बकरीद त्योहार पर प्रशासन द्वारा विशेष गश्ती की जाएगी। साथ ही प्रशासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन की जानकारी देते हुए कहा कि त्यौहार के दिन सुबह 6:00 बजे से 9:00 बजे तक ईद उल अजहा की नमाज अदा करें! तथा प्रतिबंधित पशुधर की कुर्बानी नहीं करें। तथा उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने से बचें भड़काऊ पोस्ट करने वालों के ऊपर प्रशासन कड़ी निगाह रखी है वहीं जनप्रतिनिधि तथा सामाजिक स्तर के लोग अपने-अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर निगाह रखें प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि प्रशासन को जानकारी मिलने के तुरंत बाद प्रशासन आपके बीच 20 मिनट के अंदर हाजिर रहेगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख निजामुद्दीन खां, अंचल निरीक्षक कपिल देव मांझी„.श्व देवनाथ गौतम , मेराल दक्षिणी जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी, जेएमएम नेता अतहर अली, मुखिया रामसागर मेहता, अजीज अंसारी, रामप्रताप साह, जगजीवन रवि, अनिल कुमार चौधरी, धर्मराज राम, खालिद अंसारी, राजेंद्र चौधरी, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं मंच का संचालन हसनदाग पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी ने किया।

# सांप के काटने से व्यक्ति की स्थिति गंभीर, रांची रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की मेराल निवासी हरेंद्र सिंह को मंगलवार की रात करीब 1:30 सांप ने काट लिया। इसके वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि हरेंद्र सिंह मंगलवार की रात अपने घर में सोए हुए थे। इस बीच देर रात करीब 1:30 बजे अचानक उनका नींद खुला और वह पेशाब करने के लिए बाहर निकले तभी सांप ने उन्हें काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सांप के काटने के बाद हरेंद्र सिंह चिल्लाने लगे उनकी आवाज को सुनकर घर के सभी सदस्य उठ गए और हरेंद्र से चिल्लाने की वजह पूछा हरेंद्र ने बताया की उसे सांप ने काट लिया है।इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहा से चिकित्सकों ने उसे रांची रेफर कर दिया है।

# ईट भट्ठा में ट्रैक्टर की चपेट में आकर 5 वर्षीय बच्ची की स्थिति गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम हिसरा बरवाडी गांव स्थित ईट भट्ठा में ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक 5 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार हिसरा बरवाडी ईट भट्ठा पर भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मधगढ़ी निवासी पिंटू राम नामक व्यक्ति अपने परिवार के साथ ईट भट्ठा पर रहकर काम कर रहा था। बुधवार की सुबह करीब 10:00 ईट भट्ठा से ट्रैक्टर निकल रहा था इसी बीच बच्ची पिंटू राम की पुत्री आरती कुमारी उम्र 5 वर्ष ट्रैक्टर की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। उसके बाद बच्ची के पिता के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी बच्ची की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद से बच्ची अस्पताल में दर्द से काफी चीख-पुकार कर रही है।वही इस घटना के बाद से बच्ची के पिता पिंटू राम का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है।

# पांकी विधानसभा में हुई भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के बाबा मैरेज हॉल में महा जनसंपर्क अभियान के तहत लाभार्थी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा 9 साल सेवा, सुशासन ,और और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित किया गया। मुख्य अतिथि आदित्य साहू राज्यसभा सांसद प्रदेश महामंत्री को जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पांकी विधानसभा के विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य साहू राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ , गिरिडीह प्रभारी अमित तिवारी, महा जनसंपर्क अभियान के प्रभारी अविनाश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय अरविंद गुप्ता जिला सह मीडिया प्रभारी नवेन्दु मिश्रा, शंकर प्रसाद गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष सिंटू गुप्ता, नीलम देवी, मंडल अध्यक्ष शत्रुघन सिंह, जितेंद्र तिवारी ,लोरिक सिंह, साधू मांझी, विजय ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, अजय प्रसाद गुप्ता, अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक जुलाई से 30 सितंबर तक तीन माह के लिए स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का होगा आयोजन

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा के दिशा निर्देश व प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के मार्गदर्शन में एक जुलाई से 30 सितंबर तक तीन माह स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का आयोजन मध्यस्थता केंद में किया गया है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी ।उन्होंने बताया कि तीन महीने तक चलने वाले स्पेशल मेडिएशन ड्राईव में क्रिमनल कंपाउंडेबल केस, एनआईएक्ट, कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले, 498 ए, विद्युत विभाग इत्यादि के मामले का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ स्पेशल मेडिएशन ड्राइव को सफल बनाने के लिए बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।साथ ही मध्यस्थों के साथ बैठक किया गया है। और उन्हें अधिक से अधिक मामले का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराने का निर्देश दिया गया है। अधिक से अधिक मामले का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से ताकि पक्षकारों में प्रेम सौहार्द बना रहे और मामले का निस्तारण शीध्र हो सके।

# एंबुलेंस में आया दूल्हा, स्ट्रेचर पर बैठ रचाई शादी; हादसे में खिसका था कूल्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर में देखने को मिली अनोखी शादी एंबुलेंस से आया दूल्हा और स्ट्रेचर पे हुई शादी। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में एक अनोखी शादी देखने को मिली है जहा मंगलवार की रात दूल्हा चंद्रेश मिश्रा एंबुलेंस से बारात लेकर आया और स्ट्रेचर पर ही उसने सात फेरा ली और जयमाला का भी कार्यकर्म स्ट्रेचर पर ही हुआ। गढ़वा के कांडी थाना क्षेत्र के बेलोपाती गांव के रहने वाले चंद्रेश मिश्रा की शादी पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के पनेरी बांध की रहने वाली प्रेरणा के साथ तय हुई थी। शादी की खरीदारी के लिए चंद्रेश मिश्रा गढ़वा जा रहे थे। वह अपनी गाड़ी खुद ही चला रहे थे। इसी दौरान गढ़वा के बोकेया में उनकी कार पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में चंद्रेश मिश्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गए और उनका एक पैर का कुल्हा खिसक गया। उन्हें इलाज के लिए गढ़वा अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके पैर में रॉड के सहारे कच्चा प्लास्टर किया। एक्सीडेंट के अगले ही दिन था तिलक डॉक्टरों ने उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी थी। दुर्घटना 22 जून को हुई थी और 23 जून को चंद्रेश मिश्रा का तिलक उत्सव समारोह था। रिश्तेदार और दोस्तों के सहारे की बदौलत उनका तिलक उत्सव समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान चंद्रेश मिश्रा ने कहा कि उनकी शादी तय समय पर ही होगी। जिसके बाद चंद्रेश मिश्रा एंबुलेंस से बारात लेकर पलामू के शाहपुर स्थित एक मैरेज हॉल पहुंचे। जहां उनके दोस्तों और रिश्तेदारों ने एक स्ट्रेचर के माध्यम से उन्हें वरमाला वाली जगह पहुंचाया. जिसके बाद शादी की रस्में पूरी की गई। सैकड़ों लोग इस विवाह के साक्षी बने. शादी के बाद चंद्रेश मिश्रा अपनी दुल्हन को लेकर पैतृक गांव रवाना हो गए।

# स्तरोन्नत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा में किया गया पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पीपरा प्रखण्ड के बनाही में अवस्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा में सत्र 2022-23 में 10 वीं उत्तीर्ण कर बेहतर अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष 10 विद्यार्थियो को विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। शीर्ष 10 विद्यार्थियों को मेडल, पुस्तक एवम अंग्रेजी शब्दकोश को पुरस्कार के रुप में देकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष इस विद्यालय से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में कुल 113 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें 108 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से तथा शेष 5 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किए हैं। मोहम्मद आरिफ 90.4त्न अंक लाकर प्रथम, निशांत कुमार तिवारी 87.6 प्रतिशत अंक लाकर के द्वितीय तथा पवन कुमार यादव 86.2त्न अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। इनके अतिरिक्त काजल, स्वाती, हिमांशु, रेहान, ज्योति, सलोनी तथा विशाल कुमार पाल ने भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाकर टॉप टेन की सूची में जगह बनाने में सफल हुए हैं. मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सुनील कुमार उपाध्याय ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य हैं और इन्हें इसी तरह निरंतर मेहनत करने की जरूरत है ताकि वे अपना, अपने माता- पिता, गुरुजनों और अपने देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक भी इस बेहतर परिणाम के लिए प्रशंसा के पात्र हैं. कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी के शिक्षक रामाकांत यादव ने किया. मौके पर उपस्थित हरिवंश पासवान, रमेश राम, राम स्वरूप तिवारी, बिगन यादव, संतोष तिवारी, शकुंतला देवी, धीरेंद्र सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय राम, आईसीटी इंस्ट्रक्टर कृष्णा यादव, मनोज कुमार जयसवाल सहित सभी शिक्षक स्स्ष्ट सदस्य एवं अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामना संदेश दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अस्पताल के टिकट काउंटर के पास बाथरूम नहीं होने से महिलाओं को हो रही परेशानी



**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज अपना इलाज कराने पहुंचते हैं। उसमें ज्यादातर संख्या महिलाओं का होता है। बाहर में महिला टिकट काउंटर पर पर्ची कटवाने के लिए घंटों खड़ी रहती है। बाहर में एक भी बाथरूम नहीं होने की वजह से महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय में अस्पताल अधीक्षक से भी बात किया गया था।परंतु अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। महिलाएं अपने लाज शर्म त्याग कर जहां-तहां बाथरूम करने के लिए बैठ जाती है। यह अस्पताल प्रशासन के लिए काफी चिंता और शर्म का विषय है।

**संक्षिप्त खबरें**

### रांची में फ्लैट का ताला तोड़कर एक लाख 20 हजार की चोरी



**रांची :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सफा अपार्टमेंट के तीसरे तल्ले के एक फ्लैट का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों के सामान की चोरी चली गई। इस संबंध में मोहम्मद मुस्तफा कमाल ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि मोहम्मद मुस्तफा कमाल परिवार के साथ बाहर गए थे। बुधवार को लौटे तो देखा कि फ्लैट का ताला टूटा हुआ है और अलमारी से 30 हजार नकदी और 90 हजार के जेवर की चोरी हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सचिवालय में 29 जून से चार दिन की छुट्टी

**रांची :** राज्य सरकार के सचिवालय और इसके संलग्न कार्यालयों में 29 जून से चार दिन की छुट्टी रहेगी। जानकारी के अनुसार 29 को बकरीद और 30 जून को हूल दिवस की छुट्टी रहेगी। जबकि एक और दो जुलाई को शनिवार और रविवार की छुट्टी है। इस तरह सचिवालय चार दिन बंद रहेगा।

# रांची एयरपोर्ट विस्तारीकरण में 20 लाख से अधिक गबन के आरोपित को नहीं मिली राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए जमीन के बदले फर्जी तरीके से 20 लाख से अधिक मुआवजा राशि भुगतान प्राप्त करने के मामले के आरोपित पदाधिकारी और योजना सह वित्त विभाग के तत्कालीन आप्त सचिव दीपक कुमार वर्मा को राहत नहीं मिली।

दीपक कुमार अभी सूचना जनसंपर्क विभाग के अंतर्गत राज्यपाल सचिवालय में निजी सहायक के पद पर प्रतिनियुक्त हैं। सरकार ने उनके अपील अभ्यावेदन को खारिज कर दिया है। साथ ही उन्हें दिए गये दंड को यथावत रखा है। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना के अंतर्गत हेथू ग्राम में खाता संख्या-14, खेसरा-1300 में 0.24 एकड़ भूमि में अवैध तरीके से घोखाधड़ी कर केनरा बैंक के ड्राफ्ट के माध्यम से बीस लाख छत्तीस हजार चार सौ अठारह रुपये का भुगतान दीपक कुमार वर्मा ने उठा लिया। हेथू




ग्राम में शिविर लगाकर 26 मार्च, 2015 को चेक दिया गया था। बाद में यह पता चला कि इतनी बड़ी राशि धोखाधडी करके उन्होंने ली, जिसके वे हकदार भी नहीं थे। पूरे मामले पर सरकार आचरण नियमावली के तहत कार्रवाई शुरू हुई। रांची डीसी ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसके बाद विभागीय कार्यवाही चली।

प्रथम दृष्टया आरोप भी प्रमाणित पाये गये। जांच में यह बात सामने आयी कि उन्होंने धोखाधडी करके राशि प्राप्त की, जिसके बाद उपायुक्त रांची ने दीपक कुमार वर्मा से सूद की राशि चक्रवृद्धि ब्याज के साथ 28 मार्च, 2015 से 25 मार्च, 2018 तक 18 प्रतिशत व 26 मार्च, 2018 से 10 मई, 2018 तक 10.5 प्रतिशत की दर से राशि वसूली का प्रतिवेदन दिया। इसके तहत वसूली की राशि 37, 00,850.33 रुपये की गणना की गयी। मूल राशि 20, 38,418 रुपये के अतिरिक्त सूद की राशि 16,62, 433 रुपये की वसूली का प्रतिवेदन दिया गया। इसके बाद उन्हें निजी सहायक के पद पर डिमोट भी कर दिया गया।यह डिमेशन सात साल तक प्रभावी है।

पूरे मामले के पकड़ में आने के बाद आरोपित पदाधिकारी ने मूल राशि 20,38,418 रुपये को वापस सरकारी कोष में जमा कर दिया। सूद की राशि उनके द्वारा जमा नहीं की गयी। इस मामले में फिर से रांची उपायुक्त से सरकार को पत्र लिखा गया है और कहा कि सूद की रकम बड़ जायेगी। ऐसे में सरकार के स्तर पर निर्णय लिया जाये।

इस बीच आरोपित पदाधिकारी ने अपील अभ्यावेदन दायर कर सरकार से कहा कि उनके द्वारा राशि जमा कर दी गयी है। ऐसे में न्यायालय के द्वारा अंतिम आदेश पारित होने तक दंड के बिंदु पर निर्णय नहीं लिया जाये। पूरे मामले पर विचार करने पर सरकार ने पाया कि आरोपित पदाधिकारी ने अपने बचाव बयान में कोई ठोस बात नहीं की है। इसलिए 21 सितंबर, 2021 को दिए गये दंड को यथावत रखने का निर्णय लिया गया।

## बकरीद को आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा ईद-उल-जोहा (बकरीद) वर्ष 2023 के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु अतिमहत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, कौशल किशोर, पुलिस अधीक्षक राँची (ग्रामीण), नौशाद आलम , पुलिस अधीक्षक राँची, (ट्रैफिक) हरिस बिन जमां, पुलिस अधीक्षक राँची (शहर), सुधांशु जैन, अनुमंडल पदाधिकारी राँची (सदर) दीपक कुमार दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी राँची (विधि-व्यवस्था),राजेश्वर नाथ आलोक एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, का संयुक्तादेश में यह निर्देश दिया गया की ईद-उल-जोहा (बकरीद) वर्ष 2023 के अवसर पर इसके आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातारवण में बकरीद बनाने के लिए विभिन्न अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया हैं। ताकि जिलें में साम्प्रदायिक सद्भाव और सौहार्द बिगड़ने की संभावना पर पूरी रोक लगाई जा सकें।

इसके लिए दिनांक- 29 जून 2023 से 01 जुलाई 2023 तक विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाने के लिए गश्ती दलों की प्रतिनियुक्ति, स्टैटिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, सुरक्षित दंडाधिकारी एवं मस्जिदों की सुरक्षा हेतु बल की प्रतिनियुक्ति की गई।

## मुख्य सचिव से मिला झाप्रसे संघ का प्रतिनिधिमंडल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 15 सूत्री लंबित मांगों (प्रीमियर सेवा, वेतन विसंगति, प्रोन्नति, लंबित विभागीय कार्रवाई,चाइल्ड केयर लीव एवं स्वास्थ्य बीमा इत्यादि) के समाधान के लिए बुधवार को मुख्य सचिव से मुलाकात की।

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने संघ के सभी मांगों पर बिन्दुवार गंभीरता से विचार करने के बाद उन पर यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## खेल और खिलाड़ियों के बीच समन्वय स्थापित करेगी राज्य सरकार : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के बीच समन्वय स्थापित करने का काम करेगी। वे बुधवार को खेलगांव स्थित 13वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप और प्रथम झारखंड इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप के उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के विकास के लिए हर संभव सहायता सरकार प्रदान करेगी। साथ ही कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए 40 खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को नियुक्त करने का काम किया है। झारखंड के लोग शुरू से निशाना लगाने में माहिर होते हैं और तीर-धनुष से निशाना लगाते हैं।




इसलिए राइफल शूटिंग में भी यहां के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बाद में पिस्टल से निशाना दागकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया. जेएसएसपीएस के सीओ जीके राठौर ने कहा कि सीसीएल और झारखंड सरकार मिलकर खिलाड़ियों के विकास के लिए काम कर रही है। खेल गांव स्थित स्टेडियमों का बेहतर उपयोग हो इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। जा रहा है। पहली बार स्कूली बच्चों के लिए भी प्रतियोगिता आयोजित हो रही है।धन्यवाद ज्ञापन करते हुए झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि इस राज्य में निशानेबाजी खेल की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में स्थान बना रहे हैं और विदेशों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## मिराई फर्टीलिटी एंड आईवीएफ सेंटर निःसंतान दंपतियों के लिए वरदान : अन्नपूर्णा देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी बुधवार को बरियातू स्थित मिराई फर्टीलिटी एंड आईवीएफ सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल रांची के साथ पूरे राज्य के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। निःसंतान दंपतियों के लिए बेहतर अस्पताल है। कम खर्च पर सुविधा मिलेगी। साथ ही कहा कि अस्पताल में मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करें। डॉ सर्वजया सिंह ने कहा कि 10 सालों से अधिक वे आईवीएफ के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में पढ़ाई कर कर देश में लगी हूं। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल सभी लोगों के लिए एक समान है। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती ने कहा कि हमारा



लक्ष्य लोगों को बेहतर इलाज मुहैया करना होना चाहिए। रांची में कई आईवीएफ सेंटर खुल चुके हैं। उन्होंने कहा कि आजकल शादियां बहुत लेट हो रही है। इसलिए आईवीएफ मदद लेना पड़ रहा है। इस अवसर पर परमा सिंह सहित क्लीनिक के कर्मचारी मौजूद रहे।

## धार्मिक स्थलों का निगम ने कराया सफाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सफाई तो होकर रहेगी 3.0 विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत सभी धार्मिक स्थलों के आस-पास सफाई करायी जा रही है। इसके तहत् बकरीद पर्व के मद्देनजर प्रशासक, रांची नगर निगम के आदेशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत सभी मस्जिदों ईदगाहों तथा आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई सुचारू रूप से किया गया है। इसके आलोक में सभी वार्डों के संबंधित सुपरवाइजर को यह निदेश दिया गया है , कि रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी मस्जिदों, ईदगाहों एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों के साथ-साथ सभी संपर्क पथों पर समुचित रूप से साफ



सफाई किया जाए। इसके अलावा सभी संपर्क पथों पर झाड़ू कूड़े का उठाव रोड झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, ब्लीचिंग एवं एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव करने का भी निदेश दिया गया। इसके अलावा बरसात के मद्देनजर सभी छोटी एवं बड़ी नालियों की सफाई युद्धस्तर पर किया जा रहा है, साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है । जल जमाव की अल्पकालीन समस्याओं को भी ठीक किया जा रहा है। सभी जोनल एवं सुपरवाइजर को यह भी निदेश दिया गया है, कि बकरीद पर्व के मौके पर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ इस बात का ध्यान रखें कि आम लोग बकरीद का त्योहार एक स्वच्छ वातावरण में मनाए।

## वैश्य का हक मारा जा रहा है, एकजुट होना होगा : ज्ञान शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** करमटोली स्थित प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें संगठन को मजबूत करने एवं जल्द से जल्द संगठन का विस्तार करने पर गहण चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा प्रदेश में वैश्य का हक मारा जा रहा है और ऐसे में आज वैश्य समाज को एकजुट होना



होगा। अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना ही पड़ेगा। एलआज के समय बिना कुछ मांगे मिलता नहीं, अपना अधिकार लेना पड़ता है और इसके लिए हमें संगठित होना ही पड़ेगा। बैठक में तय किया गया कि 5 सदस्य टीम का गठन कर झारखंड के सभी क्षेत्रों का दौरा किया जाएगा। उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए सभी को संगठन से जोड़ने का काम किया जाएगा । प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी ने बताया जल्दी सभी आजीवन सदस्यों की एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक के उपरांत प्रदेश कमेटी की घोषणा की जाएगी। इस बैठक में सर्वसम्मति से संजय पोद्दार को रांची जिला का अध्यक्ष घोषित किया गया । इस बैठक में डॉ विजय प्रकाश, उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी परमानंद मोदी ,डॉ दिलीप सोनी ,ललित चौधरी ,अरविंद गुप्ता, प्रमोद साहू ,अमित साहू, बद्री भगत, राज किशोर साहू सहित सैकड़ों की संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित थे।

## सावधान: डांगराटोली से कांटाटोली की ओर जा रहे हैं तो सड़क किनारे है बड़ा सा गड्ढा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यदि आप मेन रोड से डांगराटोली होते हुए कांटा टोली चौक की ओर आ रहे हैं, तो सावधान हो कर आइए , नहीं तो आपके साथ बड़ी दुर्घटना हो सकती है। डांगराटोली से कांटा टोली चौक के बीच नाली और गड्ढे की खुदाई कर दी गई है , लेकिन सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी तरह का बैरिकेडिंग , साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है । कांटा टोली चौक से महज 50 कदम की दूरी पर बाई ओर एक बड़ा सा गड्ढा है , यदि आप पैदल या फिर वाहन से डांगराटोली की ओर से कांटा टोली चौक की ओर आ रहे हैं तो इस गड्ढे में अनियंत्रित होकर आपके गिरने का डर है। अब इसके लिए पथ निर्माण, ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम कौन होंगे जिम्मेदार, इस पर बताने वाला कोई नहीं है।

### रोहित झा हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**रांची :** चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सरकारी बस डिपो के समीप ऑटो चालक रोहित झा उर्फ पंडित हत्या मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में संतोष साहू और एक अन्य शामिल है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार की अहले सुबह सिटी डीएसपी दीपक कुमार और चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार ने दलबल के साथ बूटी मोड़ में छापेमारी कर संतोष और एक अन्य को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में सरकारी बस डिपो के पास 12 जून को रोहित झा उर्फ पंडित की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी।

# एक अकाउंट खुलवाने में साइबर ठग को मिलते थे 9000 रुपया, गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र से एक साइबर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि सुनील प्रजापति जो मुख्य रूप से बोकारो का रहने वाला है। वाह नामकुम थाना क्षेत्र में कौशल विकास योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता दिलाने के नाम पर सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर के रहने वाली अर्चना कुमारी के नाम से अकाउंट खुलवाया गया था , लेकिन अर्चना को इसकी जानकारी नहीं थी, जब नामकुम थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक के पवन कुमार शाखा प्रबंधक को



जानकारी हुई , दिल्ली के एक व्यक्ति से शस्त्र अधिनियम के कांड में 125000 की मांग की गई उक्त राशि को खाता में पच्चीस हजार डाला जा चुका है और इसी के तहत साइबर ठगी हुई है। इस मामले में मामला दर्ज किया गया और फिर जांच पड़ताल में एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसके पास आधार कार्ड फोटो कॉपी , 2 मतदाता पहचान पत्र, मोबाइल बरामद किया गया । ग्रामीण एसपी ने बताया कि 12 आधार कार्ड लेकर जो बेरोजगारी भत्ता के नाम से खाता खुलवाया जाता था, लेकिन साइबर ठग अपना मोबाइल नंबर देता था ताकि ओटीपी उसके मोबाइल में आए और सारी जानकारी उसे हो सके। जब खोजबीन किया गया तब अर्चना ने बताया कि उसके नाम का कोई खाता नहीं है, उससे आधार और पहचान पत्र रांची के रहने वाले सुनील ने मांगा था ,उसने ही ठंडी का काम किया है । सुनील को एक अकाउंट खुलवाने में 9000 मिलता था। इस मामले का उद्भेदन ऋत्विक श्रीवास्तव सहायक पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी नामकुम, पुलिस अवर निरीक्षक अविनाश राज , पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता हिमांशु से ईडी ने की पूछताछ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता हिमांशु कुमार मेहता बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि मेहता से ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ की। हिमांशु कुमार मेहता पर गलत दस्तावेज के सहारे जयंत कर्नाड को बरियातू स्थित सेना के कब्जेवाली जमीन का किराया लेने का हकदार बनवाने और जमीन की बिक्री से मिली रकम का एक बड़ा हिस्से ले लेने का आरोप है। ईडी ने अधिवक्ता को 20 जून को समन कर 28 जून को ईडी कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया था। मामले की जांच के दौरान ईडी ने जयंत कर्नाड को समन कर पूछताछ के लिए बुलाया था। ईडी ने कर्नाड से सेना के कब्जेवाली जमीन के मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज की मांग की थी। लेकिन वह ईडी को दस्तावेज देने में असमर्थ रहे थे।

ईडी को दिये गये बयान में उन्होंने कहा कि सारे दस्तावेज वकील हिमांशु कुमार मेहता के पास हैं।ईडी की जांच में पता चला है कि



अधिवक्ता हिमांशु कुमार मेहता की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में प्रस्तुत किये गये जयंत कर्नाड के दस्तावेज और दावे गलत थे। उन्होंने जानबूझकर हाई कोर्ट के समक्ष विशिष्ट तथ्यों को छुपाया, क्योंकि सेना खुद किराये का भुगतान करने के लिए सही दावेदार की तलाश कर रही थी।

उन्होंने हाई कोर्ट के समक्ष इस तथ्य को छुपाया कि याचिकाकर्ता जयंत कर्नाड के पास उत्तराधिकार प्रमाणपत्र नहीं है, जो कि बचाव पक्ष द्वारा आवश्यक था। जयंत कर्नाड और हिमांशु कुमार मेहता ने साथ मिलकर झारखंड हाई कोर्ट से कागजात तैयार करके अनुकूल आदेश प्राप्त किये, जो संपत्ति के लिए जयंत कर्नाड के उत्तराधिकार को साबित कर सकते थे।

## देश की महान वीरांगनाओं की याद में सामाजिक संस्था ने किया पौधारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** देश की महान वीरांगनाओं की याद में बुधवार को सामाजिक संस्था तान्याज हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन और रिलेशंस की ओर से कांके पिठौरिया के बाड़ू गांव में पौधरोपण किया। रानी लक्ष्मी बाई, कस्तूरबा गांधी, सरोजनी नायडू, राजिया सुलतान, लक्ष्मी सहगल, उषा मेहता, सावित्री बाई फूले, अहिल्या बाई होलकर सहित देश की कई महान वीरांगनाओं के नाम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता बह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की संचालिका बीके राजमती, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी अशोक उरांव,




अजीत कुमार उपस्थित थे।

# ईद उल अजहा बकरीद आज, सारी तैयारी पुरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में ईद उल अजहा बकरीद का त्यौहार आज मनाया जाएगा। त्यौहार को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।मस्जिदों और ईदगाह में साफ-सफाई और सजावट का काम पूरा कर लिया गया है।क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में सुबह 7ः00 बजे,राय जामा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे,नूरी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 7:00 बजे,बड़ी



मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 6:30 बजे,न्यूमंगरदाहा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे,बहेरा ईदगाह में सुबह 7:00 बजे, पुरानीराय मस्जिद में 7:30 बजे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी।बकरीद को लेकर थाना क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम रखने हेतु पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में पिपरवार पुलिस ने पुरे क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि त्यौहार को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने बकरीद पर क्षेत्र के सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा क्षेत्र में गड़बड़ी फैलाने की नियत से कोई विधि विरुद्ध कार्य किया जाएगा तो पुलिस द्वारा इस प्रकार के तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।त्योहार के दौरान पुलिस द्वारा क्षेत्र की सघन निगरानी के साथ सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी को भी अगर कोई असामाजिक गतिविधियों एवं तत्वों के बारे में पता चले तो स्थानीय पुलिस को सुचित करें।

# सीआरपीएफ 94 बटालियन ने खूंटी में घूरती रथ यात्रा निकाली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सीआरपीएफ 94 बटालियन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगरनाथ पूजा एवं रथयात्रा का कार्यक्रम दिनांक 20जून से शुरू होकर आज दिनांक 28 जून को घूरती रथ यात्रा ऊपर चौक दुर्गा मंदिर से शुरू होकर सीआरपीएफ कैंप तजना में समापन हुई.इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान जगन्नाथ को सीआरपीएफ कैंप तजना में प्रतिस्थापित किया गया इसके बाद महा आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया. इस रथयात्रा में कमांडेंट राधे श्यामसिंह, द्वितीय कमान



अधिकारी पी आर मिश्रा, उप कमांडेंट अंजन कुमार ,उप कमांडेंट संतोष एवं भारी संख्या में सीआरपीएफ 94 बटालियन के जवान एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# जनता की समस्या को पूरा करना ही मेरा उद्देश्य : नीलकंठ सिंह मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के झारिया चंगाटोली से प्रभात तारा स्कूल पथ के हुटुंगगढ़ा नाला पर पुल का निर्माण कार्य का उद्घाटन खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने फिता काटकर किया. पुल उद्घाटन समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि 1999 में यहां की जनता ने जब पहली बार मुझे अपना विधायक चुना उस वक्त क्षेत्र में हर जगह समस्याओं का अंबार था विकास के नाम पर कुछ नहीं था मगर मैं धीरे धीरे कर प्राथमिकता के आधार पर जनता की मांगों को पूरा करता गया. यही कारण है कि जनता ने मुझे आज लगातार चौथी बार अपना विधायक चुना है मुझे खुशी



होती है कि मैं जनता के विश्वास पर क्षेत्र में हर जगह हर तरफ सड़क पुल पुलिया नाले बिजली पानी स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत समस्याओं से जनता को निजात दिला पाया हूं. और अब भी मैं जनता की मांगों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं. सुदूर से सुदूर गांव? में विकास का कार्यो को आम जनता के आशीर्वाद से पहुंचा पाये है पुरे प्रदेश में दो लाख पच्चीस हजार महिलाओं को सखी मंडल से जोड़ने का काम किया गया है. वही कर्रा, खूंटी, मुरहू प्रखंड में जेएस एलपीएस परियोजन के तहत जोहर योजना को चालू किया गया. जिसके तहत महिला दीदीओं का आजिविका से जोड़ने के लिए तरह-तरह की कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था कि गयी है. इससे पूर्व स्थानीय महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए उन्हें उद्घाटन स्थल तक ले जाया गया. कार्यक्रम को जिला परिषद् उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष काशी नाथ महतो, भाजपा वरिष्ट कार्यकर्ता राजेन्द्र केशरी, डहरू पहान, तेम्बा उरांव, चरण खलखो, अनिल बारला, अहलद मुंडा, इंजिनियर सिकन्दर साहू ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन भाजपा कर्रा मंडल अध्यक्ष बालकिसून महतो ने किया और धन्यवाद ज्ञापन बिरसा धान ने किया. मौके पर भाजपा खूंटी जिला उपाध्यक्ष कैलास राम महतो, जिला मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल,कंचन सिंह, चरण खलखो, ज्ञान रंजन सिंह, बिरेन्दर सोनी,केन्द्र राम, रामप्रताप देव, अंजय महतो, असरफ सिंह के अलावे अन्य सैकड़ों महिला पुरूष मौजूद रहे।

# जिला परिषद के प्रतिनिधियों ने अभियंता के खिलाफ खोला मोर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला परिषद के जिला अभियंता मिथिलेश कुमार पांडे के विरुद्ध जिला परिषद के सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। टेंडर बेचने एवं अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व में जिला परिषद के सदस्यों ने उपायुक्त रांची राहुल कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर कार्यवाई की मांग की है। सदस्यों का आरोप है कि श्रीकांत पांडे नामक व्यक्ति को उगाही के लिए कार्यालय



में नियुक्त कर ठेकेदारों से सीएस के पैसे वसूली की जाती है। और टेंडर को गलत तरीके से मैनेज कर ठेकेदारों को दिया जाता है। उचित जांच कर भ्रष्ट अभियंता के विरुद्ध जांच कर दंडित करने का ज्ञापन सौंपते हुए निवेदन किया कि जिला अभियंता एवं सभी सहायक अभियंता जिला परिषद के कार्यकाल की जांच कर इनके आय एवं संपत्ति की जांच की जाए। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप निर्मला भगत अध्यक्ष, बीना चौधरी उपाध्यक्ष,जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम, विपिन टोप्पो,किरण देवी,सुषमा देवी,परमेश्वर भगत,आशुतोष तिवारी, इंदिया टोप्पो,संजय कुमार महतो एवं अन्य जिप सदस्य उपस्थित थे।

## बेड़ो के बिल्टी में इसलाहे मोआशरा सह उर्स का आयोजन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेड़ो प्रखंड के बिल्टी गांव में 1 जूलाई 2023 को इसलाहे मोआशरा कॉन्फ्रेंस सह हजरत सैय्यद अब्दुल्लाह शाह र0अ0 के सालाना उर्स का आयोजन किया गया है। इसलाहे मोआशरा सह उर्स में बिहार से पिरे तरीकत हजरत मौलाना सैय्याद नुमान अख्तर कलामी साहब, उड़ीसा से हजरत मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दिन सकाफी, रामगढ़ से मौलाना सिदिकुल कादरी, पलामू से नकीब जमाल अख्तर, गिरिडीह से शाएरे इसलाम जनाब शमस तबरेज शामिल होंगे।उक्त जानकारी अंजूमन इस्लामियां बिल्टी द्वारा दिया गया है।

## सब्जी का भाव आसमान को छूने लगे

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली मुरी के बाजारों में इन दिनों देखा जा रहा है कि सब्जी के भाव आसमान को छूने लगे हैं जहां कुछ दिनों पहले सब्जी 10 से 15 रु, किलो बिक रहे थे मॉनसून घुसने के साथ ही सब्जी के भाव बढ़ गए लोगों के जेब खाली होने लगे! फुलगोभी 60 रु किलो बैगन 40 रु किलो, परवल 30 रु किलो, अदरक 300 रु किलो, हरा मिर्ची 100 रु किलो, टमाटर 100 रु किलो, लहसुन 100 रु किलो एवं हरा साग सब्जी 30 से 40 रु किलो बजार मे बिक रहा है! क्षेत्र के लोग इस महंगाई से परेशान हो गए हैं !

## बकरीद त्योहार को लेकर फ्लैग मार्च



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बकरीद त्योहार को लेकर कर्रा थाना क्षेत्र के कर्रा में प्रखंड प्रशासन व कर्रा थाना ने फ्लैग मार्च निकाला.फ्लैग मार्च कर्रा थाना होते हुए मस्जिद चौक, पोस्ट ऑफिस रोड़ कर्रा बस्ती, डाकघर होते हुए कर्रा खूंटी मुख्य से कर्रा थाना आकर समाप्त हुआ.फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारी ने आपसी भाई चारगी व मेल प्रेम के साथ त्योहार मनाने को लेकर जनता से अपील किया गया फ्लैग मार्च के दौरान कर्रा सीओ बैद्यनाथ कामती, कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एस आइ संजीत कुमार यादव, एस आइ सफीक खान, भारत रंजन पाठक के अलावे दर्जनों शस्त्र पुलिस के जवान मौजूद थे।

## लाली पंचायत में चला जन संपर्क अभियान



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोक सभा एवम विधान सभा चुनाव के मद्दे नजर प्रधान मंत्री द्वारा नौ वर्ष के कार्यकाल मे संचालित विभिन्न योजनाओ एवम कार्यक्रम की जानकारी हेतू लाली पंचायत के बुथ नंबर 199,200,201,202,203,204,205 जन सम्पर्क अभियान चलाकर मेरा बुथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस अभियान रांची सांसद संजय सेठ, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महतो इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे।

## पिपरवार के साप्ताहिक हाट बाजारो में कुड़े कचरों का लगा अंबार

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के साप्ताहिक हाट बाजारो में कुड़े कचरों का अंबार लग गया है।क्षेत्र में लगने वाले दो प्रमुख साप्ताहिक हाटों में राय बाजार में मंगलवार को एवं बचरा में रविवार को बड़े पैमाने पर बाजार लगता है जहां से स्थानीय लोगों के साथ सीसीएल कर्मी एवं अन्य कंपनियों के लोग सप्ताह भर की सब्जी लेते है। लेकिन इन दोनों हाटों में सब्जी विक्रेताओं द्वारा फेंकी गई सड़ी गली सब्जियों के साथ अन्य प्रकार के कुड़ो से माहौल काफी गंदगी भरा हो गया है।इस संबंध में कोई भी स्थानीय जनप्रतिनिधि या सीसीएल प्रबंधन सजग नहीं है।

# झामुमो की पंचायत स्तरीय बैठक कमेटी का किया गया गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के कुचु फुटबॉल मैदान के समीप बिसिरिया पंचायत स्तरीय झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो के अध्यक्षता में हुई। बैठक में जहां संगठन में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याण योजनाओं को समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचाने समेत के विषयों पर चर्चा की गई ।साथ ही बिसरिया पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें, पंचायत प्रभारी-प्रमोद कुमार महतो, अध्यक्ष-अब्दुल वाहिद, सचिव-



राजेंद्र प्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष-सूरज प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष-तुलसीदास बेदिया, उपसचिव-विजय सिंह एवं 28 सक्रिय सदस्यों का चयन किया गया। मौके पर प्रखंड कमेटी के अमित कुमार महतो, अजीत कुमार महतो, अनिल बेदिया, पांडे महतो, प्रवीण कुमार महतो, द्वारिका महतो, संतोष साहू, फखरुद्दीन राय, बिसरिया मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन वेदिया, फलाहारी महतो, गोकुल चंद्र महतो, वंशी कोइरी, फागू चंद्र बेदिया समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक ने किया लीडरशिप एकेडमी का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के रामपुर गांव में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो लीडरशिप एकेडमी का उद्घाटन फीता काटकर किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से क्षेत्र के युवाओं को काफी बढ़ावा मिलेगा और विकास को गति मिलेगी। क्षेत्र के युवाओं शैक्षिक और नेतृत्व के अवसर प्रदान करने के लिए लीडरशिप अकादमी से लाभ ले , जिन्होंने समाज में बदलाव लाने के लिए नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन कर रहे है। एक अच्छे लीडर में संवेदनशीलता और सहानुभूति होना बेहद जरूरी है। इससे कार्यक्षेत्र का माहौल बेहतर बना रहता है।अच्छे लीडर की यही पहचान है कि वह



शांत रहने वाले लोगों को शामिल करें। शांत मस्तिष्क में बेहतर विचार पनपते हैं। प्रोजेक्ट मैनेजर लूकेश भेंगरा ने कहा कि हर व्यक्ति के अंदर एक लीडरशिप है हर व्यक्ति के अंदर लीडरशिप स्किल्स छुपी हुई है। बहुत सी लीडरशिप क्वालिटी वह अपने अंदर समेटे हुए हैं बशर्ते जरूरत होती है उस छुपे हुए स्किल को ट्रेंड करने की। लीडरशिप एकेडमी का संचालन डेवलपमेंट संस्था की ओर से की जायेगी !इस मौके पर प्रखंड प्रोग्राम पदाधिकारी अनूप टोप्पो ,रूबी तिर्की, दीपिका एक्का, धन कुमार मुंडा , ज्योति केरकेटा, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील महतो, बलराम साहू, रंजीत साहू, मुरलीधर करमाली,आदि उपस्थित थे।

# 200 केवीए के नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** प्रखण्ड के गेतलसुद बाजार में बुधवार को 200 केवीए के नए बिजली ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन प्रमुख दीपा उरांव ने फीता काट कर किया। यहां का ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने की वजह से पिछले एक सप्ताह से गेतलसूद बाजार सहित आसपास का इलाका अंधकार में डूबा हुआ था । सूचना मिलते हीं विधायक ने त्वरित कार्रवाई किया तथा बिजली विभाग से 200 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित करा दिया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर पूर्व मुखिया गौरीशंकर मुंडा एतवा उरांव,



शिवदास गोस्वामी, अजय तिर्की, बिसा मुखिया प्रतिनिधि रोहित बेदिया उप मुखिया संजय भोगता अशोक बेदिया प्रेम उरांव जीवधन बेदिया बटेश्वर गोस्वामी बबलू साहू दिनेश परमाणिक पंचू तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।


**कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,राँची**

**सामयिक सूचना– अंक 03/ वर्ष 2023–24**

प्रिय किसान भाईयों,

मकई खेतों में लग चुका है, और इसमे सर्वेक्षण के दौरान **फॉल आर्मी वर्म** का प्रकोप पाया जा रहा है । **फॉल आर्मी वर्म "स्पोडोपटेरा फ्रुजीपर्डा"** नामक कीट अमेरिकी मूल का एक विनाशकारी कीट है । पहली बार हमारे देश भारत में मई 2018 में कर्नाटक राज्य के चिकबल्लापुर जिले में गौरीबिदनुर के पास मक्कें की फसल में देखा गया है । विगत बर्षो से इस कीट का प्रकोप झारखण्ड़ के कई जिलों में पाया जा रहा है । जिसका नियंत्रण समय पर करना बहुत जरूरी है । यह एक पोलीफेगस कीट है । जो मक्का के अलावे अन्य फसलों जैसें – धान, बन्दगोबी, चुकन्दर, गन्ना, मुँगफली, सोयाबिन, प्याज, टमाटर, आलू इत्यादि को भी नुकसान पहुँचाती है। इस कीट के विस्तार को रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है ।

**पहचान :–** मादा कीट पतियों के नीचे के हिस्से पर अंड़े देती है । गर्म मौसम में अंड़े 3–6 दिनों के भीतर लार्वा बन जाता है । लार्वा के माथे पर **वाई** आकार का सफेद चिन्ह होता है एवं शरीर पर काले धब्बे होते है । प्युपा का रंग लाल– भुरा होता है । ब्यस्क कीट के आगे दो पंख भुरा एवं पिछला पंख उजली होती है । यह निशाचर कीट है जो गर्म एवं आद्र मौसम के रातों में ज्यादा भ्रमण करते है ।

**नुकसान के लक्षण :–** फॉल आर्मी वर्म कीट मकई के पतियों को खाकर छेद–छेद कर देती है। साथ ही तना एवं फलों को काटकर खाता है, खाने के बाद पतियों एवं गभ्भा के उपर मल–मूत्र त्याग कर गंदा कर देती है ।**इस कीट का नियंत्रण निम्न तरीके से किया जा सकता है:–**

**ब्यवहारिक नियंत्रण :–** बुआई से पहले खेत की गहरी जुताई करें एवं ससमय बुआई करें । अन्तर फसल जैसे :– मक्का +उरद या मुंग लगाऐं । मक्के के खेत के चारो ओर फन्दा फसल जैसे :– नेपियर धास की 3–4 पंक्ति की बुआई करें । स्वच्छ एवं साफ खेती करें तथा संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें । फसल के प्रारंभिक अवस्था के दौरान प्रति एकड़ 10 पक्षी आश्रय खेत में लगावें ।

**यांत्रिक नियंत्रण :–** कीट के लक्षण दिखाई देने पर गभ्भा में धान की भूसी के साथ सुखा बालु तथा चूना 9 : 1 की दर से भुरकाव करें । इसे रोकने के लिए 05 फरोमोन ट्रैप प्रति एकड़ की दर से लगावें। पतियों पर अंड़ो के समुह दिखाई देने पर हाथ से चुनकर नष्ट कर दें।

**जैविक नियंत्रण :–** बुआई के 15–25 दिनों के बाद कीट द्वारा क्षति दिखाई देने पर दानेदार रूप मे मेटाराईजीयम एनिसोप्लाई का 3 ग्राम/ली0 पानी की दर से 10 दिनो के अन्तराल पर 1–2 छिड़काव करें । बेसिलस थुरिंनजिएसिस 6 ग्राम 60 लीटर पानी मे घोलकर गभ्भा के उपर छिड़काव करें अथवा एजाड़िरेक्टीन 1500 पी0 पी0 एम0 का 5 मिली0 /लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें ।

**रसायनिक नियंत्रण :–** लक्षण दिखाई देने पर 10 किलोग्राम चावल की भुसी + 2 किलो गुड़ के मिश्रण को 2–3 ली0 पानी के साथ 24 धंटा भिंगाकर छोड़ दे। खेत मे भुरकाव के आधे धन्टा पहले 100 ग्राम थायोड़िकार्ब मिलाकर गभ्भा मे सुबह के समय दें अथवा थायोमेथोक्साम 12.6 प्रतिशत + लेम्ड़ासायहेलोथ्रिन 9.5 प्रतिशत जेड सी0 का 0.5 मिली0/ ली0 पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें।

उचित सलाह हेतु संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कृषि भवन कैम्पस, काँके रोड़, राँची स्थित कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है ।

**कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, राँची**

**PR 301050 Agriculture(23-24).D**



**झारखण्ड सरकार**
**जिला खनन कार्यालय, लातेहार**
**e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in**

**–:: आम सूचना ::–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला के बरवाडीह/चन्दवा/लातेहार/महुआडांड़ एवं बारियातु थानान्तर्गत क्षेत्र में निम्नांकित मात्रा में जप्त भण्डारित लघु खनिज यथा पत्थर (पत्थर चिप्स) एवं बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017, 2019 के नियम–54 A के तहत् निम्नांकित थानान्तर्गत स्थल पर भण्डारित पत्थर एवं बालू खनिज का पुनः आम नीलामी उपायुक्त, लातेहार के आदेश, दिनांक–21.01.2023 के आलोक में अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में दिनांक–08.07.2023 को समय 04:00 बजे अपराह्न् में जिला समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी।

**भण्डारण स्थल का विवरण निम्नवत् है–**

| क्र0 सं0 | थाना का नाम | जप्त भण्डारित खनिज के भण्डारण स्थल की विवरणी | खनिज का नाम | खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राषि | सुरक्षित जमा राशि का 10 : प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बरवाडीह काण्ड संख्या–69/22 दिनांक –04.07. 2022 | मौजा–पोखरीकला, थाना–बरवाडीह स्थित तौकिर मियाँ के घर के समीप | बालू | लगभग =10,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 10,000 × 7.50 = **75000.00** रूपया (पचहत्तर हजार रूपया मात्र) | **7500.00** |
| | | बरवाडीह थानान्तर्गत बरवाडीह मेन रोड, षांती निकेतन विद्यालय के पास | पपत्थर | लगभग =10,350 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 10350 × 12.86 = **133101.00** रूपया (एक लाख तैतीस हजार एक सौ एक रूपया) | **13310.10** |
| 32. | चन्दवा, काण्ड सं0–129/22, दिनांक– 9.11.2022 | मौजा–चिरो, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | बबालू | लगभग –1,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,000×7.50 = **7500.00** रूपया (सात हजार पाँच सौ रूपया मात्र) | **750.00** |
| 3. | चन्दवा | मौजा–मालहन (बैरियाटांड़ टोला), थाना–चन्दवा स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के विद्यालय परिसर में भण्डारित | बबालू | लगभग –1,700 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,700 × 7.50 = **12750.00** रूपया (बारह हजार सात सौ पच्चास रूपया मात्र) | **1275.00** |
| 64. | लातेहार काण्ड संख्या –151/22, दिनांक– 04.06. 2022 | मौजा–बेंदी, लातेहार थाना (थाना परिसर) | बबालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = **2250.00** रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र) | **225.00** |
| 5 | महुआडांड़ काण्ड संख्या–63/2021 | महुआडांड़ थाना परिसर | बबालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = **2250.00** रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र) | **225.00** |
| 6 | लातेहार काण्ड सं0– 283/22, दिनांक– 20.11.2022 | लातेहार थानान्तर्गत मौजा–बारियातु खालसा एवं चटनाही | बबालू | लगभग–4800 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 4800×7.50 =**36000.00** रूपये (छत्तीस हजार रूपये मात्र) | **3600.00** |
| 7 | लातेहार काण्ड सं0– 37/23, दिनांक– 07.02.2023 | लातेहार थानान्तर्गत मौजा–नावागढ़, टोला–माटखाड़ | बबालू | लगभग–1000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1000×7.50=**7500.00** रूपये (सात हजार पांच सौ रूपये मात्र) | **750.00** |
| | | | पपत्थर चिप्स | लगभग–1200 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 1200× 12.86 = **15432.00** रूपया (पन्द्रह हजार चार सौ बतीस रूपये) | **1543.20** |
| 8. | बारियातु काण्ड सं0– 22/2023 | बारियातु थानान्तर्गत मौजा–गाड़ी | पपत्थर चिप्स | लगभग 2500 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.86 की दर से = 2500× 12.86 = **32150.00** रूपया (बतीस हजार एक सौ पच्चास रूपये) | **3215.00** |

उपरोक्त स्थल पर भण्डारित लघु खनिज पत्थर एवं बालू के लोक नीलामी की प्रक्रियां एवं शर्तों आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर दिनांक–28.06.2023 से दिनांक–08.07.2023 तक देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

**PR.NO.301061 Mines and Geology(23-24):D**

जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार।

## एक्सिस निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर (एनएफओ) एक्सिस निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह निफ्टी आईटी टीआरआई पर नज़र रखने वाला एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। हितेश दास (फंड मैनेजर) फंड का प्रबंधन करेंगे। न्यूनतम निवेश राशि रुपए 5,000 और उसके बाद एक रुपए के गुणकों में किया जा सकेगा। एनएफओ 27 जून 2023 से शुरू हो गया हैंख् जो 11 जुलाई 2023 तक सदस्यता के लिए खुला रहेगा। इस संबंध में एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में टैक्नोलॉजी के माध्यम से बदलाव लाने में हमारा देश हमेशा से अग्रणी रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान यह स्थिति और अधिक स्पष्ट नजर आ रही है, क्योंकि कोविड के बाद हमने फ्लैक्सिबिलिटी और रिकवरी का रुझान दर्शाया है।

## भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने बंगाल में जिप उम्मीदवार को दिया प्रचार सामग्री

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के बराबाजार पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी मणि महतो को प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई। मणि महतो पुरुलिया-02 जिला परिषद सीट से भाजपा की प्रत्याशी हैं और निवर्तमान जिला पार्षद भी हैं। उन्होंने भाजपा नेता राजकुमार सिंह से चुनाव प्रचार हेतु जरूरी सामग्री की मांग की थी। भाजपा नेता ने तत्काल झंडा, गमछी व पट्टा देकर शुभकामनाएं दीं। मौके पर किसान मोर्चा के आईटी सेल प्रमुख सत्येंद्र प्रसाद, जयदेव महतो व पटल महतो समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। राजकुमार सिंह ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रति काफी रुझान देखने को मिल रहा है इसलिए सत्ताधारी दल टीएमसी की परेशानी बढ़ी हुई है।



## जिला मारवाड़ी सम्मेलन प्रतिभाशाली छात्रों को करेगी सम्मानित



**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन सत्र 2023-25 की चौथी कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय मीरा टावर, साकची में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि उन्होंने कई ज्वलंत मुद्दों पर टाटा स्टील के पदाधिकारिओं को पत्र लिखा जैसे की लावारिस मृत मवेशिओं/पशुओं के निष्पादन के संबंध में जिसके उत्तर में टाटा स्टील के द्वारा सकारात्मक जवाब मिला और ठोस कदम उठाये गए। अग्रसेन भवन में 5 जुलाई को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह पर विचार विमर्श किया गया, जिसमें जिला महासचिव सीए विवेक चौधरी ने बताया कि हमारे समाज का नाम रोशन करने वाला विद्यार्थिओं को इस समारोह में सम्मानित किया जायेगा और फॉर्म जमा करने कि अंतिम तिथि 25 जून से बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है। बैठक में 17 जुलाई को मारवाड़ी युवा मंच सुरभि शाखा के संयुक्त तत्वाधान में होने वाले कांवर यात्रा की भी रूप रेखा बनायीं गयी।

## निःशुल्क प्रैक्टिकल ट्रेनिंग एवं कंप्यूटर टेक्नोलॉजी कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार 28 जून को शाखा अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में सरकारी महिला पॉलिटेक्निक गम्हरिया मे निःशुल्क प्रैक्टिकल ट्रेनिंग इन कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 60 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शाखा के स्किल डेवेलोपमेंट् के संयोजक अमित अग्रवाल ने की। आज के कार्यक्रम प्रैक्टिकल ट्रेनिंग इन कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के स्पीकर प्रदीप साहू और राहुल साहू' व्यावहारिक इन्फोसिस की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार ने संस्था कि प्रशंसा करते हुए कहा कि मारवाड़ी समाज ही वो समाज है जो अपने से ज्यादा समाज के लिए सोचता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे शाखा सचिव अंशुल रिंगासिया, आदित्य जाजोडिया, आनंद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विजय सोनी आदि का योगदान रहा।

## चौकीदार के 284 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती रद्द, ईडब्ल्यूएस वर्ग को मिलेगा आरक्षण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में जिला चौकीदार स्थापना / नियुक्ति समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व में प्रकाशित चौकीदार के 284 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती संबंधी विज्ञापन को रद्द करते हुए यथाशीघ्र नये सिरे से आदर्श आरक्षण रोस्टर तैयार कर सक्षम प्राधिकार से अनुमोदनोपरान्त पुनः चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। विदित हो कि 10.08.2022 को प्रकाशित विज्ञापन तत्कालीन नियोजन नीति के तहत निर्गत की गई थी। तत्कालीन नियोजन नीति के तहत निर्गत विज्ञापन में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों से मैट्रिक या दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया था तथा जनजातीय / क्षेत्रीय भाषा की लिखित परीक्षा निर्धारित किया गया था। उच्च न्यायालय झारखण्ड द्वारा पारित एक आदेश के आलोक में कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड द्वारा नियोजन नीति में परिवर्तन करते हुए शैक्षणिक योग्यता एवं भाषा के मामले में सुधार किया गया है। साथ ही जिला स्तरीय पदों पर नियुक्ति के मामले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों को आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। इस कारण उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर समयक रूप से विचार करने के उपरांत पूर्व में प्रकाशित विभापन को जिला चौकीदार स्थापना/नियुक्ति समिति द्वारा रद्द किया गया है।

## बकरीद को लेकर थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो के नेतृत्व में कांड्रा में फ्लैग मार्च

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बकरीद पर्व को लेकर कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में बुधवार की शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड, मुख्य मार्ग, कांड्रा मोड़, कांड्रा बस्ती, एसकेजी कॉलोनी आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर थाना प्रभारी ने लोगों से शांति एवम सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने की अपील किया। उन्होंने लोगों को किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देने, असामाजिक तत्वों पर नज़र रखने और सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी किया। कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया पर किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाले मैसेज पर भी प्रशासन नजर रखे हुए है। इस फ्लैग मार्च में कांड्रा थाना थाना के सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार भोक्ता, एसआई प्रकाश रजक, राहुल सिंह समेत कई पुलिस के जवान शामिल थे।

# डीसी की अध्यक्षता में जन्म व मृत्यु रजिस्ट्रीकरण को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**पूरे जिले में 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला योजना एवं विकास विभाग (अर्थ एवं सांख्यिकी) द्वारा छूटे हुए बच्चों का शत प्रतिशत जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने, जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण करने को लेकर आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला योजना पदाधिकारी-सह- सांख्यिकी पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, बीडीओ जमशेदपुर सदर प्रवीण कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो, एमजीएम अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ नकुल चौधरी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे वहीं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी (एमओआइसी), बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) आदि वीसी से जुड़े। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आमजनों में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण/प्रमाण पत्र के प्रति जागरूकता के अभाव में जन्म एवं मृत्यु का शत - प्रतिशत पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। इसी को लेकर सरकार ने पूरे राज्य में आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस कार्य को सांख्यिकी, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग आपस में समन्वय बनाकर करेंगे। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के महत्व से जुड़ी अहम जानकारी साझा किया। कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन के कारण जिन बच्चों का जन्म पंजीकरण नहीं हो सका हो ऐसे सभी बच्चों को चिन्हित करना है। विगत वर्षों में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की छुटी हुई घटनाओं के शत - प्रतिशत पंजीकरण करना है।

**जन्म-मृत्यु का पंजीकरण कहां कराएं**

1. शहरी क्षेत्र में पंजीयन संबंधित नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत एवं अधिसूचित क्षेत्र समिति में कराया जा सकता है। 2. चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल एवं रेफरल अस्पताल में घटित घटनाओं का पंजीयन संबंधित अस्पताल में ही होगा । 3. ग्रामीण क्षेत्र में पंजीयन ग्राम पंचायत में होता है। 4. ग्राम पंचायत में कार्यरत चौकीदार, आंगनबाड़ी सेविका एवं साहिया के माध्यम से अथवा सीधे पंचायत सचिव को जन्म और मृत्यु की घटना की सूचना देकर पंजीयन कराया जा सकता है। 5. बस, ट्रेन, हवाई जहाज, यान इत्यादि में जन्म या मृत्यु की घटना होने पर उसका रजिस्ट्रीकरण प्रथम विराम स्थान के अन्तर्गत आने वाली रजिस्ट्रीकरण इकाई में कराया जाना है। 6. किसी भी जन्म या मृत्यु की घटना का पंजीयन उसी शहर या ग्रामीण रजिस्ट्रेशन केन्द्र पर होगा जिसके क्षेत्र में घटना हुई है।

## नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में विश्राम कर महाप्रभु पहुंचे अपने घर, किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीमार पड़ने के बाद नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में विश्राम करने के बाद शनिवार को उल्टी रथयात्रा आयोजित कर महाप्रभु जगन्नाथ को अपने घर लाया गया। भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ अपने घर वापस पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान जगन्नाथ का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने उनकी आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इस दौरान सार्वजनिक रथ यात्रा कमेटी की ओर से बड़ा गम्हरिया स्थित मंदिर से भव्य रूप से सजाए गए रथ पर भगवान जगन्नाथ को उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रखकर उनकी पूजा अर्चना कर विदा किया गया। इस दौरान लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसके आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष गोपाल चौधरी, सचिव अरुण बेज, कोषाध्यक्ष प्रेमेंद्र नाथ पाल, वरुण दास, जगन्नाथ कुंडू, संजय मंडल, सीताराम बेज, संजय दास, भैरव प्रमाणिक। समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा। वहीं, कांड्रा में भी वापसी रथयात्रा निकालकर महाप्रभु को बानाडूंगरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर लाया गया। महाप्रभु के स्वस्थ होकर भाई व बहन के साथ अपने घर वापस आने पर भव्य स्वागत किया गया। इसके आयोजन में कांड्रा पंचायत के पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा, पूर्व उप प्रमुख मनोज महतो, समाजसेवी लालबाबू महतो, राम महतो, विजय महतो, राजू महतो, आशीष महतो, जीतेन महतो, रामचरण शर्मा, बप्पा पात्रा आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2023 कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2023 कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ मारुति मिंज, सीओ मनोज कुमार और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुब्रता महतो ने किया। इस मौके पर बीडीओ ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रखंड के ड्राप आउट बच्चो को पुनः स्कूल से जोड़ना है। उन्होंने प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से कार्यशाला में शामिल शिक्षकों को बताया कि कई बच्चे किन्हीं कारणों से अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं। उन बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सर्वप्रथम ऐसे बच्चों को विद्यालय से सम्बंधित क्षेत्रों में जाकर चिन्हित किया जाना है। तत्पश्चात, विद्यालयों में उनकी कक्षा के अनुसार नामांकन किया जाएगा। उन्होंने इस कार्य मे जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की अपील किया। इस कार्यशाला में काफी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आदित्यपुर में रजक समाज ने 'हमारा पेड़-हमारा पर्यावरण' की थीम पर मनाया हरी हरी पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर रजक समाज को-ऑपरेटिव सोसायटी के तत्वावधान में 'हमारा पेड़-हमारा पर्यावरण' के थीम पर हर साल की तरह इस बार भी बुधवार को हरी हरी पूजा, यानि हरियाली पूजा परंपरागत ढ़ंग से मनाया गया. इस मौके पर सोसाइटी के सदस्यो ने आदित्यपुर के आसंगी के समीप सबसे पहले नदी की पूजा की. उसके बाद सभी एनआईटी के समीप स्थित 25 पौधे लगाये गए. इस कार्यक्रम में संस्था के इस अभियान से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए. इस मौके पर संस्था की संरक्षिका शारदा देवी एवं महासचिव दुर्गाराम बैठा ने बताया कि यह पूजा विशुद्ध रूप से प्रकृति की पूजा है. इस कार्यक्रम में सोसाइटी की संरक्षिका शारदा देवी, दुर्गाराम बैठा, राजीव प्रधान, रवि शर्मा, अधिवक्ता संजय कुमार, सत्य प्रकाश चोरड़िया, मनोज रजक, श्वेता राज, पूनम देवी, बरखा, ज्योति, रानी, लकी, अवधेश रजक, सुरेश रजक, बबलू रजक, वीरेंद्र रजक, सूरज रजक, रंजीत रजक, जीतू रजक, आदि थे ।

## अवैध निकासी के खिलाफ यूसीलकर्मी ने जादूगोड़ा थाना में दर्ज कराई शिकायत

**साइबर अपराधियों के खिलाफ यूसीलकर्मी दिलीप कुमार दत्ता ने जादूगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** साइबर अपराधियों के खिलाफ यूसीलकर्मी दिलीप कुमार दत्ता ने जादूगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। घटना बीते 22 जून की है। एसबीआई की जादूगोड़ा शाखा के खाते से एईपीएस सिस्टम से साइबर अपराधियों ने उसके एसबीआई को जादूगोड़ा बैंक खाता संख्या 11 080 380 950 से 14 हजार अवैध निकासी कर ली थी। यह निकासी मास्टरमाइंड साइबर अपराधियों ने ए ई पी एस सिस्टम के द्वारा की। दिलीप दत्ता ने बताया कि पहली निकासी बीते 20 जून 6000 रूपये की और दोबारा दूसरी निकासी दो दिन बाद 22 जून को 8000 खाते से उड़ा ली।

## बकरीद पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की वर्चुअल बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त अरवा राजकमल एवं पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश के संयुक्त अध्यक्षता में बक़रीद पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गूगल मीट के माध्यम से संबंधित अधिकारियों सहित की गई। अब तक किए गए तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारी द्वय द्वारा क्रमवार सभी थाना प्रभारियों, बीडीओ एवं सीओ से क्षेत्रवार संवेदनशील क्षेत्रों की समीक्षा कर उन क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्ण



वातावरण में पर्व त्यौहार संपन्न कराने का संदेश देने ,सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी नहीं करने तथा प्रतिबंधित पशुओं को बलि नहीं करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पर्व-त्यौहार में किसी असामाजिक तत्व द्वारा माहौल बिगाड़ने या किसी अन्य धर्म जाति के विरुद्ध टीका-टिप्पणी करते हैं तो उन पर सुसंगत धाराओं के तहत नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अपने क्षेत्र स्थित नमाज़ स्थल सहित कुर्बानी तथा अन्य कार्यक्रमों में सौहार्द बनाए रखने का दायित्व निर्वहन करें। मस्जिदों के सचिवों से संपर्क में रहेंगे एवं आवश्यकता अनुसार पुलिस बलों को प्रतिनियुक्त करेंगे एवं नियमित पुलिस पेट्रोलिंग भी करेंगे। साइबर सेल को वाट्सएप एवं सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर सक्रिय रहने एवं उनकी निगरानी का निर्देश दिया गया। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से भी संपर्क रखने एवं आवश्यकता अनुसार ड्रोन कैमरे से भी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## मायुमं टाटानगर के शिविर में 115 रक्त यूनिट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने स्थापना दिपस के अवसर पर, सात दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन 27 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन बिस्टुपुर स्थित सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स के भवन में किया गया। जिसमें कुल 115 रक्त यूनिट एकत्र हुई। रक्तदान शिविर की सफलता अचीवर्स शाखा के सभी सदस्यों, शिविर के प्रायोजक ए. रवि कुमार के पुत्र जूनियर ए. ज्ञानित और पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी के नेतृत्व में सदर अस्पताल, खासमहल की पूरी टीम के सहयोगात्मक प्रयासों से संभव हो सकी। इस आयोजन में प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, राष्ट्रीय रक्त संयोजक नेहा पटवारी, प्रांतीय महासचिव सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुगम सरायवाला, नंदकिशोर अग्रवाल, विजय आनंद मूनका, मानव केडिया, सुभाष पटवारी, डॉ बिमलेश कुमार आदि ने अहम भूमिका निभाई। इसे सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, शाखा सचिव अंशुल रिंगसिया, शाखा कोषाध्यक्ष आदित्य जाजोदिया, रक्त संयोजक राजेश कुमार अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, आनंद अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, विजय सोनी, आकाश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आदि थे।

## प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** प्रखंड संसाधन केंद्र कुचाई में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्कूल रूआर 2023 कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिप सदस्य जींगी हेंब्रम छोटासेगोई पंचायत के मुखिया लुदरी हेंब्रम अरूवां पंचायत के मुखिया सरस्वती मींज बारूहातु पंचायत के मुखिया रेखा मनी उरांव बीपीओ नाथो महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जीप सदस्य श्रीमती हेंब्रम ने कहा कि जनप्रतिनिधि प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सदस्य व शिक्षक पोषक क्षेत्र का भ्रमण कर स्कूल के चौखट से दूर रहे 6 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को पुनः स्कूल में नामांकन करवाना सुनिश्चित करना है। वहीं मुखियाओं ने कहा कि 15 जुलाई तक चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत स्कूल छोड़ चुके बच्चों को स्कूलों में नामांकन कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी पूरी जिम्मेदारी सभी शिक्षकों पर है। मौके पर जिप सदस्य जींगी हेंब्रम मुखिया



लुदरी हेंब्रम मुखिया सरस्वती मींज मुखिया रेखा मनी उरांव बीपीओ नाथो महतो प्रभारी बीएओ हरिलाल राम प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोडा कृष्णा मोहन महतो आदित्य कुमार शीतल प्रसाद साहू राजकुमार महतो राजेश प्रधान सुधीर कुमार महतो आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# यूसील में पहली बार बड़े पैमाने पर हुआ तबादला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील में पहली बार आठ अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है व उन्हें पदोन्नति देकर नई जिम्मेदारियां सौपी गई है। इस तबादले के बाद सभी अधिकारियों ने अपने अपने जगह पर योगदान कर ड्यूटी में जुट गए है। इधर यूसील के डी जी एम( कार्मिक) राकेश कुमार के द्वारा बीते 24 जून को जारी कार्यालय आदेश के तहत झारखंड के बांदुहुराग यूरेनियम माइंस ( सरायकेला खरसवा जिला) के खान प्रबंधक किशोर भक्त को तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट (आंध्र प्रदेश) में तबादला किया गया है व उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देते हुए माइंस एजेंट बनाया गया है। अन्य तबादलो में महुलडीह यूरेनियम माइंस के अधीक्षक अभिषेक आनंद को यहां से हटाकर बांदुहुराग यूरेनियम माइंस ( सरायकेला- खरसावा) भेजा गया है जहां वे खान प्रबंधक का पद संभालेंगे। तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के डीजीएम सह खान प्रबंधक के के राव को यूसील कंपनी के सभी यूनिट का आईएसओ हेड बनाकर जादूगोड़ा तबादला किया गया है जबकि तुम्मापल्ली माइन्स के एडिशनल अधीक्षक एनवीवी एस बाबू को तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट का खान प्रबंधक बनाया गया है। नरवा पहाड़ के डीजीएम सह खान प्रबंधक मनोरंजन महाली को नरवा पहाड़ खान का एजेंट का पद संभालेंगे जबकि उनकी जगह पर एडिशनल अधीक्षक एसपी तमबद को नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट का माइंस मैनेजर बनाया गया है।इसके अलावे बागजाता माइंस के सहायक मैनेजर सिद्धार्थ सिंह को भाटीन माइंस भेजा गया है जहा वे खान प्रबंधक की कार्य भार देखेगे। वही भाटीन माइंस के खान प्रबंधक एस जी ईश्वर को नरवा यूरेनियम प्रोजेक्ट तबादला किया गया है व खान प्रबंधक एसपी तमबद के अधीन काम करेंगे।

## पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर निष्पादित किए जायेंगे खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योग के आवेदन पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग एवं उन्नयन योजना अन्तर्गत 15.07.2023 तक विशेष अभियान के तहत ऋण लेकर उद्यम स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने हेतु सभी प्रखण्ड में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन प्रतिनियुक्त हैं। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योग हेतु आवेदन पत्र निष्पादित किया जाएगा। नए उद्यम स्थापना या उन्नयन पर अधिकतम एक करोड़ तक की परियोजना एफ पी ओ/ स्वयं सहायता समूह/सहकारिता समूह के लिए अधिकतम दस करोड़ तक की परियोजना बैंकों के माध्यम से ऋण मुहैया कराने का प्रावधान है। लाभार्थी को परियोजना का 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान अनिवार्य है। नए उद्यम/उन्नयन पर अनुदान परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम दस लाख तक है। इसके लिए न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम कोई उम्र सीमा नहीं है। यह जानकारी जिला उद्योग महाप्रबंधक शिव कुमार द्वारा दी गयी।

## संपादकीय

# उग्रवाद की वापसी!

**पूर्वोत्तर** राज्य मणिपुर पर सर्वदलीय बैठक भी हो गई। गृहमंत्री अमित शाह ने अध्यक्षता की, क्योंकि प्रधानमंत्री विदेशी प्रवास पर थे। बैठक के निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किए गए। अलबत्ता गृहमंत्री ने राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाने से इंकार कर दिया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में गृहमंत्री शाह से मुलाकात कर मणिपुर के हालात का खुलासा किया। दावा किया जा रहा है कि 13 जून के बाद कोई भी हताहत नहीं हुआ। यह सरकारी कथन अपने आधार पर सही हो सकता है, लेकिन हकीकत देश के सामने है। मणिपुर में उग्रवाद का जो पुराना दौर लौट रहा है, वह किसी भी हताहत, अराजकता, आगजनी, अवैध हथियार और गोला-बारूद से ज्यादा खतरनाक है। करीब 1500 महिलाओं की भीड़, कथित सेना, ने जिन 12 उग्रवादियों को सरकारी हिरासत से छुड़वाया है, वह कोई बेहतर स्थिति नहीं है। यह प्रवृत्ति बड़ी भयावह है। मणिपुर के गली-मुहल्लों में कथित उग्रवादी भीड़ की ही हुकूमत है। मुक्त कराए गए उग्रवादी प्रतिबंधित संगठन 'कंग्लेई यावोल कन्ना लुप' (केवाईकेएल) के सदस्य हैं। यह संगठन मैतेई समुदाय से जुड़ा है। उनमें एक ऐसा हत्यारा उग्रवादी भी था, जिस पर 18 सैनिकों की जान लेने के आरोप हैं। इस स्थिति पर सर्वदलीय बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई, क्योंकि विपक्ष मुख्यमंत्री को ही 'बलि का बकरा' बनाने पर आमादा था। मुक्त कराए गए 12 उग्रवादियों से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। सेना की टुकड़ी उन्हें अपने साथ जरूर ले आई। मणिपुर में उग्रवाद का लंबा दौर रहा है। गनीमत है कि आज वहां संविधान, लोकतंत्र और न्यायपालिका पूरी तरह लागू हैं, लिहाजा सरकार और प्रशासन भी कार्यरत हैं। यह स्थिति विद्रूप हो सकती है, जैसा वर्ष 2000 से पहले था। यदि मणिपुर में उग्रवाद की वापसी होती है, तो वह एक बार फिर शेष देश से कट सकता है। मणिपुर भी भारत का अंतरंग हिस्सा है, लिहाजा सरकार के स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और जिम्मेदार अधिकारियों को ज्यादा चिंतित होकर हस्तक्षेप करना चाहिए और एक भरे-पूरे राज्य को 'राख' होने से बचाना चाहिए। मैतेई और कुकी, नगा आदि समुदाय मणिपुर के अस्तित्व से ही वहां के निवासी हैं। उनके विरोधाभास भी 'सनातन' हैं, लेकिन 'भीड़तंत्र' के जरिए उग्रवाद लौट रहा है। राज्य के आधा दर्जन जिलों-विष्णुपुर, इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, उखरुल, चूराचांदपुर, कंग्पोक्पी-में 'भीड़तंत्र' सेना, सुरक्षा बलों, पुलिस के ऑपरेशनों पर हावी है। हालांकि सुरक्षा बल और सेना ने अपने ऑपरेशनों के दौरान मणिपुरी जनता के प्रति धैर्य, संयम दिखाया है, लेकिन 'भीड़तंत्र' ने हमारे सैनिकों, जवानों को भी नहीं बख्शा है। भीड़ ने राज्य के मंत्री सुशीन्द्रो का एक और गोदाम जलाकर खाक कर दिया है। बीती 23 जून को मंत्री का ही एक गोदाम जला दिया गया था। इस स्थिति को केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री क्या कहेंगे? भाजपा के कार्यालय में भी आगजनी की गई है। हजारों लोग मणिपुर से विस्थापित हो चुके हैं। बेशक मरने वालों की संख्या सरकार कम बता रही है, लेकिन मणिपुर अशांत है, लगातार जल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा 'डबल इंजन सरकार' पर बहुत इतराते रहे हैं, लेकिन मणिपुर के जमीनी हालात देखकर कहा जा सकता है कि राज्य सरकार का इकबाल बिल्कुल खत्म हो चुका है। एक इंजन भी फेल हो चुका है। 'भीड़तंत्र' की आड़ में उग्रवादी, दंगई, अतिवादी सक्रिय हैं, जिनकी आज अपनी हुकूमत है। मैतेई और अन्य जनजातियों के विभाजन कोई जातीय नहीं, राजनीतिक मुद्दा हैं। यह सामाजिक समस्या भी नहीं है, लिहाजा केंद्र सरकार को दखल देकर राज्य सरकार और प्रशासन का 'इकबाल' बहाल करना होगा। राज्य में नागरिकों का भरोसा जीतना होगा। दिल्ली में जंतर-मंतर पर बैठे मणिपुरियों को यह कहने की नौबत नहीं आनी चाहिए कि मुख्यमंत्री ने उन्हें अलग कर दिया है, लिहाजा उन्हें अपनी सरकार, अपना प्रशासन दिया जाना चाहिए। एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मणिपुर भेजने के कोई फायदे नहीं हैं। हरसंभव कोशिश की जानी चाहिए कि मणिपुर में उग्रवाद की वापसी न हो।

> मणिपुर के गली-मुहल्लों में कथित उग्रवादी भीड़ की ही हुकूमत है। मुक्त कराए गए उग्रवादी प्रतिबंधित संगठन 'कंग्लेई यावोल कन्ना लुप' (केवाईकेएल) के सदस्य हैं। यह संगठन मैतेई समुदाय से जुड़ा है। उनमें एक ऐसा हत्यारा उग्रवादी भी था, जिस पर 18 सैनिकों की जान लेने के आरोप हैं। इस स्थिति पर सर्वदलीय बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई, क्योंकि विपक्ष मुख्यमंत्री को ही 'बलि का बकरा' बनाने पर आमादा था। मुक्त कराए गए 12 उग्रवादियों से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए।

## कुछ अलग

# जी का जंजाल बनी वन भूमि

**एक** बार फिर पहाड़ अपनी ही परिभाषा से लड़ रहा है। पहाड़ के मायनों को वन संरक्षण के अधिनियम की जंजीरों से इतना बांध दिया गया है कि अब हिमाचल जैसे राज्यों को भी सोचना होगा कि भविष्य के लिए कितना जल, कितना जंगल और कितनी जमीन चाहिए। हिमाचल के कुछ स्वाभाविक प्रश्न जो पूछे जा सकते हैं, क्या पहाड़ जमीन नहीं? क्या पहाड़ जीवन नहीं? क्या पहाड़ में होना सिर्फ कानूनों की फेहरिस्त में जीना बना रहेगा। आबादी को अगर पेड़ चाहिए, तो चलने को रास्ता-खेलने को मैदान भी चाहिए। मैदानी राज्यों की आय अगर शहरीकरण, औद्योगीकरण, कनेक्टिविटी या आधुनिक अधोसंरचना निर्माण से बढ़ रही है, तो हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य को कब तक बंधक बनाएंगे। ताजातरीन उदाहरण शिमला विकास योजना की परिधि में फंसी उस इच्छा शक्ति को लेकर है, जो विजन 2041 के तहत हिमाचल की राजधानी का नया आकार देख रही है। शहर मौजूदा ढाई लाख की आबादी को अगले दशकों में करीब सवा छह लाख तक पहुंचता हुआ देख रहा है। ऐसे में एनजीटी की आंख और विकास की आंख में ही अंतर नहीं, बल्कि वन संरक्षण अधिनियम नागरिक समाज के फैलते दायरे पर आंखें मूंदे बैठा है। अगले कुछ सालों में हिमाचल के कमोबेश हर शहर नहीं, बल्कि गांव को भी फैलना है। जाहिर है तब यह विकास नागरिक समाज की उत्कंठा में कई दबाव पैदा करेगा, जिसे अभी से संबोधित करना होगा। शिमला विकास परियोजना इन्हीं संकल्पों की बाट जो रही है, जिसे कबूल है-कबूल है सुनने से पहले एनजीटी के आगे माथा रगड़ना होगा। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट से मिली आरंभिक राहत से अब सुकून पाने का सबब पुख्ता हो रहा है। ऐसी अनेक अनापत्तियों के दरम्यान पहाड़ के मायने कराहने लगे हैं या जीने की व्यावहारिकता में लग रही रोक से आजिज यह प्रदेश अब नए विकल्प खोजने लगा है। इसी विषय में कृषि मंत्री चंद्र कुमार का बयान भविष्य के अर्थ पढ़ रहा है। मंत्री के अनुसार सरकार एक प्रस्ताव के तहत केंद्र से जंगल की जमीन में फंस गई पारंपरिक घासनियों या चरागाहों को वापस लेना चाहती है, ताकि निचले क्षेत्रों के पशुधन को प्रचुर मात्रा में चारा मिल सके। यह बहुत पुरानी बात नहीं है, जब गांव के पशु एक साथ सार्वजनिक चरागाहों में अपने भोजन की तलाश नियमित रूप से पूरी करते थे। हिमाचल को अगर डेयरी के जरिए संसाधन पैदा करने हैं, तो जंगल की तफतीश में चरागाहों को मुक्त कराना होगा। दुर्भाग्यवश जंगल-जंगल के खेल में हिमाचल ने अमंगल को रसीद कर लिया। इस वजह से विकास का हर पांव जंगल में फंसा है, जबकि अब तो जीने का सामान भी वन भूमि के कब्जे में चला गया है। हद तो यह कि अगर श्मशानघाट भी बनाना हो तो अनुमति पाने तक कई मृतकों को सजा देनी पड़ती है। आश्चर्य यह भी कि जंगलों के प्रबंधन के लिए एक भारी अमला राज्य को ढोना पड़ता है और यह विभाग केवल मीन मेख निकालने का एक पुर्जा साबित हो रहा है। धर्मशाला स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत स्ट्रीट लाइट के चार स्मार्ट पोल व स्मार्ट रोड की पूरी परिभाषा को सिर्फ वन विभाग बाधित कर रहा है, तो कहीं जनतंत्र पर यह विभाग भी भारी है। प्रदेश अपनी 70 फीसदी जमीन वन को देकर अगर तलवे चाट रहा है या इसके एवज में हमें आवारा पशु एवं वण्य प्राणी मिल रहे हैं, तो यह राज्य की तरक्की व नागरिक अधिकारों के लिए जी का जंजाल ही बन रहे हैं। वनों से भूमि को वापस लिए बिना हिमाचल के आर्थिक उत्थान का ढांचा मुकम्मल नहीं होगा और न ही नागरिक समाज के जीवन में खुशियों का आभास होगा। बेशक हिमाचल को अपने वनों के मार्फत पर्यावरणीय संतुलन, भैगोलिक परिस्थितियां तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का मुकाबला करना होगा, लेकिन किसी भी सूरत प्रदेश की पचास फीसदी से अधिक जमीन जंगलों के अधीन नहीं आनी चाहिए। निचले इलाकों में तो कतई नहीं।

## भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते धन बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करता है

# नये भारत में भी प्रतिभा पलायन का जारी रहना चिंता की बात है

ललित गर्ग

> पिछले वर्ष की तुलना में यह करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहें। रिपोर्ट के अनुसार, उच्च निवल मूल्य वाली व्यक्तिगत आबादी के 2031 तक 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान है, जो इस अवधि के दौरान भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते धन बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से देश के भीतर संपन्न वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों द्वारा संचालित होगी।

**धनाढ्य** परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। ऐसे क्या कारण हैं कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनुमानित 6,500 हाई- नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनआई) के 2023 में भारत से बाहर जाने की संभावना है, पिछले वर्ष की तुलना में यह करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहें। रिपोर्ट के अनुसार, उच्च निवल मूल्य वाली व्यक्तिगत आबादी के 2031 तक 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान है, जो इस अवधि के दौरान भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते धन बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से देश के भीतर संपन्न वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों द्वारा संचालित होगी। इसमें समृद्ध व्यक्तियों के भारत लौटने की प्रवृत्ति को भी देखा जा रहा है, और जैसे-जैसे जीवन स्तर में सुधार जारी है, यह अधिक संख्या में धनवान व्यक्तियों के भारत वापस आने का अनुमान लगाता है। लेकिन प्रश्न है कि भारत के करोड़पति आखिर नये बनते भारत एवं उसकी चिकित्सा, शिक्षा, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक उज्ज्वलता के बावजूद क्यों विदेश जा रहे हैं? वैसे तो यह हर किसी का व्यक्तिगत अधिकार और चाहत हो सकती है कि वह कहां बसना और कैसी जीवनशैली चाहता है? लेकिन हाई नेटवर्थ वाले (अति समृद्ध) हमारे देशवासियों के देश छोड़ कर कहीं और बसने की तैयारी की ताजा रिपोर्ट बहुत कुछ कहती है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। संतोष इस बात पर किया जा सकता है कि ऐसा कदम उठाने वाले इन अति समृद्धशालियों की संख्या पिछले साल की तुलना में लगभग एक हजार कम है। लेकिन यह संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। भारत के दृष्टिकोण से इस तथ्य का विश्लेषण ज्यादा जरूरी हो



जाता है। जानना यह भी जरूरी है कि बचपन से जवानी तक का एक-एक पल देश में गुजारने और यहीं अमीर बनने का सफर तय करने के बाद देश से मोह भंग होने के कारण आखिर क्या हो सकते हैं? उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरूरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो तमाम पहलुओं पर विचार भी करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यह दौड़ भारतीय महानगरों से विदेशी महानगरों की तरफ ही है। विदेश में बसने की यह दौड़ ऐसे समय देखने को मिल रही है जब देश में विकास के नये कीतिमान स्थापित हो रहे हैं, जीवनशैली उन्नत एवं सुविधापूर्ण होती जा रही है, व्यापार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को पंख लग रहे हैं। भारत दुनिया में साख एवं धाक जमा रहा है। दुनिया की नजरें भारत पर लगी हैं और यहां अनंत संभावनाओं को देखते हुए विदेशी भारत आ रहे हैं। फिर भारतीय विदेशों की ओर क्यों जा रहे हैं। अपने देश से ही पाने और मौका पड़ने पर देश को लौटाने की परिपाटी बरसों से है। सिर्फ क्वालिटी लाइफ को ही पलायन की वजह नहीं माना जा सकता। उन कारणों की तलाश भी करनी जरूरी है जिसकी वजह से लोग देश को छोड़कर कहीं ओर बसना चाहते हैं। सुरक्षित माहौल, अनुकूल कर ढांचा, सरल प्रशासनिक व्यवस्था, निवेश का माहौल, रोजगार, शिक्षा व चिकित्सा जैसी सुविधाओं की तरफ भी ध्यान देना होगा ताकि पलायन की इस प्रवृत्ति की रोकथाम हो सके। बात केवल करोड़पतियों की ही नहीं है, बल्कि भारत की प्रतिभाओं की भी है। उच्च शिक्षित प्रतिभाओं को भारत में उचित प्रोत्साहन एवं परिवेश न मिलने से वे भी विदेशों की ओर पलायन करती है। विदेशों में काम करने वाले भारतीय उच्च शिक्षित हैं और आमतौर पर उन्हें भारत में उपयुक्त करियर नहीं मिला। सिंगापुर जैसे देशों ने भारतीयों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। इसके अलावा, स्कैंडिनेवियाई देश हैं, जिन्होंने आप्रवासन नियमों में ढील दी है, जिससे भारतीयों के लिए वहां जाना आसान हो गया है। सबसे बढ़कर, भारतीय आईटी पेशेवरों की अमेरिका में अत्यधिक मांग है। वैज्ञानिक और तकनीकी प्रवृत्ति पर आधारित विश्व स्तर पर ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था ने प्रतिभाशाली कर्मियों की बढ़ती मांग को जन्म दिया है। भारत विशेष रूप से यूरोपीय देशों के लिए प्रतिभाशाली और कुशल मानव संसाधनों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया है। कई देश, इंजीनियरों, डॉक्टरों और संचार की भाषा के रूप में अंग्रेजी के साथ अन्य प्रमुख सेवा प्रदाताओं के रूप में भारतीयों की आंतरिक प्रतिभा से अवगत हैं, उनके लिए तेजी से अपने दरवाजे खोल रहे हैं। भारतीयों का एक बड़ा वर्ग विश्व की बड़ी कंपनियों में कार्यरत हैं। सूची में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एडोब, आईबीएम, पालो आल्टो नेटवर्क सहित अन्य शामिल हैं। क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज अपनी समृद्धि को भोगने या अपनी प्रतिभा का विदेश की चकाचौंध भरी धरती पर उपयोग करने और उन्हें लाभ पहुंचाने विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न एवं भोगवादी जीवन जीने लगता है? और यह भी नहीं कि बाहर जाने वाला हर व्यक्ति दक्ष होता है। क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। कारणों की लम्बी फहरिस्त में मूल है देश में अशांति, आतंक, जटिल कर-कानून व्यवस्था और हिंसा का ताण्डव होना? कारण है- शासन, सत्ता, संग्रह और पद के मद में चूर यह तीसरा राजनीतिक आदमी, जिसने जनतंत्र द्वारा प्राप्त अधिकारों का दुरुपयोग किया और जनतंत्र की रीढ़ को तोड़ दिया है।

# भारत की रेटिंग कमजोर करता बढ़ता कर्ज

> नरेंद्र मोदी सरकार के पहले 5 साल में जीडीपी के अनुपात में केंद्र सरकार का कर्ज 4.2 फीसदी कम हुआ। सच्चाई यह भी है 2018-19 के बाद कोरोना काल में केंद्र सरकार का कर्ज बढ़ गया क्योंकि एक तरफ भारत की जीडीपी में विकास के बजाय संकुचन हुआ और लोगों को चिकित्सा सहायता, कोरोना टीकाकरण, ऋण चुकाने में छूट, विभिन्न प्रकार की सहायता आदि उपायों को अपनाना सरकार के लिए आवश्यक हो गया। इसके लिए उधार लेना सरकार की मजबूरी थी, क्योंकि कर राजस्व महामारी के दौरान भारी खर्च के लिए अपर्याप्त था। ऐसे में सरकारी कर्ज जीडीपी अनुपात जो वर्ष 2019-20 में 50.9 प्रतिशत था, वह वर्ष 2020-21 में बढक़र 61 प्रतिशत हो गया। लेकिन कोरोना के बाद यह प्रतिशत वर्ष 2022-23 में घटकर मात्र 56 प्रतिशत रह गया है। यही वजह है कि मार्च 2023 में खुद कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने माना था कि सरकार का पूरा फोकस राजकोषीय घाटे और कर्ज के प्रबंधन पर है और इसका श्रेय सरकार को दिया जाना चाहिए।

**हालांकि** विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि मोदी काल में देश पर कर्ज बढ़ा दिया है। लेकिन यह सही नहीं है। वास्तविकता यह है कि वर्ष 2013-14 में देश की कुल जीडीपी 112 लाख करोड़ रुपए थी और केंद्र सरकार का कुल कर्ज 58.6 लाख करोड़ रुपये था, यानी जीडीपी का 52.2 प्रतिशत। आज 2022-23 में जब जीडीपी 272 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है तो केंद्र सरकार का कुल कर्ज और देनदारियां, जो 152.6 लाख करोड़ रुपये हैं, जीडीपी के लगभग 56 प्रतिशत के बराबर हैं। हमें यह भी समझने की जरूरत है कि वर्ष 2018-19 में केंद्र सरकार का कुल कर्ज और देनदारी 90.8 लाख करोड़ रुपये थी, जबकि जीडीपी लगभग 189 लाख करोड़ रुपये थी। यानी केंद्र सरकार का कुल कर्ज और देनदारियां जीडीपी का महज 48 फीसदी थीं। दरअसल नरेंद्र मोदी सरकार के पहले 5 साल में जीडीपी के अनुपात में केंद्र सरकार का कर्ज 4.2 फीसदी कम हुआ। सच्चाई यह भी है 2018-19 के बाद कोरोना काल में केंद्र सरकार का कर्ज बढ़ गया क्योंकि एक तरफ भारत की जीडीपी में विकास के बजाय संकुचन हुआ और लोगों को चिकित्सा सहायता, कोरोना टीकाकरण, ऋण चुकाने में छूट, विभिन्न प्रकार की सहायता आदि उपायों को अपनाना सरकार के लिए आवश्यक हो गया। इसके लिए उधार लेना सरकार की मजबूरी थी, क्योंकि कर राजस्व महामारी के दौरान भारी खर्च के लिए अपर्याप्त था। ऐसे में सरकारी कर्ज जीडीपी अनुपात जो वर्ष 2019-20 में 50.9 प्रतिशत था, वह वर्ष 2020-21 में बढक़र 61 प्रतिशत हो गया। लेकिन कोरोना के बाद यह प्रतिशत वर्ष 2022-23 में घटकर मात्र 56 प्रतिशत रह गया है। यही वजह है कि मार्च 2023 में खुद कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने माना था कि सरकार का पूरा फोकस राजकोषीय घाटे और कर्ज के प्रबंधन पर है और इसका श्रेय सरकार को दिया जाना चाहिए।

चिंताजनक हैं राज्य सरकारों के कर्ज : जबकि केंद्र सरकार के राजकोषीय अनुशासन, जिसके लिए उसे अपने कट्टर विरोधियों से भी प्रशंसा मिलती है, ने केंद्र सरकार के ऋण को सीमा के भीतर रखा है, जबकि केंद्र और राज्य सरकारों का समग्र ऋण बढ़ता जा रहा है। इसका मुख्य कारण राज्य सरकारों की वित्तीय अनुशासनहीनता है। गौरतलब है कि 2013-14 में जहां राज्य सरकारों का कुल कर्ज और देनदारी जीडीपी का महज 22 फीसदी था, वहीं साल 2018-19 तक (कोरोना से पहले) यह 25.33 फीसदी पर पहुंच गया। हालांकि कोरोना के बाद स्वाभाविक तौर पर ये कर्ज और देनदारियां जीडीपी के 31.05 फीसदी तक और बढ़ गई थीं। इसलिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का समग्र ऋण (जिसमें केंद्र सरकार के ऋण और देनदारियां और केंद्र सरकार को छोडक़र अन्य के प्रति राज्य सरकारों की देनदारियां शामिल हैं) 2013-14 में 67 प्रतिशत से 2020-21 में बढक़र 89.41 प्रतिशत हो गया।। इस वृद्धि में पूरा योगदान राज्य सरकारों के ऋण-देनदारियों में वृद्धि का था।

कुछ राज्य सरकारों का बढ़ता कर्ज : जहां राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम के अनुसार राज्य सरकारों का ऋण और देनदारियां राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, 2020-21 तक देश के ज्यादातर राज्यों में कर्ज-जीडीपी अनुपात 20 फीसदी से ज्यादा पहुंच गया था। राज्य सरकारों के आंकड़ों के मुताबिक पंजाब में यह 48.98 फीसदी, राजस्थान में 42.37 फीसदी, पश्चिम बंगाल में 37.39 फीसदी, बिहार में 36.73 फीसदी, आंध्र प्रदेश में 35.30 फीसदी और मध्य प्रदेश में 31.53 फीसदी पहुंच गया। लेकिन कैग का कहना है कि अगर राज्य सरकारों के उद्यमों के कर्ज और राज्य सरकारों की गारंटी को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो राज्य सरकारों का कर्ज असल में कहीं ज्यादा है। कैग के अनुमान के मुताबिक यह पंजाब में जीडीपी का 58.21 फीसदी, राजस्थान में 54.94 फीसदी, आंध्र प्रदेश में 53.77 फीसदी, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में क्रमशः 47.89 फीसदी और 47.13 फीसदी पहुंच गया था। सीएजी द्वारा परिकलित ऋण और देनदारियां इस संबंध में राज्य सरकारों द्वारा दिए गए आंकड़ों से 10 से 20 फीसदी अधिक हैं। अर्थात यह माना जा सकता है कि यद्यपि वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों का समग्र ऋण सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 84 प्रतिशत है, लेकिन कैग के अनुमान के अनुसार केंद्र और राज्य सरकारों का समग्र ऋण सकल घरेलू उत्पाद के 90 प्रतिशत से अधिक है। क्यों बढ़ रहा है राज्यों का कर्ज : यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी दोनों, के तहत गरीबों के लिए आवास के लिए भारी धनराशि के बावजूद, जिसमें 3 करोड़ घर पहले ही बन चुके हैं, कोरोना काल से अब तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, किसी भी कृषि भूमि वाले सभी किसानों को किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत के तहत करोड़ों लोगों का 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, बुनियादी ढांचे के निर्माण पर भारी खर्च, औद्योगिक उत्पादन को गति देने के लिए लगभग 3 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, कोरोना के दौरान तमाम तरह की राहत और प्रोत्साहन के साथ-साथ पूरी आबादी का टीकाकरण के भारी खर्च के बावजूद केंद्र सरकार का ऋण सीमा के भीतर है, जबकि कई राज्य सरकारें राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने में विफल रही हैं। इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक का मानना है कि इस खतरे के पीछे मुफ्तखोरी का हाथ है। कर राजस्व का एक बड़ा हिस्सा मुफ्त योजनाओं पर खर्च होता है। पंजाब में यह 45.5 फीसदी है, जबकि आंध्र प्रदेश में यह खर्च 30.3 फीसदी है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश एवं झारखण्ड में **कर राजस्व का क्रमशः** 28.8 प्रतिशत एवं 26.7 प्रतिशत मुफ्त योजनाओं पर व्यय किया जाता है। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में देखा जाए तो पंजाब में जीडीपी का 2.7 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में जीडीपी का 2.1 प्रतिशत मुफ्त योजनाओं के लिए खर्च किया जाता है। आजकल कई राज्यों में अमीर और गरीब सभी को 100 से 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी और महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, जैसी योजनाओं की बाढ़ सी आ गई है। यानी, चाहे किसी को मुफ्त बिजली/पानी/यात्रा की जरूरत हो या नहीं, यह सभी के लिए उपलब्ध है। मुफ्त की योजनाओं के कारण, वोट बटोरने के उद्देश्य से, प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद के कारण, राज्यों का कर्ज और इसलिए, देश का कुल कर्ज बढ़ रहा है, जिसे हमारी आने वाली पीढ़ियों को वहन करना होगा।

# त्याग, बलिदान और बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है ईद उल अजहा



**आरिफ वकार@प्रभात मंत्र**

इस्लाम धर्म में दो त्यौहार सबसे खास और प्रमुख होते हैं। जिसमें एक रमजान के पवित्र माह के अंत में आने वाली मीठी ईद, तो दूसरा सबसे खास त्यौहार रमजान महीने के 70 दिनों बाद आने वाली ईद उल अजहा (बकरा ईद) है। मीठी ईद के बाद मुसलमानों का यह सबसे प्रमुख त्यौहार होता है। इसमें हर काबिल मुसलमान अल्लाह ताला को खुश रखने के लिए कुर्बानी देता है। कुर्बानी का प्रतीक कहा जाने वाला यह त्यौहार बकरे की कुर्बानी के साथ-साथ तमाम बुराइयों को भी त्यागने का संदेश देता है।

**जानिए क्यों दी जाती कुर्बानी**

बकरा ईद के त्यौहार को हर मुसलमान बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाता है। कुर्बानी के इस त्यौहार को हम इसलिए मनाते हैं, क्योंकि पैगंबर हजरत इब्राहिम से अल्लाह तबारक व ताला ने अपनी सबसे प्यारी चीज कुर्बान करने के लिए हुकुम दिया था। पैगंबर हजरत इब्राहिम की सबसे प्यारी चीज उनका इकलौता बेटा था। जिसे अल्लाह ताला ने उन्हें 80 साल की उम्र में दिया था। हजरत इब्राहिम के लिए जो बेटा 80 साल की उम्र में उन्हें प्राप्त हुआ था वहीं बेटा उनके लिए सबसे महबूब और प्यारा था। जिसके बाद लगातार तीन दिन उन्हें ख्वाब में दिखा था कि अपने सबसे प्यारी चीज़ को कुर्बान करना है। लगातार तीन दिन इस सपने को देखने के बाद हजरत इब्राहिम से ऐसी परिस्थिति आ गई कि आगे कुआं पीछे खाई। फिर पैगंबर के आगे एक तरफ बेटे की मोहब्बत थी तो दूसरी तरफ अल्लाह ताला का हुकुम और इन सब के बाद जब हमारे हजरत इब्राहिम ने यह बात अपने बेटे इस्माइल को बताई कि मुझे ऐसा ऐसा ख्वाब दिखा है, बेटे इस्माइल ने भी हजरत इब्राहिम से फौरन कह दिया कि आपको अल्लाह ताला की ओर से जो आदेश मिला है, आप उसकी पालना कीजिए और उस काम को कर दीजिए। इसके बाद हजरत इब्राहिम अपने बेटे को कुर्बान करने के लिए जंगल की तरफ ले जाते हैं और फिर जैसे ही हमारे पैगंबर अपने बेटे को कुर्बान करने के लिए उस पर छुरी चलाते हैं, तो अल्लाह ताला को उनकी यह बंदगी और अपने आदेश की पालना करना इतना पसंद आया कि उस वक्त अल्लाह ताला ने हजरत इब्राहिम के बेटे को छुरी के नीचे से हटाकर कुर्बानी के लिए एक बकरे को छुरी के नीचे लगा दिया। इसीलिए इसी आस्था के चलते हर मुसलमान ईद उल अजहा के दिन अल्लाह ताला के हुकुम के अनुसार बकरे की कुर्बानी देता है।

**बकरे कुर्बानी तो सिर्फ प्रतीकात्मक रूप है**

ईद उल अजहा के दिन बकरे की कुर्बानी देना तो प्रतीकात्मक रूप है, लेकिन असल में इस त्यौहार का महत्व अपने अंदर की बुराइयों को खत्म करना है। उनका कहना है कि इस दिन मुसलमान अपने माल की भी कुर्बानी देता है। इस दिन के कुर्बानी के गोश्त के लिए भी अल्लाह ताला का यह हुकुम है कि उसके भी तीन हिस्से किए जाएं। जिसमें एक हिस्सा गरीब और जरूरतमंदों को और दूसरा हिस्सा अपने परिचितों मित्रों को और तीसरा हिस्सा अपने घर वालों को दिया जाता है।

## नागरिक बोध

# अंतरात्मा की आवाज बताती - क्या सही है और क्या गलत है?

**नैतिक** कम्पास एक शब्द है जिसका उपयोग हमारे सही और गलत की आंतरिक भावना का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो हमारे कार्यों को निर्देशित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। विवेक एक व्यक्ति की आंतरिक नैतिक भावना है जो उसे अपने व्यवहार को विनियमित करने के लिए मार्गदर्शन करती है। अंतरात्मा की आवाज एक आंतरिक आवाज से मेल खाती है जो आपके व्यवहार का न्याय करती है। अंतरात्मा की आवाज कई लोगों के लिए नैतिक निर्णय लेने का स्रोत है। विवेक को हम में से प्रत्येक के भीतर कुछ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो हमें बताता है कि क्या सही है और क्या गलत है। इसलिए, यदि कोई निर्णय लेते समय अपने विवेक का उपयोग करता है तो वह इस बात से निर्देशित होगा कि क्या करना सही है और क्या गलत। पारंपरिक परीक्षण नैतिक निर्णय लेने के तरीकों को लागू करना है जैसे अधिकार सिद्धांत जो हमें दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने और उनके प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए बाध्य करता है। एक अन्य दृष्टिकोण है हितधारकों पर कार्रवाई के वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के संभावित लाभ और नुकसान का मूल्यांकन करना जो हमारे संभावित कार्यों से प्रभावित हो सकते हैं और शुद्ध लाभ को अधिकतम करने वाले को चुनें। हमारा विवेक हमारा आंतरिक मार्गदर्शक है और यह आपको यह पता लगाने में मदद करता है कि अच्छे चुनाव कैसे करें। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हम गलत से सही सीखते हैं। हमारा विवेक वह विचार और भावना है जो हमारे पास है जो हमें बताता है कि कुछ करना या कहना सही है या गलत। इस प्रकार विवेक की आवाज नैतिक निर्णय लेने के लिए एक सतत मार्गदर्शक है। एक व्यक्ति रुककर और मुद्दे के आयामों के बारे में सोच कर खुद को अंतरात्मा की आवाज सुनने के लिए तैयार कर सकता है। एक इंसान हमेशा निर्णय लेने की प्रक्रिया में नैतिक दुविधाओं का सामना करता है। विवेक की आवाज सही निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है जब हमें किसी दिए गए, आमतौर पर अवांछनीय या उलझन में डालने वाली स्थिति में सिद्धांतों के प्रतिस्पर्धी सेटों के बीच चयन करना होता है। उदाहरणः साक्षात्कार के लिए जाते समय दुर्घटना के शिकार व्यक्ति की सहायता करना। एक व्यक्ति की अंतरात्मा की आवाज विभिन्न दृष्टिकोणों से स्थिति का विश्लेषण करने और सही निर्णय लेने में मदद करती है। विवेक की आवाज बेहतर निर्णय लेने के लिए हितों के टकराव से बचने में मदद करती है। यह व्यक्तिगत लाभ और लोक कल्याण के बीच निर्णय लेने में मदद कर सकता है। विवेक की आवाज नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों के आलोक में व्यावहारिक निर्णय लेने की हमारी क्षमता है। अंतरात्मा की आवाज एक व्यक्ति के सही और गलत के साथ-साथ उसके कार्यों की चेतना का नैतिक दिक्सूचक है।

# जन्म-मृत्यु निबंधन एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विकास भवन के सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जन्म - मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान अन्तर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस मौके पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज़ अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी सह सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार, सिविल सर्जन चतरा श्याम नंदन सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।जिला योजना पदाधिकारी सह सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार द्वारा बताया गया कि विशेष अभियान के अन्तर्गत सभी सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक ऑगनबाड़ी पर्यवेक्षिका, सेविका, सहिया को अपने -अपने क्षेत्राधिकार अन्तर्गत प्रत्येक बच्चे जिसका जन्म का निबंधन नहीं हुआ है उनको स्वयं संज्ञान लेते हुए निबंधन किया जाना है। जिसके तहत सभी आवश्यक कागजात यथा आवेदन पत्र, निबंधन पत्र (प्रपत्र-1) स्व अभिप्रमाणित शपथ पत्र, -पिता का पहचान पत्र, गवाहों का पहचान पत्र (ग्रामीण क्षेत्र में पाँच गवाह एवं शहरी क्षेत्र में दो गवाह) को संकलित करते हुए अपने क्षेत्र के पंचायत सचिव को प्राप्त कराएंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव जाँच प्रतिवेदन के साथ संकलित प्रपत्र को अनुमोदित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी को विलम्बित निबंधन हेतु अभिलेख प्रस्तुत करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी से स्वीकृति आदेश प्राप्त होने के उपरांत पंचायत सचिव प्रमाण पत्र निर्गत एवं लाभुक को हस्तगत कराएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को 05 जुलाई तक अपने-अपने प्रखण्ड में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी, ऑगनबाड़ी पर्यवेक्षिका सेविका, सहायिका सभी सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं पंचायत सचिव को प्रशिक्षण देने व उक्त अभियान के अन्तर्गत पंचायत सचिव को नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने का निदेश प्राप्त है। साथ ही आँगनबाड़ी स्तर पर भी तिथि निर्धारित करते हुए प्रशिक्षण का आयोजन करने एवं संबंधित पदाधिकारी,कर्मी को 14 जुलाई से 21 जुलाई तक अपने क्षेत्राधिकार में जन्म संबंधी आवेदन निश्चित रूप से एकत्र किया जाय। 21 जुलाई के उपरांत नियमानुसार विलम्बित मृत्यु की घटना पर विशेष ध्यान देते हुए (जाँच-पड़ताल) शत प्रतिशत निबंधन करने हेतु कार्रवाई की जाए। मृत्यु निबंधन के संबंध में बी एल ओ एवं सहिया की विशेष मदद लेने व जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा अभियान के अन्तर्गत विशेष रूप से प्रधानाध्यापकों को सहयोग हेतु अपील करने की बात कही जिससे कि हर परिस्थिति में बैकलॉग ( जन्म-मृत्यु) को शत प्रतिशत कर अभियान को सफल बनाया जा सके।

# चाकूबाजी में युवक घायल, गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मंगलवार को बाजार टांड़ में लगे सप्ताहिक हॉट में करीब 7:00 आपसी विवाद के कारण बारे बारेसांढ़ निवासी संतोष कुमार ने लातेहार जुबली चौक निवासी रंजीत कुमार उम्र 22 वर्षीय पर धारदार हथियार (हसुआ) से हमला कर दिया। जानकारों ने बताया कि दोनों युवक के बीच पूर्व में भी त्रिपाल लगाने को लेकर नोकझोंक हुई थी। इसी बात को लेकर गुस्साए युवक संतोष कुमार ने रंजीत पर हमला किया, हमले के दौरान रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया. इस दौरान उसके पेट से अतरिया बाहर निकल गई, इस दृश्य को देखते हुए लोग आश्चर्यचकित हो गए। वही हमलावर को पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन हमलावर ने भीड़ का फायदा उठाकर भागने का प्रयास किया, किंतु स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। और थाना को सौंप दिया गया, उधर घायल युवक को स्थानीय लोगों द्वारा त्वरित सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इस संबंध में डॉक्टर सुनील कुमार भगत ने बताया युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही सदर थाना से दल बल के साथ पहुंचे ए एस आई दिवाकर सिंह, मौके पर मुहल्ले वासी की भिड़ उमड़ी रही।

# कौशल जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तत्वाधान में कौशल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन पंचायत सचिवालय बनहरदी चंदवा के प्रांगण में किया गया। कार्यशाला का उद्धघाटन मुख्य अतिथि श्रम अधीक्षक सह कौशल पदाधिकारी लातेहार, रमेश उरांव, मुखिया, एवं राजेश उरांव, सरस्वती देवी, प्रतिमा देवी वार्ड सदस्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला कौशल पदाधिकारी सह श्रम अधीक्षक लातेहार के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवा इस कौशल प्रशिक्षण का लाभ लें। मुखिया, बनहरदी के द्वारा संबोधन दिया गया कि कि सभी युवक युक्तियां कौशल प्रशिक्षण करें तथा अपने हुनर को आगे ले जाए। कार्यक्रम के दौरान दक्षय अकैडमी लातेहार के 2 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपना प्रशिक्षण के दौरान किए गए अनुभव बताया गया। कार्यक्रम में झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के निबंधित लाभुकों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन पंचायत सचिवालय में कराया जा रहा था द्य कार्यक्रम का संचालन विभाग के रंजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान एमजीएनएफ मृदुला कुमारी, अभिषेक कुमार प्रोजेक्ट असिस्टेंट, विजय सिंह, रशीद अंसारी, पंकज कुमार यादव, श्रमिक मित्र एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

# राजा साहब यात्री बस ओवरटेक करने के दौरान हुई दुर्घटनाग्रस्त, दर्जनों यात्री घायल

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत एनएच-39 स्तिथ पतकी पिकेट के समीप देवबार मोड़ के पास बुधवार को राजा साहब यात्री बस ओवरटेक करने के दौरान हुई दुर्घटनाग्रस्त, जिसमें दर्जनों यात्री घायल हो गए हैं सभी को मनिका रेफरल हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेज दिया गया है ग्रामीण ने बताया कि राजा साहब बस रांची से होकर मेदिनीनगर डाल्टनगंज जाने के क्रम में देवबार मोड़ के पास किसी पिकअप को ओवरटेक करने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गई और सड़क किनारे विशाल पेड़ पर जोरदार टक्कर मारी।

# बकरीद पर्व को लेकर निकाली गई फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र में शांति पूर्ण बकरीद पर्व मनाने को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना परिसर से निकाली गयी फ्लैग मार्च। यह फ्लैग मार्च चौक के सभी मुख्य मार्गो पर सैकड़ों पुलिस कर्मियों के साथ निकाली गयी। बकरीद पर्व को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन से मनाई जाएगी त्यौहार। वहीं आगे कहा कि गलत अफवाह फैलाने वालों पर लोग ध्यान दें । उनके गलत अफवाह पर न जाए। यदि किसी तरह का कोई बात होती है तो सीधे एसडीओ, बीडीओ, सीओ,थाना प्रभारी को जानकारी दें ना की अफवाह फैलाए। त्योहार मिलजुल कर हसीं खुशी मनाने का पर्व है। चाहे किसी वर्ग का त्यौहार हो। अफवाह फैलाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस्पेक्टर, बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से कहा कि किसी भी हाल में अफवाह फैलाने वालों पर बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन चुस्त दुरुस्त है। साथ हीं आगे कहा की गलत अफवाह को तरजीह ना दें। वैसे वाट्सएप्प, फेसबुक, ट्विटर आदि शोसल साइट पर पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। गलत पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस्पेक्टर केपी चौधरी, बीडीओ नीतू सिंह, सीओ छुटेश्वर दास, थाना प्रभारी विवेक कुमार के अलावे सैकड़ों पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# बेतला में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला के न्यू टूरिस्ट काम्प्लेक्स सभागार में 13 पंचायतों के पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख से नाराज़ हो कर एक बैठक आयोजित कि गई। जिसमें प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के प्रति उनके कार्य से नाराजगी व्यक्त किया जिसमें 13 पंचायत समिति सदस्य में पोखरी कलां पंचायत के पंचायत समिति सदस्य असमिना बीबी, केचकी आरती देवी, मंगरा राज महेंद्र सिंह, छिपादोहर दिलीप कुमार सिंह, कुचिला बलराम सिंह, केड सबीता देवी, हरातू तेतरी देवी, चुंगरू पश्चिमी नीलम देवी, लात पूर्वी प्रेमलता मिंज, उकामाड घनश्याम राम, मोरवाईकला बीना उर्फ रीना देवी, छेचा मंजू कुमारी, बरवाडीह पश्चिमी संगीता देवी का नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पंचायतों में योजना लागू नहीं करने और वित्तीय वर्ष 2022-2023 के फंड में जमा राशि को खर्च नहीं करने को लेकर नाराज 13 पंचायत समिति सदस्यों ने एक अलग रुख अख्तियार कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगर एक माह के अंदर अगर हम सभी पंचायत समिति सदस्यों का योजना का फंड में जमा राशि खर्च नहीं किया गया एवं सभी पंचायत समिति सदस्यों का योजना प्रारंभ नहीं किया गया तो निर्वाचन अनुमंडलीय पदाधिकारी लातेहार के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव लिखित रूप में आवेदन दे दिया जायेगा।

# बकरीद शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस अलर्ट

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बकरीद पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बालूमाथ पुलिस ने बुधवार की देर शाम फ्लैग मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार कर रहे थे। फ्लैग मार्च बालूमाथ थाना से आरंभ होकर बस स्टैंड,दुर्गा मंडप, गालिब कॉलोनी, मस्जिद चौक, तेली टोला, महावीर मंदिर होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंची। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ डीएसपी अजीत कुमार ने आमजनों से आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की उन्होंने कहा कि बालूमाथ पुलिस प्रशासन बकरीद त्योहार को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है हरेक स्थिति पर नजर बनाए हुवे है। इलाके में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुवे किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान नही देने की अपील की एवं शांति वेवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही साथ ही कहा की कोई भी सूचना मिलती है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। ना कि कानून अपने हाथ में ले। मौके पर फ्लैग मार्च में बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, बालूमाथ थाना एस0आई कुबेर साव, मनोज मुर्मू कैलाश बारा, धीरज सिंह, नीतीश कुमार, दुती कृष्ण महतो, मुख्तार अंसारी, चंद्रशेखर दुबे, जयनारायण प्रसाद मेहता सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

# 75 वर्ष बाद किसी विधायक से रूबरू हुए भुसाड़ गांव के ग्रामीण



**लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती गांव भुसाड़ के ग्रामीण पहली बार किसी विधायक से रूबरू हुए हैं। उक्त विषय की जानकारी देते हुए सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के जिला प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर साहू नें बताया कि कोलकोले पंचायत के अति पिछड़ा गांव भुसाड़ के संबंध में सूचना पाकर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास वहां पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस दौरान ग्रामीणों नें विधायक के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याएं रखी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक नें त्वरित कदम उठाते हुए भुसाड़ गांव में सामुदायिक भवन का नारियल फोड़कर एवं भूमि पूजन करके शिलान्यास किया।वहीं भुसाड़ गांव से वापसी के क्रम में कोलकोले बाजार टांड़ के ग्रामीणों की मांग पर विवाह मंडप देने का घोषणा भी विधायक नें किया।वहीं ग्रामीणों नें विधायक को बताया कि लावालौंग मुख्य बाजार से भुसाड़ का बेहद कम दूरी का रास्ता है जिससे भुसाड़ गांव के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय आया करते हैं।परंतु उक्त सड़क की स्थिति बेहद जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।इसपर विधायक नें लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि चाहे जिस प्रकार से भी हो मैं शीघ्र ही इस सड़क को बनवाने का कार्य करूंगा।मौके पर संजय कुमार सिंह एवं शंकर साहू के साथ-साथ विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ नेता उपेंद्र सिंह, भोला साहू, पवन प्रसाद समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बन्हे आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक कार्य योजना पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल संगठन ने अपने 424 समूहों के लगभग 5000 दीदियों को सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, आजीविका, सामाजिक विकास तथा स्वास्थ्य के प्रति कार्य योजना तैयार किया गया। जहां संकुल संगठन का विजन सभी दीदी आजीविका से जुड़कर आत्मनिर्भरता के साथ सम्मानजनक एवम स्वास्थ्यपूर्ण जीवन जीएं को पूर्ण करने के लिए सीएलएफ का एवम सीएलएफ के अंतर्गत सभी 25 ग्राम संगठन का कार्य योजना तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सबानो गांव जाकर सबानो आजीविका महिला ग्राम संगठन का प्लान भी तैयार किया गया। वहीं दीदियों का अपना ब्रांड पलाश ब्रांड को बढ़ावा देते हुए आजीविका संवर्धन के ऊपर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण में जेएसएलपीएस के डीपीएम अनिल डुंगडुंग, डीएम पप्पू कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक राहुल रंजन पाण्डेय, सामुदायिक समन्वय लवकुश कुमार, बीएपी जावेद खान, सीएलएफ लेखापाल, सीएलएफ के पदाधिकारी तथा सीएलएफ के सदस्य एवम कैडर उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में कम प्रतिशत हुए मतदान केंद्र के पोषक क्षेत्र में सत्यापन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** उपायुक्त के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कम प्रतिशत हुए मतदान केंद्र का हॉउस टू रॉल-रॉल के तहत विधिवत सत्यापन किया। उक्त सम्बन्ध मे सहायक निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी ने बातया की मतदान केंद्र संख्या 60 मे लोकसभा चुनाव मे कम मतदान हुआ था। मतदान केंद्र संख्या 60 के पोषक क्षेत्र पहुंचकर सत्यापन करते हुए वहाँ के बचे हुए सुयोग्य नागरिकों को मतदान सूची मे नाम जोड़वाने के लिए प्रेरित किया गया. वहीं सम्बंधित बीएलओ बबिता कुमारी को शत प्रतिशत सुयोग्य नागरिकों को निबंधन करने एंव त्रुटी रहित मतदाता सूची तैयार करना के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया.वहीं आसपास के ग्रामीण महिला पुरुषों को मताधिकार के सम्बन्ध मे कई अहम जानकारी दिया गया। मौके पर काफ़ी संख्या मे महिला पुरुष मौजूद थे।

# प्रखंड प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च शांति व्यवस्था रखने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड प्रशासन के द्वारा बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने एवं हुड़दंगयों पर पैनी नजर रखने को लेकर फ्लैग मार्च 28 जून के शाम निकाली है। ताकि बकरीद पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखें। और त्यौहार को मनाएं। फ्लैग मार्च में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव पूरे दलबल के साथ गिद्धौर मुख्य चौक से पूरे गिद्धौर का भ्रमण किया। प्रशासन ने ग्रामीणों से इंटरनेट मीडिया से दूर रहने के साथ-साथ अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील किया हैं।

# महादेवटोली आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका बनी फुलेश्वरी



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महादेवटोली खास आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका पद हेतु चयन प्रक्रिया पंचायत भवन में चयन अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ प्रारम्भ। सेन्हा प्रखंड के बदला पंचायत अन्तर्गत महादेवटोली आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन को लेकर बदला पंचायत भवन में अंचलाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में चयन प्रक्रिया आरम्भ की गई। चयन प्रकिया के दौरान दस उम्मीदवार रश्मि उराँव, पुष्पा कुमारी, ममता कुमारी, अमृता कुमारी, सीता कुमारी, फुलेश्वरी कुमारी, सम्पति कुमारी, सीमा उराँव, सीता उराँव, रेखा कुमारी ने अपना नामांकन सेविका पद के लिए किया। चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अधिकारियों द्वारा सभी का योग्यता प्रमाण पत्र की जांच की गई। जिसमें महिला एंव बाल विकास विभाग झारखंड सरकार के संकल्प पत्र के आधार पर फुलेश्वरी कुमारी का महादेवटोली आंगनबाड़ी केंद्र का सेविका पद के लिए चयन किया गया। मौके पर चयन समिति अध्यक्ष अंचलाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ विजय कुमार, प्रमुख फूलझरी देवी, मुखिया सुजीता उराँव, महिला प्रवेक्षिका अंगनी बेक, एएनएम उर्मिला कुमारी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक कई मुद्दों पर की गई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंचल परिसर सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक 28 जून को की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया?। जहां कई मुद्दों पर चर्चा की गई। दुआरी पंचायत गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में 15वें वित्त से लगाए गए जल मीनार लगाने के 2 दिन बाद ही बंद हो गया है।इसका कारण कार्य कर रहे ठेकेदार के द्वारा सही से सोलर प्लेट नहीं लगाया गया। और हवा में उड़ गया। जिससे सोलर प्लेट टूट चुका है। और जल मीनार बंद पड़ा है। जिसे जल्द से जल्द दुरुस्त करवाने को लेकर प्रखंड प्रमुख ने प्रस्ताव रखी। पीएचडी विभाग से चल रहे जल नल योजना, शौचालय निर्माण, नाडेप निर्माण एवं चापाकल निर्माण तथा मरमती में अनियमितता बरती जा रही हैं।उसे दुरुस्त किया जाए ।यह भी बात बैठक में रखी गई। प्रखंड परिसर में लगे चापाकल का पानी दूषित है। उस पानी को शुद्ध करने के लिए एकवागार्ड लगवाने की बात प्रखंड प्रमुख ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को बताई है। साथ ही साथ प्रखंड के अंतर्गत चल रहे सभी योजनाओं का पूर्ण डिटेल्स जिला उच्च पदाधिकारी तक पहुंचाने की बात प्रमुख ने कही। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होती है। तो उसका जिम्मेवार खुद प्रखंड विकास पदाधिकारी होंगे। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य लालो साव, कामेश्वर भुइयां प्रियांशु कुमारी सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी जेएसएलपीएस सिसी दिलीप कुमार पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक एवं अनेकों विभाग से अधिकारी मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गयी विद्यालय परिवार ने विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोवा कला के प्रांगण में सहायक अध्यापक श्री नारायण महतो के सेवा समाप्त होने के अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय बुनियादी विद्यालय वरीय सहायक अध्यापक श्री मदन पाठक एवं श्री मदन कुमार सिंह उपस्थित हुए। जहां मुख्य अतिथि के द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक श्री नारायण महतो को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया द्य मुख्य अतिथि गन को विद्यालय के सहायक अध्यापक के द्वारा माल्यार्पण एवं कलम प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सेवानिवृत्त शिक्षक श्री नारायण महतो का स्वागत विद्यालय के बच्चों के द्वारा पुष्प की वर्षा करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया पुनः उन्हें विद्यालय की छात्रा अंजली कुमारी के द्वारा तिलक लगाकर एवं आरती उतारकर उनका स्वागत किया गया। वहीं सेवानिर्वित शिक्षक को विद्यालय परिवार द्वारा अंग वस्त्र और जरूरी सामान देकर विदाई दी गयी।विदाई समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री मदन पाठक एवं मदन कुमार सिंह, प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी, सहायक अध्यापक प्रदुमन साहू, भोलेश्वर साहू, महेंद्र साव, अध्यक्ष निरंजन साहू, वार्ड सदस्य अजय कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों एवं छात्र छात्राओं के द्वारा शिक्षक नारायण महतो के सेवानिवृत्त होने पर उनके कार्यकाल की व्याख्यान करते हुए उनके शेष जीवन काल की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बारी बारी से अपना विचार रखें, जिसमें सभी की आंखें नम हो गई।

## बकरीद पर्व को लेकर गावां थाना पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**ग्रामीणों से पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील**

**गावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गावां थाना क्षेत्र अंतर्गत आगामी पर्व बकरीद को लेकर बुधवार की शाम पिहरा पुलिस पिकेट के जवान एवं गावां थाना पुलिस प्रशासन के द्वारा आगामी बकरीद को मध्य नजर रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया पुलिस प्रशासन एवं थाना प्रभारी के द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी भी संप्रदाय के लोगों के भावनाओं को ठेस ना पहुंचाएं। वही फ्लैग मार्च के दौरान कम उम्र के बाइक चालकों को भी हिदायत दी गई। इस दौरान अधिकारी एवं पुलिस जवान क्षेत्र के संवेदनशील एरिया का भी भ्रमण किया मौके पर पुलिस बल के दर्जनों जवान मौजूद थे।

## भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ.सूरज के जन्मदिवस पर आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत विकास परिषद् की राजा राममोहन राय शाखा के तत्वावधान व स्थानीय शास्त्री नगर , नईसराय , रामगढ़ में भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ.सूरज प्रकाश जी के जन्मदिवस के अवसर पर एक समृद्ध विचार गोष्ठी का आयोजन परिषद् के सदस्यों तथा आगत अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सूरज प्रकाश जी की छवि पर वरिष्ठ सदस्यों द्वारा माल्यार्पण तथा सामुहिक श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के साथ हुआ। आयोजन का संचालन कर रहे परिषद् के मीडिया प्रभारी राज़ रामगढी ने डॉ. सूरज प्रकाश जी की उत्कृष्ट एवं गौरवशाली जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत विकास परिषद् के नाम से पूरे भारतवर्ष में फैले अतिविशाल वटवृक्ष का बीजारोपण करने वाले डॉक्टर साहब को हम सभी का शत् शत् नमन है। उनका जन्म पंजाब प्रांत के गुरदासपुर जिले स्थित छमल नामक गांव में 27 जून 1920 को हुआ था। पिता राम सरन महाजन एवं माता मेला देवी की सूरज प्रकाश जी पहली संतान थे। तीन भाइयों तथा दो बहनों सहित भरा-पूरा परिवार था। सूरज प्रकाश के परिजन आर्य समाज के अनुयायी थे।यही कारण था कि वे कर्तव्य बोध से परिपूर्ण थे।आरंभ से ही वे मेधावी छात्र के रूप में मित्रों व परिचितों में सहृदय होने के कारण लोकप्रिय थे। अपने छात्र जीवन में उन्होंने क्रमशः सभी परीक्षाओं में प्रथम स्थान पाया था। उनकी प्रतिभा के लिए दिल्ली सरकार द्वारा छात्रवृत्ति के साथ लाहौर कॉलेज एम बी बी एस की पढ़ाई के लिए सन् 1938 में भेजा गया था। सन् 1943 में विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में उन्होंने एम बी बी एस की परीक्षा का प्रतिफल पाया। सेवा भावना से ओत-प्रोत डॉ सूरज ने भारत के विभाजन के समय दंगा पीड़ितों की मन-प्राण से सेवा की थी।

## क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चलाया गया जांच अभियान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत बुधवार को डीआरसीएचओ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला आयुष पदाधिकारी डॉक्टर सुभद्रा, जिला डाटा प्रबंधक रश्मि आनंद सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न अस्पतालों, नर्सिंग होम आदि की जांच की। मौके पर उनके द्वारा संस्थान के निबंधन, साफ सफाई, कर्मियों को न्यूनतम मानदेय एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किसी संस्थान को संचालित करने हेतु विभिन्न नियमों व दिशा निर्देशों का जायजा लिया गया।

## आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र खोलने को लेकर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र खोलने के मद्देनजर बुधवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी की प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिले के पतरातू क्षेत्र में लगभग 25 खिलाड़ियों के लिए विभिन्न सुविधाओं के साथ आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना है वहीं उन्होंने इस संबंध में प्राप्त अन्य निर्देशों की भी सभी को जानकारी दी जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र खोलने के मद्देनजर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## चांदनी चौक मंझलाचुंबा की पानी समस्या जारी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंझलाचुंबा चांदनी चौक में पानी की किल्लत लगातार देखी जा सकती हैं। यहां 2 से 3 दिनों के अंतराल में पानी के टैंकर आने के बाद लोगों का जमावड़ा टैंकर को घेर लेता हैं। टैंकर से दूर डेढ़ सौ से 200 मीटर आगे तक महिलाएं, बच्चे, पुरुष बर्तनों को लेकर कतार में बैठ जाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि चांदनी चौक टोले में लगा जलमिनार खराब पड़ा हैं। चांपानलों से अब भी पानी पर्याप्त नहीं निकल पा रहा हैं। यहां लगभग 25 सौ से भी अधिक की आबादी हैं। जिसके कारण पानी की समस्या बनी हुई हैं। जो भी टैंकर पानी के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उससे पूर्ति नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीणों ने पानी आपूर्ति ठीक करने के लिए प्रतिनिधियों व समाजसेवियों से मांग की हैं।

## कोयलांचल अरगड्डा में बकरीद पर कुर्बानी की तैयारी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसे लेकर कुर्बानी के लिए एक से बढ़कर एक करीब पांच हजार से लेकर बीस हजार तक के बकरे को भी लाया गया हैं। जो बकरीद के दिन कुर्बानी की जाएगी।

## सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी गिद्दी ए विद्यालय में सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के निर्देसानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना था तथा महात्मा गांधी ने भारत को स्वच्छ बनाने का जो सपना देखा था उसे पूरा करने का एक सार्थक प्रयास करना था। विद्यालय द्वारा आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक गणों को सीसीएल के वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है और इसे हम सभी स्वच्छ रख कर ही पूरा कर सकते है। सीसीएल के वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में वायुमंडल को स्वच्छ और संतुलित बनाने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा कई किस्म के पौधे लगाए गए। इस अवसर विद्यालय के तमाम शिक्षक गण और छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इस अवसर पर एस.ओ.पी मोहम्मद फिजाउल हक,जीएम माइनिंग राजीव कुमार सिंह, एरिया ट्रेनिंग ऑफिसर एस.एन तिवारी, सी.एस.आर नोडल अधिकारी मनीष कुमार अंबास्ता ,मैनेजर पर्सनल स्मिता पन्ना,मैनेजर ट्रेनी रजत कुमार जसवाल, अधिकारी दुर्गेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## अरगड्डा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालयों में पौधरोपण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के द्वारा बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत व जीएम सुधांशु कुमार पांडे के निर्देश पर छायादार, फल, फूलदार पौधरोपण कार्यक्रम अभियान चलाया गया। इसमें अधिकारियों ने सरस्वती विद्या मंदिर सिरका, दयानंद एंगलो पब्लिक स्कूल गिददी ए, अरगड्डा दामोदर क्लब के प्रांगण में पौधे लगाएं। साथ ही बुधबाजार में जूट बैग का वितरण लोगों के बीच किया गया। लोगों को प्रदूषण से बचाव के लिए उपायों की जानकारी भी दी गई। मौके पर मुख्य रूप से अमला अधिकारी पीएंडपी राजीव सिंह, एसओपी मोहम्मद फैयाज उल हक, प्रबंधक मनीष कुमार, प्रबंधक स्मिता पन्ना, मैनेजमेंट ट्रेनी सीडी सीएसआर रजत कुमार जयसवाल, कर्मचारी दुर्गेश सिंह एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य शिक्षकगण, विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## सरकारी विद्यालयों में छात्रों को जाति प्रमाण पत्र संबंधी निर्गत करने संबंधी पत्र हुआ जारी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका समेत पूरे जिले रामगढ़ के सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने संबंधी पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी पत्रांक 970 के द्वारा जारी कर दिया गया हैं। इसमें कहा गया है कि सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को संबंधित प्रतिवेदन उप विकास आयुक्त रामगढ़ के द्वारा मांग की गई हैं। जिसे आगामी 3 जुलाई 2023 अपराहन एक बजे तक हर हाल में कार्यालय में उपलब्ध कराना हैं।

## बकरीद पर्व के शांति व सौहार्द पूर्ण आयोजन को लेकर किया गया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बकरीद पर्व के शांति व सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ किशोर कुमार रजक अंचल अधिकारी रामगढ़ सुधीर कुमार, थाना प्रभारी, रामगढ़ सहित पुलिस बल के साथ रामगढ़ शहर के सुभाष चौक, ट्रेकर स्टैंड, लोहार टोला, चट्टी बाजार, गौलापार, थाना चौक तक फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी लोगों से शांति व सौहार्द पूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की वहीं उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर अथवा किसी प्रकार की जानकारी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06553 222005 पर संपर्क करने की अपील की।

## भाजपा नेता के नेतृत्व में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पेशम पंचायत में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता विक्रम तरवे के द्वारा पार्टी कार्यक्रम महा जनसंपर्क अभियान के तहत चल रहे हर घर सम्पर्क में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। आपको बता दें की मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत में भरकट्टा मंडल के अंतर्गत पंचायत पेशम में बूथ संख्या 118 एंव 119 मेन रोड पेशम में तर्वे के अगुवाई में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ किट वितरण किया तथा भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 सालों की उपलब्धि और विकास को लोगों के बीच पहुँचाया गया। उक्त मौके पर भाजपा नेता तारकेश्वर मण्डल,प्रवीण प्रभाकर, रामकिशोर सिंह,अशोक शर्मा,शम्भू राणा,अनिल पांडेय,महेश वर्मा,प्रकाश यादव,लेखों महतो,कारू सिंह,सूबेदार सिंह,प्रवीण पांडेय,सुरेश राम,युगल किशोर मण्डल,कार्तिक पांडेय,सुरेंद्र शर्मा इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच के आगामी मंडल सभा की बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच झारखंड के प्रांत अध्यक्ष अरुण गुप्ता, उपाध्यक्ष मुख्यालय विशाल पाड़िया, प्रांत महामंत्री सार्थक अग्रवाल एवं मंडल क उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया का सांगठनिक दौरा रामगढ़ कैंट एवम रामगढ़ चेतना शाखा के साथ शहर के शिवम् इन होटल में हुआ। प्रांत पदाधिकारियों के संग बैठक में आगामी 15 जुलाई शनिवार को रामगढ़ कैंट एवं रामगढ़ चेतना शाखा के आतिथ्य में आयोजित होने वाले मंडलीय सभा कार्यक्रम पर चर्चा हुई।दोनों शाखाओं को मंडल सभा के आयोजन के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारियां तथा मार्गदर्शन मिला।

# वासेपुर में एक बार फिर फायरिंग

**चिट्ठी जारी कर प्रिंस खान के मेजर ने ली जिम्मेवारी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अपराधी खुलेआम धनबाद जिले में पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। एक के बाद एक वारदातों को अंजाम भी दिया जा रहा है। मंगलवार देर रात मछली कारोबारी रशीद महाजन के घर गोली चलने की चर्चा के बाद दूसरे ही दिन बुधवार की देर रात भूली वासेपुर से सटे गफ्फार कॉलोनी में प्रिंस के गुर्गो ने अप्सरा ड्रेसेज के मालिक हाजी मोहम्मद सलीम के घर के बाहर फायरिंग कर दहशत फैला दी। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ कहने से बच रही है। वहीं मो सलीम ने बताया कि उन्हें पड़ोस से फोन आया था कि उनके घर के बाहर गोली चली है।हालांकि सीसीटीवी में कुछ युवक दिखे हैं जो घर के पास फायरिंग कर भागे है। घटना की सुचना के बाद बैंक मोड़ इस्पेक्टर और भूली ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। पुलिस के मुताबिक एक बाइक पर कुछ युवक हाथ उठा के जा रहे थे लेकिन फायरिंग की घटना स्पष्ट नहीं है। दूसरी तरफ गोली चलने की घटना के बाद प्रिंस के गुर्गे मेजर की चिट्ठी सोशल मीडिया पर जारी की गई है ।

## अवैध नर्सिंग होम मामले में मांगी गई सूचना के अधिकार से नहीं मिला जवाब : अमित गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** आजसू नेता सह समाजसेवी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि बिरनी प्रखंड में वर्षो से अवैध रूप से संचालित कई नर्सिंग होम की जानकारी मैंने सूचना के अधिकार के तहत जन सूचना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरनी से मांग किया था, परंतु महिना गुजर जाने के बाद भी इसकी जानकारी विभाग के द्वारा नहीं दिया गया है। इस बाबत बुधवार को गुप्ता ने पुनः एक आवेदन संबंधित पदाधिकारी को सौंप कर जल्द से जल्द अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम की जानकारी मांगी है आपको बता दें कि बिरनी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विगत कई वर्षो से लगभग दर्जनों अवैध नर्सिंग होम संचालित है जिस पर विभागीय कार्रवाई तो होती है परंतु इस प्रकार के अवैध नर्सिंग होम का संचालन बदस्तूर जारी है जो चिंता का विषय है।


**उपायुक्त–सह–**
**जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(क्रीड़ा शाखा)**
Email id- sportsgumla@gmail.com

**साक्षात्कार हेतु सूचना**

गुमला जिलान्तर्गत फुटबॉल एवं एथलेटिक्स सहायक प्रशिक्षक की संविदा/एक मुस्त मानदेय पर नियुक्ति हेतु गुमला जिला के वेबसाईट www.gumla.nic.in द्वारा दिनांक 17.02.2023 को प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदन के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु दिनांक 03.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में जिला खेल कार्यालय, गुमला में तिथि निर्धारित की गई है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिला खेल पदाधिकारी,
गुमला

PR301115 (District)23-24*D



**कार्यालय:जिला स्वास्थ्य समिति,हजारीबाग**
**(सदर अस्पताल कैम्पस, हजारीबाग)**
**Email – cs.hazaribagh5@gmail.com**

पत्रांक 859 / DHS — हजारीबाग / दिनांक 24.06.23

**शुद्धि पत्र**

अद्योहस्ताक्षरी निविदा संख्या 02/dhs/hzb/2023-24 सत्यापित पी0 आर0 संख्या –300581 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)#D के आलोक में निम्नांकित संशोधन किया जाता है।

1. दिनांक 29.06.2023 को अवकाश रहने के कारण निविदा को दिनांक 04.07.2023 के अपराह्न 01.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। अतः निविदा दिनांक 03.07.2023 के अपराह्न 4.00 बजे तक प्राप्त किया जायेगा।
2. अखबार में प्रकाशित हजारीबाग जिले के वेबसाईट को https://hazaribag.nic.in पढ़ा जाय।

PR 301047 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

सिविल सर्जन सह मुख्य कार्य0 पदा0,
जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड सं0–137/2021 दिनांक 21.10.2021 के प्राथमिकी अभियुक्त 1. जितेन्द्र यादव पे0 बुधाई यादव 2. रविन्द्र यादव 3. सोनू यादव दोनों पे0 भानू यादव तीनों सा0 ढाब खूर्द टोला चौकठवा थाना हरिहरगंज जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है। अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त 1. जितेन्द्र यादव पे0 बुधाई यादव 2. रविन्द्र यादव 3. सोनू यादव दोनों पे0 भानू यादव तीनों सा0 ढाब खूर्द टोला चौकठवा थाना हरिहरगंज जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुर :– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज :– 9431706260

PR.NO.301138 Police(23-24):D — पुलिस अधीक्षक, पलामू।



**जिला समादेष्टा का कार्यालय**
**झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू**
**(आवश्यक सूचना)**

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, रांची का ज्ञापांक–1159/ OTD, दिनांक–27.06.2023 के द्वारा श्रावणी मेला–2023 के अवसर पर देवघर जिला में विधि–व्यवस्था संधारण एवं भीड़ नियंत्रण हेतु कुल 94 (चौरानबें) दिनों के लिए गृह रक्षकों का कॉल–अप करने का निदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त निदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू से नामांकित/प्रभावी बल में शामिल वैसे सभी गृह रक्षक जो वर्त्तमान में कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त नहीं हैं, उन्हे श्रावणी मेला–2023 में कर्त्तव्य करने हेतु जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू में सूचना प्रकाशन की तिथि से 02 (दो) दिन के अन्दर अपना–अपना आगमन कराने का आदेश दिया जाता है। आगमन न करने वाले वैसे गृह रक्षकों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

ह0/
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।

PR.NO.301076 Police(23-24):D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/03/2023-24**

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed Quotation are hereby invited from registered & experience agency/forms for Supply of Item for the Work of Upgradation and Beautification of Police Line Stadium at Medininagar, Palamu. with all fitting and equipment with all labour charge and accessories. the completed Quotation will be received on 05.07.2023 up to 1:00 Pm in the Office of the Executive Engineer, Building Construction, Division, Daltonganj and S.E Office-2 at Ranchi and Same will be opened on the 06.07.2023 up to 3:00 Pm in the Office of the E.E B.C.D Daltonganj.

Detail Terms and Condition of Tender may be seen at www.jharkhand.gov.in& office notice board.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 301079 Building(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः– **SPUF/MID/KOD/F2-04/2023-24**

पत्रांकः– दिनांक –

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि :– 03.07.2023 से 06.07.2023 तक (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 07.07.2023, 3:00 बजे अपराह्न् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :– 07.07.2023, 3:30 बजे अपराह्न् से 05:00 बजे अपराह्न् तक। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोड़रमा।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– 1.) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोड़रमा। 2.) जिला नियंत्रण कक्ष, कोड़रमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड चंदवारा पूर्वी एन0एच0 फ्लाई ओवर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल भाया समुदाय भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 6,51,000.00 | 1,250.00 | 13,500.00 | 3 माह |

नोटः– निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.tender.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

PR 301032 Minor Irrigation (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी, जमशेदपुर का कार्यालय**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या (1st Call)**
**(Through E-Procurement Mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)**
Notice Inviting e-Tender No : NREP/JSR/Epro-**03/2023-24**

| क्र० सं० | कार्य का विवरणी | परिमाण विपत्र का राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहरागोड़ा प्रखण्ड अंतर्गत बहरागोड़ा पंचायत के ग्राम बहरागोड़ा बाजार में धुमकुडिया भवन सह बहुउद्देशीय भवन निर्माण। | 29761600.00 | 596000.00 | 10000.00 | 15 माह |

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम : कार्यपालक अभियंता, N.R.E.P, जमशेदपुर।
2. वेवसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि : 03.07.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 15.07.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 17.07.2023 को अपराहन् 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17.07.2023 को अपराहन् 3:00 बजे।
6. ई–मेल पता : deepak3jsr@gmail.com
7. विज्ञापनदाता का दुरभाष सं०– : 8409323000
8. ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत समूचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेगें।
9. विस्तृत जानकारी वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में जा कर RWD जमशेदपुर Division के साईट पर एवं कार्यदिवस में कार्यालय अवधि में NREP, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
NREP, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम

PR 301137 NREP (23-24)_D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement Very Short Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/HYDT-07/23-24 (1st Call) Date – 28.06.2023**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Name of Department | ;- | Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand |
| 02 | Date & Time of Tender uploading in Web site | ;- | 01.07.2023 at 04.00 P.M |
| 03 | Last date of Receipt of Bid | ;- | 07.07.23 upto 05.00 P.M |
| 04 | Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money | ;- | 08.07.2023 at 05.00 P.M 1. Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 05 | Date of Opening Tender | ;- | 10.07.23 at 02.30 P.M |
| 06 | Name & Address of Tender Inviting Authority | ;- | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 07 | Contact No of Procurement Office | ;- | 9430725642 & 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of High Yield Drilled Tube well at-214 Batalion CRPF Auranga Camp Dalda Factory Latehar. | 01 | Rs. 192428.00 | 4000.00 | 500.00 | 15 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 301041 Drinking Water and Sanitation(23-24).D



**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अल्पकालीन ई०–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय का नाम | कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विषय | राज्य के काराओं में संसीमित बंदियों के उपयोगार्थ रोटी तैयार करने हेतु Roti Making Unit (Semi Automatic) के क्रय/अधिष्ठापन/परीक्षण/कार्यशील (सभी सहायक उपस्कर सहित) एवं वार्षिक रख–रखाव(CAMC) के निमित्त Work Contract हेतु ई०निविदा का आमंत्रण। |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) | ₹10,000.00 (दस हजार) मात्र (बैंक ड्राफ्ट के रूप में, जो कारा महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची के पदनाम से राँची में भुगतेय होगा)। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.07.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से। |
| 5. | Pre bid की तिथि, समय एवं स्थान | 11.07.2023 को अपराह्न 03:00 बजे, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में। |
| 6. | निविदा online upload करने की अंतिम तिथि | 23.07.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | Tender Fee, EMD का original Hard Copy जमा करने की तिथि | 25.07.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक़अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | 26.07.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में। |

नोट :– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जाएगा। निविदा से संबंधित नियम, शर्तें इत्यादि की सूचना उक्त website से प्राप्त की जा सकती है।
2. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नगर प्रशासन भवन, एच०ई०सी० कैम्पस, धुर्वा, राँची में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

(उमा शंकर सिंह)
कारा महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची।

PR.NO.301030 Prison(23-24):D

## बकरीद के अवसर पर बांटे गए कपड़े



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईद उल अजहा (बकरीद) के अवसर पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान एवं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा शहर के कई स्थानों पर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरित किया गया और आर्थिक रूप से भी सहयोग की गई। ताकि वह सभी लोग अपने अपने परिवार के साथ इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना सकें। साथ ही वासेपुर के इन समाजिक कार्यकर्ताओं ने कोयलांचल सहित समस्त देशवासियों को ईद उल अजहा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अमन व शांति के साथ बकरीद मनाने की अपील की।

## भाटडीह ओपी में शांति समिति की बैठक संपन्न

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुदा के भाटडीह ओपी मे शान्ति समिति की बैठक किया गया । बैठक में भारती ओपी प्रभारी चौबे ने कहा कि बकरीद पवित्र का त्योहार है, शान्ति पूर्वक मनाया जाए। उन्होने मुस्लिम समाज का पवित्र पर्व ईद - उज- जौहा (बकरीद) को सभी से सदभावना पूर्वक मनाने का अपील किया । मौके पर जितेन्द्र महतो, कमल महतो, समाज सेवी उमेश कुमार तुरी, मुखिया बदरूदीन अन्सारी मयमुल अन्सारी, पंसस दिलखुश अन्सारी, आदि अन्य शामिल थे ।

## एसोसिएशन ने अपने 5 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने अपने 5 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास राय को सौंपा अपने मांग पत्र में उन्होंने कहा कि सभी जन वितरण दुकानदारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के 2022 के 9 महीने डीलर का कमीशन भुगतान नहीं देने के संबंध में एनएफएसए खाद्यान्न माह मार्च 2023 से जून तक का भुगतान नहीं देने के संबंध में ई पोस मशीन को ई काटा से जोड़ा गया है लेकिन डीएसडी द्वारा जुलाई से जन वितरण विक्रेताओं के दुकान पर ई कांटा से तोल कर खाद्यान्न दुकान पर दिया जाय खाली जुट बोरा करोना काल में डीलर से लिया गया था उसका भुगतान अविलंब किया जाए पूर्व के भाती सरकार अनुकंपा को बहाल करें मौके पर परेश दास हलीम खान अजय कुमार सिंह विश्वरूप मंडल सहित एंड डीलर मौजूद थे।

## रक्तदान कर एक महिला को दिया नया जीवन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत हरला पंचायत के चोरपोको गांव निवासी द अंबेडकर फाऊंडेशन ऑफ एशिया के चेयरमैन सह भीम आर्मी ज़िला आई.टी सेल प्रभारी राहुल राजवंश ने अपना रक्तदान कर एक महिला जीवन को बचाने का कार्य किया। दरअसल शिवम अस्पताल गिरिडीह में एक महिला प्रसव के कुछ घंटे के बाद रक्त की अति आवश्यकता पड़ी महिला के परिजन रक्त को लेकर काफी परेशान थे वही इस बात की सुचना मिलते ही राहुल राजवंश तत्काल अस्पताल पहुंच रक्तदान किये। इनेक द्वारा रक्तदान करने से महिला की जान बच सकी वही महिला अभी स्वस्थ है । राहुल राजवंश ने बताया कि रक्तदान निम्न रक्तचाप और दिल के दौरे के कम जोखिम से जुड़ा हुआ है। यह निश्चित रूप से कार्डियोवैस्कुलर जोख़मि कारकों को कम करने में मदद करता है। उन्होंने सभी से रक्तदान करने की अपील की। वही भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष बड़े भाई उज्वल कुमार रावण ने कहा की मै 100 साल जियूँ या ना जियूँ लेकिन अपने जीवन काल में 100 बार रक्तदान करके हजारों दिलों पर राज जरूर करना चाहूंगा। और यही संकल्प को लेकर अब तक भीम आर्मी ने 214 यूनिट रक्तदान किया है।

## सीआईएसएफ के घर में जेवर सहित नगदी की चोरी

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तेतुलमारी में पंचू सिंह के घर मे रहने वाले सीआईएसएफ दंपति के घर का खिड़की के ग्रील काटकर चोरो ने लाखो के जेवर सहित नगदी चोरी कर लिया, बताया जाता हैं की सीआईएसएफ अरुण उरांव व उनकी पत्नी डी तिर्की अपने पैतृक गांव लातेहार गये हुये थे। तभी उक्त घटना घटी, पंचू सिंह ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी है.पुलिस ने घटना का जायजा लिया।

## बीबीएमकेयू में एडमिशन के लिए आज से खुल रहा पोर्टल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय के कालेजों में स्नातक के सत्र 2023-27 में नामांकन आवेदन के लिए बुधवार की सुबह आठ बजे से चांसलर पोर्टल खुल गया है। 12 जुलाई की रात नौ बजे तक आनलाइन आवेदन भरे जा सकेंगे। इंटर व 12वीं के छात्रों के लिए 50 प्रतिशत सीटों पर नामांकन के लिए आवेदन लिए जाएंगे। शेष 50 प्रतिशत सीटें सीयूईटी के लिए सुरक्षित रहेंगी। 16 को पहली मेरिट लिस?ट, सात से शुरू होगी नए सत्र की कक्षाएं।

## दो दिवसीय अप्रेंटिशिप मेला सह प्लेसमेंट ड्राईव में 1200 छात्र-छात्राओं का निबंधन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कौशल कार्यालय द्वारा दो दिवसीय अप्रेंटिशिप मेला सह प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन मुख्य अतिथि सहायक श्रमायुक्त सह श्रम अधीक्षक, धनबाद रंजीत कुमार एवं कौशल पदाधिकारी, धनबाद प्रवीण कुमार की उपस्थित में किया गया। जिसमें 27 जून को महिन्द्रा स्किल एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पुना महतो सेवा संस्थान कैम्पस, बाघमारा तथा आज असर्फी अस्पताल के निकट ए.आइ.टी.एस.आइ.एल. स्किल प्राइवेट लिमिटेड, नावाडीह में किया गया।जिला कौशल पदाधिकारी ने बताया कि दो दिवसीय अप्रेंटिशिप मेला-सह-प्लेसमेंट ड्राईव में लगभग 1200 छात्र-छात्राओं का निबंधन कर उनको अप्रेंटिशिप एवं रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। अप्रेंटिशिप मेला-सह-प्लेसमेंट ड्राईव कार्यक्रम में टाटा मोटर्स, डिस्टिल प्राइवेट लिमिटेड, क्वेस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस मौके पर 12 निबंधित छात्र-छात्राओं का निबंधन के उपरांत ही टाटा मोटर्स ने अप्रेंटिशिप के लिए चयन किया।वहीं सहायक श्रमायुक्त सह श्रम अधीक्षक ने बताया कि 8 जुलाई 2023 को जिला कौशल कार्यालय द्वारा संयुक्त श्रम भवन बरटाड़ में रोजगार मेला का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई बड़ी कंपनियां सम्मिलित होने वाली है। धनबाद के युवाओं से अनुरोध है कि रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार पाने के अवसर का लाभ उठाये।

## हल्की बारिश में ही विकलांग का घर गिरा क्षतिग्रस्त घर में ही दिन गुजारने को विवश परिवार



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर गांव निवासी सुबेदा बीबी उम्र 35 बर्ष पति अज़ीम अंसारी रात को अपने कच्चे मकान में सोई हुई थी तभी अचानक बारिश होने लगा जिससे मकान भरभरा कर गिर गया और सुबेदा बीबी दब गई हो हल्ला करने पर गांव वाले दौड़े और उसके मिट्टी को हटा कर उसको निकाला। बताया जाता है कि सुबेदा बीबी खुद विकलांग है और इनके सारे परिवार विकलांग से ग्रसित है इनकी तीन पुत्रियां और एक पुत्र और पति है जो सभी विकलांग है रोज़गार के नाम पर मात्र पेंशन और बकरी पालन करना बताया जाता है वह भी तीन बकरी और दो मुर्गियां इस घर के गिरने से दब कर मर गई। इस समय परिवार के साथ विकट परिस्थिति हो गया है एक घर मात्र था जो कि बर्षा के कारण गिर गया इस बारिश के दिनों में छोटे छोटे बच्चों को लेकर क्षतिग्रस्त घर में रहना बहुत ही कठिन काम है।

# कुर्बानी का त्योहार ईद- उल-अजहा आज, उत्साह का माहौल

प्रभात मंत्र संवाददाता






**धनबाद :** ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार आज दिनांक 29 जुन 2023 को पूरे भारत वर्ष मे बड़े ही धूम धाम से मनाई जाएगी। ईद के बाद बकरीद मुस्लिम समुदाय का दुसरा सबसे बड़ा पर्व है जिसे कुर्बानी का भी त्योहार कहा जाता है। इसे लेकर मुस्लिम क्षेत्रों मे काफी रौनक और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। शहर के 50 से भी अधिक मस्जिदों एवं ईदगाहों मे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। उसके बाद कुर्बानी का सिलसिला जारी होगा।तीन दिनों तक चलने वाले बकरीद के इस त्योहार को लेकर विभिन्न थानों में पूर्व मे आयोजित हुई शांति समिति की बैठक मे जिला प्रशासन ने शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में तथा आपसी भाईचारा के साथ बकरीद मनाने की लोगों से अपील की है। वहीं असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर आपतिजनक पोस्ट किये जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की भी बात कही गई है। किसी भी सूरत में सामाजिक महौल खराब न हो और कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसके लिए जिला प्रशासन पुरी तरह से सतर्क है।

**अल्लाह को प्यारी है कुर्बानी : हाजी ज़मीर आरिफ**

ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ ने बताया कि ईद-उल-अजहा मजहब ए इस्लाम का एक अहम पर्व है। जो इस्लामिक कैलेंडर के आखिरी माह जिलहिज्जा की दस तारीख को पूरे दुनिया में मनाया जाता है। यह बहुत ही मुबारक महीना है जिसमें हज अदा किया जाता है। दुनिया भर के मुस्लिम सऊदी अरब के मक्का शहर में इकट्ठे होते हैं और हज के अरकान को पूरा करते हैं। यह त्योहार खास तौर पर कुर्बानी के लिए जाना जाता है। इसी दिन पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को अल्लाह की रजा के लिए, अल्लाह की राह में कुर्बान करने जा रहे थे और अपनी आंखों पर काली पट्टी बांध कर जैसे ही अपने बेटे की गर्दन पर छुरी चलानी शुरू की तो अल्लाह के हुक्म पर फरिश्तों ने हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की जगह जन्नत से एक दुंबा ला कर रख दिया और उसी की कुर्बानी हो गई। इस तरह पैगम्बर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम अल्लाह की आजमाइश और इंतहान में कामयाब हुए। तब से कुर्बानी देने का सिलसिला शुरू हुआ। हालांकि कुर्बानी सभी के ऊपर फर्ज नहीं है लेकिन जिसको भी अल्लाह पाक ने साहिबे निशाब (मालदार) बनाया है उनको चाहिए की वह अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी जरूर पेश करें क्योंकि अल्लाह पाक को कुर्बानी बेहद पसन्द है और इस अमल का सवाब भी बहुत ज़्यादा है। दुआ है की अल्लाह पाक हम सभी के गुनाहों को बख्श दे और हमारी कुर्बानी और नेक आमाल को कुबूल फरमाएं। समस्त देशवासियों को ईद उल अजहा (बकरीद) की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### मंत्री आलमगीर आलम से मिले प्रोफेसर परवेज अख्तर, कहा

# अल्पसंख्यकों के साथ हो रहा है सौतेला व्यवहार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव, झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के महासचिव, मगध यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर परवेज अख्तर ने कहा की झारखंड सरकार अल्पसंख्यक के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार को बनाने में झारखंड के अल्पसंख्यकों का भरपूर योगदान रहा है मगर वर्तमान सरकार अल्पसंख्यकों के हित में कोई कार्य नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हिंदू न्यास बोर्ड, आवास बोर्ड, गौ सेवा आयोग गठन कर दिया मगर अफसोस जो भाजपा सरकार में अल्पसंख्यक आयोग वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक वित्त निगम और बहुत सारे आयोग गठित किए थे उसे भी वर्तमान सरकार गठन नहीं कर पाई।इस सिलसिले में झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम से विस्तारपूर्वक वार्ता हुई और उनसे आग्रह किया गया कि जितना जल्द हो झारखंड में अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड, उर्दू अकैडमी, मदरसा बोर्ड, अल्पसंख्यक वित्त निगम आदि का गठन कर अल्पसंख्यकों के हाथों मे नेतृत्व देने का कार्य किया जाए ताकि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इसका लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी से भी वार्ता करने के लिए जुलाई में दिल्ली जाऊंगा।परवेज अख्तर ने कहा की 2024 के लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में अल्पसंख्यकों की भागीदारी आवश्यक है और हम जीतकर नया इतिहास बनाएंगे। आगे कहा की अल्पसंख्यकों के बोर्ड निगम के गठन के मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्यसभा सांसद धीरज साहू और सभी कांग्रेसी के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा के किसी नेता ने आवाज नहीं उठाई। इससे साफ जाहिर हो गया कि हेमंत सोरेन जी की सरकार अल्पसंख्यकों को लीडरशिप नहीं देना चाहती। वहीं मंत्री आलमगीर आलम ने सारी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और इसे गंभीरता से लिया है। जल्द ही इस पर आवश्यक कार्यवाही होगी।

## बकरीद को लेकर मधुबन थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुबन :** मधुबन थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई इस बैठक की अध्यक्षता मधुबन थाना प्रभारी चंदन भैया ने की बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए बैठक में हर साल की भांति इस वर्ष भी बकरीद का त्यौहार शांति और सौहार्द वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया थाना प्रभारी ने कहा की चाहे जिस समुदाय का हो शांति और भाई चारे के साथ हर उल्लास के वातावरण में मनाना चाहिए संप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई हिंसा एवं अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है मधुबन पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करती रहेगी मौके पर धीरेन लाला बिनोद सिंह आनंद बाउरी शेख नबाब शेख अनवर शेख कलाम महाबीर बाउरी आदि मौजूद थे।

## बाल विवाह नही करने का छात्राओं ने लिया सपत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंजी में बाल विवाह उन्मूलन पर सेमिनार का आयोजन किया । सेमिनार में उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों ने बाल विवाह रोक पर ट्रस्ट द्वारा शपथ दिलाया गया।सेमिनार में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो ने कहा की बाल विवाह कानूनन अपराध है। भागीरथ सिंह ने बाल विवाह अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह करने एवं कराने वाले समान रूप से दोषी होते हैं, मोबलाइजर मुमताज अंसारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक बसंत कुमार ने किया उपस्थित शिक्षक गन रहमानी जी, पांडा सर, प्रिया मैडम,मधुमिता मैडम, रागिनी मैम, साथ में सभी शिक्षक गण एवं सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## गिरिडीह में आईआरपिसी संस्था ने जरूरतमंद लोगों को कराया भोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह स्टेशन रोड में आईआरपिसी संस्था द्वारा गरीबों जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया साथ ही चैताडीह स्थित मातृत्व शिशु अस्पताल के समीप शिविर का आयोजन कर जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। 'मौके पर आईआरपिसी अध्यक्ष शादाब अहमद ने कुरआन वा हदीस का प्रमाण देते हुए कहा की जब एक आदमी पैग़ंबर मुहम्मद से पूछा की सबसे अच्छा इस्लाम क्या है तो पैग़ंबर मुहम्मद ने कहा भूखों को खाना खिलाओ।इसी को लेकर आईआरपिसी संस्था ऐसे कई सामाजिक कामों में हमेशा तात्पर्य रहती है। एवं संस्था के अध्यक्ष शादाब अहमद ने लोगों से अपील किया के ऐसे कार्य में आप सभी आईआरपिसी को सहयोग करें एवं सभी लोगों को आईआरपिसी संस्था से जुड़े रहने की भी अपील किए।ऐसे कार्य को देख लोगो ने आईआरपिसी संस्था एवं उनके सहयोगियों को तहे दिल से सराहना किए और कहा ऐसे कार्य से समाज मे जागरूकता एवं आपसी सद्भावना बनी रहती है।इस कार्य को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाए संस्था के अध्यक्ष शादाब अहमद एवं संस्था प्रबन्धक इमरान आलम, मीडिया प्रभारी गुलाम मुस्तफा, हाजी रिज़्वान आदि थे ।

## मछली कारोबारी के घर हुए फायरिंग का सीसीटीवी फुटेज आया सामने



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भूली थाना क्षेत्र में सोमवार को आधी रात के बाद एक मछली कारोबारी रशीद महाजन के घर अपराधियों द्वारा रंगदारी के लिए फायरिंग की गई थी जिसके बाद एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें साफ दिख रहा है कि एक बाइक में दो अपराधी आते हैं और किस तरह से फायरिंग करते हैं। यह सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो चुकी है। हालांकि, पुलिस ने घटना से इंकार किया है। कहा है कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। गैंगस्टर प्रिंस खान के तथाकथित शूटर मेजर ने सोशल मीडिया में एक पत्र वायरल कर दावा किया है कि भूली थाना क्षेत्र के मछली कारोबारी के घर फायरिंग उसी ने की है।

## बिजली अर्थिंग के चपेट में आने से दुधारू गाय की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश, मुआवजे की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गावां :** गावां प्रखंड क्षेत्र में पहली बरसात से ही बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली अर्थिंग के चपेट में आने से कई मवेशियों की मौत हो गई जोकि बिजली विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है बुधवार की सुबह पिहरा पश्चिमी पंचायत के जगदीशपुर गांव में प्रकाश साहू का गाय खेत में चरने गई थी इसी दौरान ट्रांसफॉर्मर के अर्थिंग के चपेट में आने से दुधारू गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई! जब स्थानीय मिस्त्री से ग्रामीणों ने बात किया तो मिस्त्री के द्वारा कहा गया की मावेशी को उठाकर ले जाएं विभाग के द्वारा कुछ नहीं हो सकता कोई नहीं आएगा जिसके बाद बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। वही पशु पालक का रो कर बुरा हाल था! अगर इस तरह की घटना को देखते हुए बिजली विभाग के द्वारा कोई पहल नहीं की जाती है तो वह दिन दूर नहीं बड़ा घटना का भी सामना करना पड़ सकता है! इस संबंध में पूछे जाने पर पिहरा पश्चिमी पंचायत के मुखिया अमित कुमार ने कहा कि बरसात शुरू होते ही बिजली विभाग की नाकामयाबी दिखने लगी है। विभाग के लोग समय पर काम नही करते हैं। इस प्रकार की घटना पिछले बरसात में भी हुई थी। लेकिन इसे विभाग के द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है जो बहुत ही दुःखद है।इस संबंध में विद्युत सहायक अभियंता कृष्ण देव प्रजापति से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में विद्युत उपकरण एवं ट्रांसफॉर्मर पोल एवं अर्थिंग से दूरी बनाए रखें ,बरसात के मौसम में लीकेज के कारण इस तरह की घटना घटती है जोकि बहुत दुखद है, सावधान रहने की आवश्यकता है इस तरह की घटनाओं में मवेशी मालिक को मुआवजा देने का प्रावधान है जो की प्रक्रिया पूरा करने के बाद मिल सकता है।

## झारखंड जैसे राज्य में 60-40 की मांग काफी हद तक जायज है : माना पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह शीतलपुर गांव स्थित अपने निजी सचिव मुरारी सिंह के यहां असाड़ी पूजा में शामिल होकर एक प्रेसवार्ता आयोजित करते हुए जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक माना पाठक ने कहा कि झारखंड जैसे राज्यों की अभी जो वर्तमान में 60-40 की जो मांग की जा रही है वह काफ़ी हद तक जायज़ है एवं दूसरे सवाल के जबाब देते हुए कहा कि टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंड से मजदूरों का पलायन हर कीमत पर रोकी जाएगी जनहित मोर्चा ने इस और बिशेष ध्यान देने का काम प्रारंभ कर दिया है। अगले सवाल का जबाब देते हुए कहा कि टुंडी विधानसभा सीट से इस बार हर हाल में चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी जोरों से चल रहा है एवं जनताओं की हर दुःख सुख में साथ खड़े रहने की बात कही। मौके पर निजी सचिव मुरारी सिंह, मंजीत तिवारी, नंदकिशोर केवट, मुश्ताक अंसारी,मानिक महतो, अरूण रवानी, मनोज पाण्डेय, सुभाष तिवारी, चितरंजन तिवारी, सुमन कुमार तिवारी, सुजीत तिवारी, जयदीप तिवारी,प्रकाश पाण्डेय, माईकल पाण्डेय समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड उच्च न्यायालय में बैटरी गाड़ी की व्यवस्था की जाए : ब्रजेंद्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं धनबाद बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि हाल ही में झारखंड उच्च न्यायालय का नया बिल्डिंग में जो झारखंड उच्च न्यायालय का नया कोर्ट बनाया गया है। उसमे स्थानांतरित हुआ है इससे जनता में काफी खुशी है और अच्छा भी है। लेकिन साथ साथ वकीलों मुवक्किल तथा वहां उपस्थित होने वाले पदाधिकारियों तक को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि गेट से भी काफी दूर है और वकीलों के चैंबर से भी कोर्ट रूम दूर ही है। इसलिए मुख्यमंत्री जी को सरकार को निर्देशित करना चाहिए की उच्च न्यायालय में बैटरी गाड़ी का वहां आवागमन निःशुल्क रूप से सरकार के द्वारा होना चाहिए। इससे उपरोक्त लोगों के साथ-साथ कोर्ट स्टाफ को भी काफी सहूलियत होगी। सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस संबंध में अलग से भी पत्र लिखकर बैटरी गाड़ी चलाने की मांग की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला के विभिन्न कार्य विभाग/प्रमंडलों के द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

### कार्यान्वित योजनाओं के प्रगति में तेजी लाने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** दिनांक 28 जून 2023 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला के विभिन्न कार्य विभाग/प्रमंडलों के द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी श्री महेश भगत समेत संबंधित सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहें।इस दौरान ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या एक एवं दो, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, लघु सिंचाई प्रमंडल, पथ प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जिला परिषद, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, एन.आर.ई.पी., पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल (यांत्रिक), विद्युत कार्य प्रमंडल आदि विभागों/प्रमंडल के द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई।इस क्रम में उपायुक्त श्री संदीप सिंह द्वारा परियोजना पदाधिकारी से एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी ली गयी। उन्होंने कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने मौजूद सभी पदाधिकारियों को जिला के सर्वांगीण विकास हेतु आपसी समन्वय एवं तत्परता से सभी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने को कहा।

# भारत में प्रतिभा की कमी नहीं बस उन्हें प्रोत्साहन एवं सम्मान की जरूरत है : नरेंद्र सिंह

➲भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में संपर्क से समर्थन अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव जी के नेतृत्व में आज दिनांक 28 जून 2023 दिन बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह एवं झारखंड के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह का आगमन लोहरदगा हुआ और उन्होंने संपर्क से समर्थन अभियान चलाया। सर्वप्रथम सुबह 9:00 बजे अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी सोमा उरांव और राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी शंकर उराव को बुके एवं शॉल देकर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह ने सम्मानित किया गया। सोमा उरांव से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेफरी कराने का जानकारी ली सोमा उरांव ने बताया फीफा के तरफ से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल रेफरी कराने का मौका मिला। वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट में रेफरी कराने का मौका मिल रहा है और मुझे यह सम्मान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल रेफरी कराने के कारण यह सम्मान मिला है। मैं अपना नैतिक समर्थन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को दे रहा हूं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विश्व स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं और देश उनके नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है हम खिलाड़ियों या खेल जगत से जुड़े हुए लोगों को माननीय प्रधानमंत्री जी से बहुत उम्मीद एवं विश्वास है कि खेल के दुनिया में भी भारत नंबर वन बने। विगत 30 मई 2023 से 30 जून 2023 तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत संपर्क से समर्थन अभियान में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री किशोर कुमार वर्मा एवं कृष्णा महतो उम्र 95 वर्ष जो एक शिक्षक रह चुके हैं उन्हें भी सम्मानित किया गया एवं 90909 02024 नंबर पर डायल करा कर मिस्ड कॉल कराया गया और मैसेज बॉक्स के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को समर्थन भी उन्होंने दिया। इसी क्रम में प्रसिद्ध व्यापारी रवि खत्री जो वर्तमान में महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम एवं वर्कशॉप के मालिक है उन के माध्यम से आज जिले के बहुत सारे किसानों के पास आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए ट्रैक्टर हल एवं खेती के अन्य उपकरणों की उपयोगिता के बारे में बता कर किसानों के बीच प्रदान की है जिस कारण आज किसान खेती के क्षेत्र में लोहरदगा का गौरव बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं एवं सेन्हा के किसान ईश्वर महतो जो आज खेती के मामलों में लोहरदगा जिला में एक मिसाल बन चुके हैं उन्हें भी सम्मानित किया गया उनके आवास में जाकर। लोहरदगा के किसान ईश्वर महतो द्वारा आधुनिक तरीके से किए जा रहे खेती को देखकर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह बहुत प्रभावित हुए उन्होंने उनसे भी खेती की बहुत सारी जानकारियां ली एवं उन्हें भी बुके एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया। लोहरदगा जिला में संपर्क से समर्थन अभियान के तहत भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह ने कहा भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है आज उन्हें प्रोत्साहन एवं सम्मान की जरूरत है जिससे हमारे समाज में प्रतिभावन लोगों को आगे लाने की जरूरत है। यह कार्य भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है और लोगों का नैतिक समर्थन माननीय प्रधानमंत्री जी को प्राप्त हो रहा है आज लोहरदगा में आकर मुझे भी जो सम्मान मिला है वह अविश्वसनीय है मैं हमेशा इसे याद रखूंगा लोहरदगा जिला में एक से एक प्रतिभावन लोग मौजूद है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत संपर्क से समर्थन अभियान में मुख्य रूप से बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, हर्षनाथ महतो, सामेला भगत, राजकुमार वर्मा, बाल कृष्णा सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, अनिल उरांव, विमल कांत सिंह, मीना बाखला, जगनंदन पौराणिक, मनीष शेखर, सजल कुमार, नासिर अंसारी, अमरेश भारती, अखिल भारतवर्षीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो एवं जिलाध्यक्ष पुष्कर महतो, प्रदीप सिंह, दिनेश साहू, सजल कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता नवीन कुमार साहू, रजनीश सिंह, अशोक साहू, राजेश महतो, संजय महतो, कमलेश कुशवाहा, बृजनंदन यादव, मंगल देव यादव, उदय दत्ता शैलेश महतो, देवेंद्र मंडल, जोध नारायण साहू, धर्मेंद्र भगत एवं गोलू महतो आदि शामिल थे।

## माता-पिता सहित जिला टॉपर श्रुति को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में 10वीं जैक बोर्ड परीक्षा की जिला टॉपर श्रुति कुमारी को सम्मानित किया गया। श्रुति का नामांकन महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में हुआ है। बुधवार को महाविद्यालय की वंदना सभा में श्रुति कुमारी और उनके आकाशी भंडरा निवासी माता-पिता क्रमशः रेखा देवी एवं अमरदीप तिवारी को उपहार, प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र भेंट कर लोहरदगा नगर में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमरदीप तिवारी ने कहा कि उनकी पुत्री श्रुति की सफलता का पूरा श्रेय उसकी मेहनत को जाता है। परिश्रम ही सफलता सुनिश्चित करती है और इसका कोई विकल्प नहीं है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय में ना सिर्फ अच्छी शिक्षा दी जाती है बल्कि अच्छे संस्कार भी मिलते हैं। दोनों के मेल से ही हम सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे और राष्ट्र भी मजबूत होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि महाविद्यालय में प्रशिक्षित और मजबूत शैक्षिक टोली आने वाले वर्ष में सफलता के नए मुकाम गढ़ने के उद्देश्य से समर्पित भाव से काम कर रही है। सम्मान के पश्चात महाविद्यालय परिसर में श्रुति और माता-पिता ने आंवले का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## जिला स्तरीय जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला स्तरीय जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 28.06.2023 को समाहरणालय स्थित झारनेट सभाकक्ष में किया गया। इस प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में सभी उपस्थित सदस्यों को सहायक जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर तिग्गा द्वारा जन्म व मृत्यु निबंधन की महत्ता व उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि दिनांक 14.07.2023 से 14.08.2023 तक जन्म व मृत्यु निबंधन हेतु एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें बीते 05 वर्षों में छूटे हुए बच्चों का सर्वे आंगनवाड़ी सेविका द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। यह सूची 15 दिन के अंदर तैयार कर लिया जाना है। इसी प्रकार एएनएम/सहिया द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में बीते 05 वर्षों जन्मे बच्चों व निबंधन से छूटे बच्चों की सूची तैयार की जाएगी। 05 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों की सूची विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। सूची में डुप्लीकेसी की जांच प्रखंडों व जिला स्तरपर की जाएगी। इस अभियान में 100 फीसदी निबंधन का कार्य पूर्ण किया जाना है। कार्यशाला में विभिन्न समयावधि में निबंधन हेतु आवेदन करने पर लगने वाले शुल्क और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गयी। साथ ही जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स के गठन, आयोजित होने वाले बैठकों की जानकारी दी गयी और आवश्यक प्रारूप उपलब्ध कराए गए। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी एमओआईसी, सभी सीडीपीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

## कोलेबिरा के डोमटोली में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने की बैठक

➲ग्रामीणों ने बिजली की समस्याओं से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस्का बुधवार को कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत डोमटोली गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक की बैठक करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिस पर ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को प्रमुखता के साथ रखा ग्रामीण बताएं कि भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से परेशान तो रहे जिसकी वजह से बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाए। गर्मी से लोग परेशान रहे तो वहीं दूसरी और बारिश का महीना शुरू हुआ है और बिजली गुल रहने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सर्पदंश जैसे गंभीर मामले सामने आ रहे हैं इसके बावजूद बिजली विभाग की ओर से सही तरीके से बिजली नहीं दी जा रही है जिसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कत हो रहा है। मौके पर पूर्व मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि बिजली विभाग की हठधर्मिता की वजह से आज लोग परेशान हैं क्षेत्र में लोगों को अनावश्यक बिल भेजना अनावश्यक तरीके से बिजली काटना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी लगातार प्रयास कर रही है क्षेत्र में सभी गांव को विद्युतीकरण से जोड़ा जाए इसके लिए जिन गांव में समस्या है उन गांवों की सूची लेकर विभाग तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है ताकि इसे दूर करें ।साथ ही बिजली से संबंधित सभी समस्याओं को भी दूर की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से अमन खेस, अंकित सुरीन, पंचायत के मुखिया अनीता जड़ीया पूर्व मुखिया शुगड़ जड़ीया, सामूवेल धनवार, विश्राम बागे, प्रकाश बागे, सुबासी डाँग, सेतेंग सोरेंग आदि पंचायत के लोग उपस्थित रहे।

## सिमडेगा में हुआ जन भावना फाउंडेशन के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा में जन भावना फाउंडेशन हत्तह का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया।इस शुभावसर पर मुख्य अतिथि जिला हेड खुशीराम कुमार के रूप में उपस्थित हुए।इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि जन भावना फाउंडेशन का मूल उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधा एवं योजनाओं को पहुँचना।अभी वर्तमान में स्वास्थ्य का लाभ लेने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिकाओं के लिए बालिका समृद्धि योजना के तहत प्रत्येक नाबालिग बच्चीयों को इसका लाभ दिलाना।जिससे कि बाल विवाह रुक सके और हमारी बच्चीयों समृद्ध हो।जन भावना फाउंडेशन का स्लोगन आपका सहयोग, हमारा प्रयास के साथ साथ हर हाथ हुनर, जन जन को रोजगार है।इस फाउंडेशन के अंतर्गत स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट मार्ट, स्मार्ट क्लीनिक, माइक्रो फाइनान्स, नशा मुक्ति योजना, बाल विकास योजना, सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटीशियन ट्रेनिंग, स्वच्छता परियोजना, खेल कूद परियोजना, मछली पालन, मधुमखी पालन,मसरूम प्रशिक्षण, मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेनिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग, स्मार्ट जॉब प्लेसमेंट,कौशल विकास आदि समिलित है।संचालन सुबरदानी लुगुन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बिरसा मांझी ने किया।इस अवसर पर प्रखंड कॉर्डिनेटर बिरसा मांझी-ठेठईटांगर, एनिस केरकेट्टा- केरसई, शिवशंकर सिंह,जूनास डांग-कोलेबिरा,संगीता डुंगडुंग-सिमड़ेगा, गंगाराम मांझी-कुरडेग,अमित हर्षित देवी- बांसजोर, सुबरदानी लुगुन-जलडेगा सहित जिले के विभिन्न पंचायतों से कॉर्डिनेटर उपस्थित थे।

## 29 को आठ बजे ईदगाह में पढ़ी जाएगी ईद उल अजहा की नमाज

➲पहली जमात 07.00 बजे मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे अहसनी, मस्जिदे रशीद में

➲एक दूसरे का ख्याल रखते हुये खुशियों के साथ शान्तिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार : अफसर कुरैशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आगामी 29 जून को नगर क्षेत्र में चार जमातों में पढ़ी जाएगी ईद उल अजहा की नमाज इसकी जानकारी देते हुए अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने बताया कि ईद उल अजहा की पहली जमात 07.00 बजे मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे अहसनी, मस्जिदे रशीद में पढ़ी जाएगी जिसकी इमामत मस्जिदों के ईमाम द्वारा पढ़ाई जाएगी। जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद छोड़ कर बाकी बचे हुए मस्जिदों में 7.30 बजे ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी जाएगी,जिसकी इमामत मस्जिदों के इमाम करेंगे। तीसरी जमात ईदगाह में 8 बजे पढ़ी जाएगी जिसकी इमामत मौलाना कारी समीम रिजवी करेंगे। चौथी और आखिरी जमात जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद में 8.15 पर पढ़ी जाएगी। जामा मस्जिद में हाफिज तसलीम रजा व बेलाल मस्जिद में हाफिज अब्दुल हामिद साहब द्वारा इमामत कराई जाएगी। वहीं अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफ़सर कुरैशी ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि बकरीद का त्योहार खुशियों के साथ शान्तिपूर्ण माहौल में मनाएं,कुर्बानी दें और एक दूसरे का ख्याल रखते ईद उल अजहा का त्योहार मनाएं।

## उपायुक्त ने मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज गुरूवार को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 (एसएसआर-2024) से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। इस मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है लेकिन आगामी वर्ष में लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची में सुधार करने के लिए यह कार्यक्रम राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आप सभी इस कार्यक्रम की सफलता में अपनी भूमिका निभाएं। बैठक में मुख्य रूप से उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी अनुमण्डल पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी गई। एसएसआर-2024 अंतर्गत सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सभी बीएलओ का प्रशिक्षण 01 जून से चलाया जा रहा है जो 20 जुलाई 2023 तक संचालित होगा। दिनांक 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक बीएलओ घर-घर जा मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करेंगी।

## बारिश से गिरा कच्चे मकान की दीवार घरवाले हुए परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लगतार रुक रुक हो रही बारिश से सेन्हा अमन चौक के समीप गरीब परिवार का कच्चा खपरैल मकान गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया दीवार गिरने से किसी तरह का नुकसान नही। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित अमन चौक सेन्हा में दो दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश से गरीब परिवार कलीमुदीन अंसारी का कच्चा खपरैल मकान का दीवार गिर गया। जिससे घरेलू सामान नष्ट होने की बात बताई जा रही है। परंतु घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। बताया जाता है कि कच्चा खपरैल मकान का दीवार में पानी का रिसाव होने के करण कमजोर हो गया था। वहीं पीड़ित परिवार सरकारी सहायता हेतु संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए आर्थिक सहयोग के लिए उम्मीद जता है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि मकान गिरने की सूचना प्राप्त हुआ है। लेकिन पीड़ित परिवार द्वारा आवेदन नही किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा प्राप्त आवेदन के आलोक में जांचोपरांत आपदा राहत कोष से सहायता राशि गरीब परिवार को मुहैया कराया जाएगा।

## कोलेबिरा विधायक का बयान हास्यास्पद : सुजान मुंडा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा बिधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह जलडेगा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने समान नागरिक संहिता( uniform civil code ) पर कोलेबिरा बिद्यायक के बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि समान नागरिक सहिंता पर या तो कोलेबिरा बिद्यायक को जानकारी नही है या वो आदतन जान बूझ कर जनता में भ्रम फैलाना चाहते हैं। समान नागरिक कानून से अभिप्राय कानूनों के वैसे समूह से है जो कि देश के समस्त नागरिक चाहे वह किसी भी क्षेत्र से संबंधित को पर लागू होता है विश्व के अधिकतर आधुनिक देशों में ऐसे कानून लागू अमेरिका आयरलैंड सहित इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान बांग्लादेश मलेशिया तुर्की इंडोनेशिया सूडान जैसे कई देश हैं जिन्होंने समान नागरिकता संहिता लागू कर रखा है।भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का विचार था कि सामान नागरिक सहिंता वांछनीय है, इसे लागू करनी चाहिए। इसीलिए इस पर सब फैलाने के बजाए बिद्यायक जी को क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान पर ध्यान देनी चाहिए।

## स्पेशल मध्यस्थता ड्राइव को लेकर पीएलवी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,श्री राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में 28 जून 2023 को प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार ने जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी के साथ मासिक समीक्षा बैठक की। बैठक में जून माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी जुलाई माह में झालसा द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सुचारू रूप से करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में डालसा सचिव ने कहा कि निर्धारित सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। उन्होंने झालसा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम मन का मिलन पखवाड़ा के सफल आयोजन पर सभी पीएलवी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि झालसा रांची के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर 2023 तक तीन माह का स्पेशल मेडियेशन ड्राइव चलाया जाना है। इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना के बाद मुआवजे के मामले, कुटुंब न्यायालय में लंबित भरण पोषण के मामले, चेक बाउंसिंग के मामले, सुलहनीय अपराधिक मामले, खनिज संपदा के मामले, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, 498, के मामले, बिजली संबंधित मामले, माप-तौल अधिनियम से संबंधित केस,वन अधिनियम से संबंधित मामले एवं अन्य वाद शामिल हैं जिन्हें मध्यस्थता के माध्यम से पक्षकारों को प्रेरित कर निष्पादित कराना है। जिसे लेकर लोगों को जागरूक करते हुए कोर्ट द्वारा जारी नोटिस को पक्षकारों तक पहुंचाना है। डालसा सचिव ने इस अवसर पर शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत भादवि में सुलहनीय वाद की अवधारणा, खनिज संपदा अधिनियम,चेक की विधिक महत्व व चेक बाउंसिंग के मामले, प्राथमिकी के प्रकार, मजिस्ट्रेट कोर्ट में परिवाद संस्थित किये जाने के तरीके, रेवेन्यू कोर्ट एवं उसके कार्यों की जानकारी दी गई। मौके पर नेमहंती मिंज, मंजू खाखा, गौतम लेनिन, रोहित तमेडा, हफीजूल अंसारी, सुनेश्वर उरांव, पुन्नु देवी, दुखिंता मिंज, दिलीप साहू, आशीष वर्मा, सीमा कुमारी, रवि लोहरा, प्रियांशु यादव, जितेंद्र राम, दीपक साहू, अजहर अहमद, शाहिद हुसैन, देवमनी कुमारी, अशोक यादव, अफान खान आदि उपस्थित थे। डालसा सचिव राजेश कुमार ने इस अवसर पर यह भी बतलाया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा के सहयोग से पूरे लोहरदगा जिले के ऐसे 54 विद्यालयों का चयन किया गया है जहां आठवीं कक्षा या उससे ऊपर की कक्षाएं संचालित होती है,वहां पर कैलेंडर के अनुसार न सिर्फ लीगल लिटरेसी क्लासेस का आयोजन होना है बल्कि पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन, वाद-विवाद, क्विज प्रतियोगिताएं कराकर उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाना है। जिसे लेकर पीएलवी के बीच कार्य योजना एवं मंथन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ आज की बैठक संपन्न की गई।

## भोपाल में मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम में भाग लिए भाजपा कार्यकर्ता

**प्रधानमंत्री से संवाद कर विस्तारक के रूप में छत्तीसगढ़ हुए रवाना**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यक्रम मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में भोपाल में हुवा। कार्यक्रम में सिमडेगा जिला के प्रतिनिधिमंडल के रूप में भाजपा कार्यकर्ता रवि गुप्ता नरेंद्र बड़ाईक एवं सुजान मुंडा ने प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र में पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ता जुटे जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया उसके उपरांत सभी कार्यकर्ताओं को राजस्थान मध्य प्रदेश तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किए जहां कार्यकर्ता बूथ में जाकर संगठन मजबूत हेतु कार्य करेंगे। झारखंड भाजपा के 59 कार्यकर्ताओं सहित अलग-अलग राज्यों के कुल 303 कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ में विस्तारक के रूप में कार्य करेंगे एवं प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दिए हुए प्रशिक्षण का लाभ कार्यकर्ताओं को देंगे। भाजपा जिला सो मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रेरक उद्बोधन सुनना एवं बूथ में कार्य करने को लेकर कई अनुभव साझा करना बेहद ही प्रेरणादायक एवं लाभदायक रहा इसका लाभ आने वाले लोकसभा चुनाव एवं पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में संगठन को मिलेगा। जलडेगा सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री से रु ब रु होना एवं उनके द्वारा दिए हुए मार्गदर्शन सुनना काफी लाभदायक रहा, देश के करोड़ों जनता प्रधानमंत्री मोदी जी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं, और प्रधानमंत्री जी की सोच सबको साथ लेकर चलने को है ।ठेठईटांगर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 10 लाख बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ अपने विचार को साझा किया और पुण 2024 में भाजपा की सरकार बनाने का आवाहन किया। मौके पर कार्यकर्ताओं को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने भी संबोधन किया।

# बकरीद आज, साफ सफाई नदारद निगम मौन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बकरीद जैसे महापर्व गुरुवार को समूचे झारखंड सहित देशों में भी मनाया जाएगा। लेकिन झारखंड की राजधानी रांची में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है, जिस कारण से रांची नगर निगम क्षेत्र के कई गली मोहल्ले में जलजमाव हो गया है । साथ ही सड़क नाली निर्माण होने के दौरान जगह-जगह बालू, गिट्टी गिरे पड़े रहने के कारण भी कीचड़ का जमा हो रहा है और लोगों को आने जाने में और सुविधाएं हो रही है। कई जगहों पर साफ-सफाई, कूड़ा , कचरा का अंबार लगा हुआ है। वह दूसरी तरफ कई ऐसे नालियां हैं जिसमें गंदगी बजबजा रही है। इन सब चीजों से नगर निगम को कोई लेना देना नहीं है , क्योंकि नगर निगम के जो पार्षद , मेयर ,डिप्टी मेयर हैं सभी का कार्यकाल 29 अप्रैल 2023 को ही खत्म हो चुका है। ऐसे में नगर निगम प्रशासक की जिम्मेदारी बनती थी , कि वह बकरीद जैसे पर्व में गली ,मोहल्ले में साफ सफाई अभियान चलवा दे, सड़क, नाली, निर्माण जो हो रहा है उसे 2 दिनों के लिए बंद करवा देना चाहिए था, ताकि जगह-जगह बालू ,गिट्टी गिरे पड़े हैं ,वह सब नहीं हो पाता । आवागमन में किसी तरह का कोई दिक्कत नहीं होती , लेकिन नगर प्रशासक आंखें बंद रखे हुए हैं और लोगों को समस्याओं में जुझने के लिए छोड़ दिया है। बता दें कि बकरीद के दिन निगम को सफाई पर ज्यादा ध्यान देना होगा।

**क्या कहते हैं लोग:** वार्ड 11 के बशीर ने कहा कि सड़क नाली



निर्माण होनी अच्छी बात है, इससे गली मोहल्ले अच्छा दिखता है, लेकिन अभी पर्व का समय था, तो 2 दिन काम बंद करवा देना चाहिए था, ऐसे भी नाली निर्माण होने से सीमेंट जो है बरसात के पानी से बह जा रहा है । साफ सफाई तो नदारद है , यह निगम की जिम्मेदारी बनती थी, कि बकरीद का पर्व को देखते हुए साफ सफाई करवा देना चाहिए था। अरशद ने कहा कि बकरीद का पर्व है साफ सफाई होना चाहिए था, जगह-जगह कीचड़ जमा है , नमाज पढ़ने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा । गफूर ने कहा कि मौलाना आजाद कॉलोनी के कई ऐसे गली हैं जहां पर गड्ढे हो गए हैं, सड़कों में और जल जमा हो गया है , आने जमाने में तो दिक्कत हो रही है, नमाजियों को बकरीद के दिन और दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

इब्राहिम ने कहा कि मौलाना आजाद कॉलोनी बड़ा इलाका है और ऐसे में यहां पर बकरीद पर में काफी भीड़ होती है । बरसात होने से थोड़ा सा जलजमाव हो गया, कई जगहों पर कीचड़ भी हो गया, जिससे दिक्कतें हो रही है । जगह-जगह पर कचरा भी देखने को मिल रहा है , तो नगर निगम को चाहिए कि साफ सफाई करा देना चाहिए था।

**सुपरवाइजर को साफ सफाई के लिए दिशा निर्देश दे दिया गया है : अपर नगर प्रशासक:** अपर नगर प्रशासक कुंवर पहन ने कहा सभी वार्ड के सुपरवाइजर को साफ सफाई के लिए दिशा निर्देश दे दिया गया है । जहां तक सड़क, नाली निर्माण को लेकर बरसात के दिनों में समस्या हो रही है । इसको लेकर भी हम लोग ठेकेदार को बोलते हैं, बरसात के दिन में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, उसको देखते हुए आगे का काम करें।

# समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठते ही सियासी गलियारों में आया भूचाल

**रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में समान नागरिक संहिता का मुद्दा जैसे ही उठाया, देश की राजनीति में भूचाल आ गया. इस मुद्दे को लेकर पीएम के बयान के कुछ ही घंटों बाद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने ऑनलाइन इमरजेंसी बैठक की.इसमें समान नागरिक संहिता के विरोध का फैसला लिया गया.साथ ही कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों ने भी एक स्वर से पीएम के बयान की आलोचना की. ये सभी समान नागरिक संहिता का विरोध कर रहे हैं. यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बार-बार कहने के वावजूद समान नागरिक संहिता कानून का रूप नहीं ले पाया है. जबकि आजादी के बाद से ही समान नागरिक संहिता की मांग होती रही है. लेकिन धार्मिक संगठनों का विरोध और राजनीतिक सहमति न बन पाने के कारण अब तक ऐसा नहीं हो सका है.अगर यह कानून का रूप लेगा तो हिंदू, बौद्ध, सिख,जैनी,मुसलमान, इसाई और पारसी का सभी वर्तमान कानून निरस्त हो जाएंगे. देशभर में सभी धर्मो के लिए विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने और संपत्ति के बंटवारे जैसे विषयों में सभी नागरिकों के लिए एक जैसे नियम होंगे.

## समान नागरिक संहिता पर क्या बोले पीएम मोदी ?

भोपाल में भाजपा का 27 मई को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने एक बूथ कार्यकर्ता के सवाल के जवाब में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने की पुरजोर वकालत की. उन्होंने कहा कि परिवार में एक सदस्य के लिए अलग नियम और दूसरे के लिए दूसरा नियम नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर कुछ लोग मुसलमानों को भटकाने का काम कर रहे हैं. संविधान में ही समान अधिकारों की बात कही गई है. सुप्रीम कोर्ट भी बार बार समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने के लिए सरकार से पूछ रहा है. एक देश की तरक्की के लिए सभी के लिए समान कानून जरूरी है.

## ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड ने समान नागरिक संहिता का किया विरोध

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड का कहना है कि हम लगातार इसका विरोध कर रहे हैं.सरकार यह मसौदा न लाए तो ज्यादा बेहतर होगा. मुल्क की खूबसूरती इसीलिए है, क्योंकि यहां सब एक साथ रहते हैं. मैं इसका विरोध करूंगा. यूनिफॉर्म सिविल कोड आने से सिर्फ मुसलमानों को नहीं बल्कि अन्य धर्म के लोगों को भी नुकसान है. हम लगातार इसके विरोध में हैं. हुकूमत को मुल्क के सामने जो मसले हैं, उन पर ध्यान देना चाहिए ना कि ऐसे कानून को लाना चाहिए, जिससे लोगों में बेचैनी पैदा हो. संविधान ने हमें अपने धर्म पर अमल करने की छूट दी है. मुस्लिम पर्सनल बोर्ड ने इस कानून का पूरी तरह से विरोध करने का मन बना लिया है. बैठक में विधि आयोग के सामने अपनी दलील को जोरदार ढंग से उठाने का निर्णय लिया गया.

## कई राजनीतिक दलों ने भी किया विरोध

कई राजनीतिक दलों ने भी समान नागरिक संहिता पर गहरा एतराज जताया है.कांग्रेस ने कहा कि पीएम मोदी को पहले देश में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी और मणिपुर हिंसा के बारे में जवाब देना चाहिए. समान नागरिक संहिता पर उनका बयान इन मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है.डीएमके का कहना है कि समान नागरिक संहिता सबसे पहले हिंदू धर्म में लागू की जानी चाहिए. टीएमसी ने कहा कि पीएम मोदी नौकरी देने का वादा नहीं कर पा रहे तो ऐसा कर रहे हैं.आरजेडी का कहना है कि पीएम मोदी आजकल थोड़ा बेचैन हैं. ये बेहद जरूरी है कि पीएम को यूनिफॉर्म सिविल कोड पर विधि आयोग की रिपोर्ट पढ़नी चाहिए.जेडीयू ने बीजेपी पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया.यूसीसी पर सभी लोगों को विश्वास में लेने की जरूरत है.एआईएमआईएम ने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री भारत की विविधता और इसके बहुलवाद को एक समस्या मानते हैं. इसलिए, वह ऐसी बातें कहते हैं.

## आदिवासी संगठनों को भी एतराज

देश में 30 से अधिक आदिवासी संगठनों ने भी यूसीसी का विरोध जताते हुए आशंका जताई है कि इससे उनके प्रथागत कानून कमजोर हो जाएगा. दो आदिवासी कानून, छोटा नागपुर टेनेंसी एक्ट और संथाल परगना टेनेंसी एक्ट यूसीसी के कारण प्रभावित हो सकते हैं. ये दोनों कानून आदिवासी भूमि की रक्षा करते हैं.

## क्या है समान नागरिक संहिता

समान नागरिक संहिता का मतलब है, भारत में रहने वाले हर नागरिक के लिए एक समान कानून होना. चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का क्यों न हो. यानी हर धर्म, जाति, लिंग के लिए एक जैसा कानून. अगर सिविल कोड लागू होता है तो विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेना और संपत्ति के बंटवारे जैसे विषयों में सभी नागरिकों के लिए एक जैसे नियम होंगे.

## भारतीय संविधान का हिस्सा है समान नागरिक संहिता

समान नागरिक संहिता भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 का हिस्सा है. संविधान में इसे नीति निदेशक तत्व में शामिल किया गया है. संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करना सरकार का दायित्व है. अनुच्छेद 44 उत्तराधिकार, संपत्ति अधिकार, शादी, तलाक और बच्चे की कस्टडी के बारे में समान कानून की अवधारणा पर आधारित है.

## समान नागरिक संहिता को सुप्रीम कोर्ट ने बताया है संवैधानिक जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में समान नागरिक संहिता लागू करने को कहा है. 1985 में शाहबानो के मामले में फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संसद को एक समान नागरिक संहिता की रूपरेखा बनानी चाहिए, क्योंकि ये एक ऐसा साधन है जिससे कानून के समक्ष समान सद्भाव और समानता की सुविधा देता है. सुप्रीम कोर्ट ने कई अन्य फैसलों में भी कह चुका है कि समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक जरूरत है.

## चलते चलते एक नजर

### डियर पार्क की मान्यता रद्द



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हौज खास स्थित एएन झा डियर पार्क की मान्यता रद्द कर दी है। डियर पार्क के सारे जानवरों को स्थानांतरित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार डीडीए के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इस भूमि का उपयोग हरित संरक्षित वन के रूप में किया जाएगा। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने अपनी बैठक में कई सालों से चले आ रहे डियर पार्क को बंद करने का फैसला लेते हुए इसे हरित संरक्षित क्षेत्र के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। डियर पार्क के तकरीबन 600 से अधिक हिरणों को असोला भाटी माइंस, राजस्थान और हरियाणा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया है।प्राधिकरण के अनुसार डियर पार्क की मान्यता अगस्त 2021 तक वैध थी, और मान्यता के नवीनीकरण के लिए डीडीए से सितंबर 2021 में एक आवेदन प्राप्त हुआ था। मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण ने अप्रैल 2022 में चिड़ियाघर का मूल्यांकन करने के लिए एक अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की थी। पार्क का सभी पहलुओं का मूल्यांकन सितंबर 2022 में किया गया । शिफारिशों के आधार पर प्राधिकरण ने पार्क की मान्यता रद्द करते हुए पार्क के सारे जानवरों को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

### सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड रैंकिंग में उत्तराखंड प्रथम

**देहरादून।** क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) में उत्तराखंड पुलिस को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की मई 2023 की पर्वतीय राज्यों की मासिक रैंकिंग में प्रथम स्थान और पूरे देश की राज्य पुलिस में तीसरा स्थान मिला है।पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने कहा कि इस उपलब्धि के लिए पूरी सीसीटीएनएस टीम को बधाई दी है।उत्तराखंड पुलिस ने विभिन्न मापदंडों में पूर्ण अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वर्तमान में जारी की गई रैंकिंग में उत्तराखंड 97.44 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हिमाचल प्रदेश 96.15 प्रतिशत के साथ दूसरे, अरुणाचल प्रदेश 90.67, मिजोरम 88.06 और त्रिपुरा 76.77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहा।

# सीएम से मिले अमेरिका के एफिसीएन्स सिस्टम के सीईओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज अमेरिका के एफिसीएन्स सिस्टम के सीईओ संजीव कुमार रामू और शिवनाथ ने औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन, हेल्थ केयर और स्मार्ट सिटी समेत कई और सेक्टर में डिजिटली काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि झारखंड के विकास के लिए आपका जो विजन है , उसके अनुरूप हमारी कंपनी राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने को इच्छुक है। राज्य सरकार को इन सभी सेक्टर्स के तकनीक और डिजिटल क्षेत्र में जो भी सहयोग चाहिए, उसे हमारी कंपनी प्रोवाइड कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए हेल्थ सेक्टर को बेहतर करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है । इसी कड़ी में सरकार ने एक योजना बनाई है, जिसमें जिलों के अस्पतालों को सभी आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ अन्य अस्पताल भी टेलीमेडिसिन के माध्यम से जुड़े रहेंगे। ताकि, मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े और बेहतर अस्पतालों की तरह अपने ही राज्य में उच्च कोटि का चिकित्सीय इलाज और संसाधन उपलब्ध कराया जा सके । उन्होंने यह भी कहा कि ओला और उबर की तर्ज पर झारखंड में भी सरकार एंबुलेंस सिस्टम को मजबूत करने की योजना बनाई है, ताकि मरीजों को निकट के अस्पतालों में भर्ती कराने में किसी प्रकार का कोई विलंब या परेशानी नहीं हो । मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि इस क्षेत्र में अगर आप डिजिटली सहयोग करना चाहेंगे तो सरकार आवश्यक पहल करेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे भी मौजूद थे।

# ताइवान ने कही भारत से मजबूत रिश्तों की बात

**एजेंसी**

**ताइपे सिटी।** चीन से चल रहे विवाद के बीच ताइवान ने भारत से मजबूत रिश्तों की बात कही है। ताइवान के विदेश मंत्री जौशीह जोसेफ वू ने कहा है कि मुक्त व्यापार समझौते से ताइवानी कंपनियों को भारत में विनिर्माण के आधार पर उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा कि ताइवान अब अपनी उन कंपनियों को प्रोत्साहित कर रहा है जिनको चीन का बाजार लाभदायक नहीं लगता है। ताइवान ने ऐसी कंपनियों से कहा है कि उन्हें उत्पादन सुविधाओं के लिए अपना कारोबार भारत में स्थानांतरित करना चाहिए। वू ने कहा कि भारत तेजी से उभरती हुई शक्ति है और तेजी से आर्थिक विकास की तरफ बढ़ रहा है। भारत और ताइवान के बीच मुक्त व्यापार समझौता व्यापक व्यापार और निवेश संबंधों की बाधाओं को दूर करेगा। इससे ताइवान की कंपनियों को विभिन्न उपकरणों और कच्चे माल के लिए ज्यादा शुल्क का भुगतान किए बिना विनिर्माण केंद्र स्थापित करने में मदद मिलेगी। ताइवान के विदेश मंत्री ने कहा कि ताइवान और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू करने का समय आ गया है। दोनों पक्ष पहले ही समझौते के लिए प्रारंभिक चर्चा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारे व्यापार संबंध गति पकड़ रहे हैं। ताइवान के निवेशक भारत में निवेश करने के लिए बेताब हैं और ताइवान-भारत के बीच सेमीकंडक्टर सहयोग को दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक उभरती हुई शक्ति है, यह तेजी से बढ़ रहा है। वहां के लोगों की मेहनत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारत के पास भविष्य के लिए अपनी आर्थिक ताकत है और भारत बहुत शक्तिशाली होने जा रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल एओ ने बुधवार को उपराष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह ट्वीट किया की भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल ने आज उपराष्ट्रपति



निवास में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल एओ ने ट्वीट किया की भारत के उपराष्ट्रपति और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल दोनों के रूप में, आप अतुल्य भारत को बेहतर ढंग से समझने में मेरी मदद करने के लिए अपने समय और विचारों के प्रति उदार रहे हैं। धन्यवाद जगदीप धनखड़ जी।

# राजभवन से खनन पदाधिकारी पर विभागीय कार्रवाई का संकल्प जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** खान निरीक्षक एवं पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के प्रभारी खनन पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा के विरुद्ध विभागीय जांच और कार्रवाई होगी। इसे लेकर राजभवन ने संकल्प जारी कर दिया है।

इसके लिए राजभवन ने खान निदेशालय के सेवानिवृत अवर खान सचिव विनोद कुमार शर्मा को अधिकृत किया है। इन्हें आदेश दिया गया है कि आदेश निर्गत होने की तिथि से 15 दिनों के अंदर जांच के लिए संचालन पदाधिकारी को



लिखित बचाव बयान उपलब्ध कराते हुए उसकी प्रति विभाग को उपलब्ध कराएं। प्रभारी खनन पदाधिकारी संजय कुमार शर्मा पर पूर्वी सिंहभूम जिले के हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा सुरदा कॉपर खनन पट्टा के संविदा के निष्पादन समय पर नहीं कराने और खनन पट्टा संविदा का निष्पादन लंबित रहने पर भी खनिज उत्पादन की अवैध अनुमति प्रदान करने का आरोप है। राजभवन ने शर्मा पर लगे आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया है।

अब शर्मा पर झारखंड सरकारी सेवक नियमावली, 2016 के नियम-17(2), (5) के तहत कार्रवाई होगी।

# पर्यावरणविद व जिला पार्षद ने प्रमंडलीय आयुक्त से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनके छोटे पुत्र सह छतरपुर के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद श्री कौशल ने आयुक्त को सिंगापुर का फिडल लिफ्ट बेडरूम का प्रदूषण मुक्त प्लांट का पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया।

श्री कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाए जा रहे अभियान और अभी सिंगापुर और मलेशिया में पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पुत्र अमित कुमार जायसवाल लगातार दो बार ग्राम पंचायत डाली बाजार से मुखिया और इस बार छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद का दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने आयुक्त को वन राखी मूवमेंट के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारियां देते हुए यह भी बताया कि उन्होंने अपने पैतृक गांव जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार में पार्क और जैविक उद्यान विकसित किया है। जिसमें देश व विदेश के करीब दो सौ प्रजातियों से ऊपर पौधे लगाए गए है।

पर्यावरणविद ने यह भी बताया कि उक्त जैविक उद्यान में विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मन्दिर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने प्रमंडलीय आयुक्त से उक्त पार्क, जैविक उद्यान और पर्यावरण मन्दिर का अवलोकन करने का नेवता दिया। श्री कौशल किशोर ने बताया कि इस औपचारिक मुलाकात के दौरान आयुक्त ने अपने सहमति प्रदान करते हुए उक्त पार्क, जैविक उद्यान और पर्यावरण मन्दिर का अवलोकन करने की इच्छा जताई है।

# पीएलएफआई के तीन सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार

**रांची :** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने पीएलएफआई के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सदस्यों में आकाश सिंह उर्फ एलेक्स, बिनय तिग्गा और अजय नायक शामिल है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, पांच गोली, एक बाइक और एक कार बरामद किया गया है। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के तीन सदस्य पैसा लेकर जबरन जमीन पर अवैध कब्जा दिलवाने और जमीन का खरीद बिक्री करने वालों से पीएलएफआई के नाम धमकी देकर वसूली कर रहे हैं। सूचना के बाद सुखदेवनगर थाना प्रभारी विनोद कुमार और एसएसपी क्यूआरटी टीम उक्त स्थान पर पहुंची और छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग पीएलएफआई के सदस्य है। तीनों लेवी, रंगदारी, अवैध रुप से जमीन पर कब्जा करने की बात स्वीकार की है।

# टाना भगतों को जेल और मुकदमा दुर्भाग्यपूर्ण : शिवाजी राव मोघे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे ने कहा है कि पिछले 100 साल में दुनिया के सबसे लोकप्रिय व्यक्ति महात्मा गांधी के विचारों से सबसे ज्यादा प्रभावित और उसी के अनुरूप अपने जीवन को ढाल लेनेवाले उनके सच्चे अनुयायी टाना भगतों के साथ लातेहार में पुलिस कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है। मोघे ने कहा कि पुलिस ने असंगत रूप से गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमें में 38 टाना भगतों को झारखण्ड के विभिन्न जेल में भेजने की कार्रवाई के आठ महीने बाद भी अबतक टाना भगतों का अपने न्यायपूर्ण मांगों के लिये आंदोलन करते रहना अफसोस की बात है। मोरहाबादी में बापू वाटिका में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष आयोजित टाना भगतों की सत्याग्रह रैली में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में मोघे ने कहा कि



यदि लोकतंत्र बचेगा तभी देश बचेगा और देश के सभी लोग भी बचेंगे। उन्होंने कहा कि, स्वतंत्र भारत में इस तरह की संवेदनहीनता को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखण्ड सरकार में उनकी भी सहभागिता है और सरकार का एकमात्र उद्देश्य सभी के प्रति समानता का व्यवहार करते हुए झारखण्ड के सभी लोगों का विकास है , लेकिन लातेहार की घटना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही सरकार पर भी एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा रही है। ठाकुर ने विश्वास व्यक्त किया कि इस मामले में शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लिया जायेगा।

रैली में अनुपस्थित कांग्रेस के झारखण्ड प्रभारी अविनाश पाण्डेय द्वारा भेजे गये संदेश को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने पढ़कर सुनाया। इसके बाद 500 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया जो पूरी तरीके से असंगत है। तिर्की ने कहा कि इस मामले में 200 टाना भगतों को नामजद किया गया है जबकि 38 टाना भगतों को झारखण्ड के विभिन्न जेलों में डाल दिया गया। जिनका देश के स्वतंत्रता संग्राम, विशेष रूप से असहयोग आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान है। रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू , पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखदेव भगत, मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो सहित रैली को जतरा टाना भगत के वंशज बिशवा टाना भगत, मंत्री टाना भगत, लातेहार, टाना भगत आंदोलन के अध्यक्ष परमेश्वर टाना भगत, चतरा के बीगल टाना भगत, भुवल टाना भगत, मंगरा टाना भगत, खूंटी के धुंधी टाना भगत, गोबरा टाना भगत, एतवा टाना भगत, शुका टाना भगत आदि ने भी सम्बोधित किया।